# देशबन्धु

जबलपुर, सोमवार 18 सितंबर 2023 । वर्ष – 67 । अंक – 310 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 3.00 रु.




शहीद राजा शंकर शाह, रघुनाथ शाह बलिदान दिवस आज


■ विपक्षी एकता को...
■ नफरत के खिलाफ... 04
■ भारतीय छात्रा की मौत पर हंसी अमेरिकी पुलिस..
■ ब्रिटेन ने बढ़ा दी वीजा फीस, भारतीय ... 09
■ बथुआ की खेती और उससे लाभ
■ खेती की पैदावार बढ़ाएं कम्पोस्ट खाद से 11
■ युवा शूटिंग सितारे ...
■ स्वर्ण पदक हॉकी... 10


# भारत ने एशिया कप फाइनल में श्रीलंका को 10 विकेट से रौंदा



# 5 साल का इंतजार खत्म, एशिया चैंपियन बना भारत

**नई दिल्ली।** एशिया कप 2023 के फाइनल में टीम इंडिया ने श्रीलंका को 10 विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही 5 साल का इंतजार खत्म हुआ। टीम इंडिया 2018 के बाद पहली बार मल्टी नेशन ट्रॉफी जीती।

रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया दूसरी बार एशिया कप का खिताब जीती। 2018 एशिया कप में रोहित शर्मा टीम के कप्तान थे। टीम इंडिया 8वीं बार एशिया कप का खिताब जीती। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी और यह फैसला काफी खराब साबित हुआ। श्रीलंका की टीम



## मोहम्मद सिराज ने 6 विकेट लिये

## 15 ओवर में 50 रन ही बना सकी टीम श्रीलंका

15.2 ओवर में 50 रन पर सिमट गई। टीम इंडिया ने 51 रन के टारगेट को 6.1 ओवर में हासिल कर लिया। इशान किशन 18 गेंद पर 23 और शुभमन गिल 19 गेंद पर 27 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले मोहम्मद सिराज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट लिए।

श्रीलंका की खराब गेंदबाजी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 5 बल्लेबाज खाता नहीं खोल पाए।

(विस्तृत खबर खेल पृष्ठ पर)

## शंकर शाह, रघुनाथा शाह बलिदान दिवस पर जबलपुर में कार्यक्रम

### शिवराज होंगे मुख्य अतिथि



**जबलपुर देशबन्धु।** सन् 1857 की क्रांति में शहीद राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर आज 18 सितंबर को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में दोपहर 1.00 बजे वेटनरी ग्राउंड जबलपुर में भव्य बलिदान कार्यक्रम आयोजित है।

## शिवराज ने 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास' योजना का शुभारंभ किया

# हमारी कोशिश सबका अपना पक्का मकान हो : मुख्यमंत्री

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्रीशिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना का शुभारंभ किया। विभिन्न आवास योजनाओं में आवास सुविधा का लाभ मिलने से छूटे परिवारों को इस योजना में आवास उपलब्ध कराया जाएगा।

कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने योजना का शुभारंभ कर भोपाल की ममता चौहान और दीपक बंसल के आवेदनों का पोर्टल पर पंजीयन कराकर योजना की पंजीयन प्रक्रिया का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 15 सितम्बर को आरंभ की गई गैस सिलेंडर रिफिलिंग योजना में शर्मिला बाई

### प्रधानमंत्री को दीं जन्म दिन की शुभकामनाएं

और संगीता सोलंकी का पंजीयन भी कराया। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसौदिया, विधायक विष्णु खत्री, अपर मुख्य सचिव मलय श्रीवास्तव तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को जन्म दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे स्वस्थ – प्रसन्न रहकर देश का नेतृत्व करें, दुनिया को रास्ता दिखाएं और उनका यश निरंतर बढ़ता रहें, यही कामना है।

**गरीब बहन-बेटियों के दुख-दर्द दूर करना सर्वोच्च प्राथमिकता-** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज एक नई क्रांति का शुभारंभ हो रहा है। मेरा >>शेष पृष्ठ 2 पर



## ईडी ने हेमंत सोरेन को चौथा समन भेजा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 23 सितंबर को जमीन हड़पने के मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच में शामिल होने के लिए एक नया समन भेजा है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। सोरेन को जारी किया गया यह चौथा समन था।


**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।






**चूहा-सुनती हो**-राहुल कह रहे हैं कि कांग्रेस नेता कार्यकर्ता ध्यान भटकाने वाले मुद्दों में न उलझे, जनता के मुद्दे उठायें

**चुहिया- हां प्रिये**- नसीहत ठीक है लेकिन 'फूल छाप' कांग्रेसियों का क्या किया जाये।

# जन्म दिन पर मोदी ने की 'पीएम विश्वकर्मा' योजना की शुरुआत

## कहा- यह देश के कारीगरों को समर्पित



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जन्मदिन और विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की है। साथ ही पीएम मोदी ने इससे पहले इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर 'यशोभूमि'के पहले चरण को राष्ट्र को समर्पित किया और दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन पर द्वारका सेक्टर 21 से सेक्टर 25 तक के विस्तार का भी उद्घाटन किया।

'पीएम विश्वकर्मा' योजना का उद्देश्य न केवल देशभर के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के कारीगरों और शिल्पकारों को आर्थिक रूप से समर्थन देना है, बल्कि स्थानीय उत्पादों, कला और शिल्प के माध्यम से सदियों पुरानी परंपरा, संस्कृति तथा विविध विरासत को जीवित और समृद्ध रखना भी है। पीएम विश्वकर्मा योजना में 18 पारंपरिक शिल्प-कलाओं को शामिल किया गया है। केंद्र सरकार ने पीएम विश्वकर्मा योजना को शुरू करने की घोषणा >>शेष पृष्ठ 2 पर

## हैदराबाद में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में खड़गे का आव्हान

# 'देश में बदलाव का दौर, आराम से बैठने का समय नहीं'

### महिला आरक्षण की मांग को लेकर प्रस्ताव पारित

**हैदराबाद, एजेंसी।** हैदराबाद में चल रही कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में रविवार को पार्टी ने महिला आरक्षण विधेयक को लोकसभा से पारित कराने की मांग की। पार्टी ने शनिवार को कार्य समिति की बैठक में बकायदा इस मुद्दे पर एक प्रस्ताव भी पारित किया था।



बैठक में नेताओं ने सरकार से मांग की कि संसद के विशेष सत्र में ही इसे पास कराया जाए। महिला आरक्षण विधेयक राज्य सभा में पहले ही पारित हो चुका है।

## राहुल बोले- 'ध्यान भटकाने' वाले जाल में न फंसे जनता के मुद्दे उठाएं

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को बैठक में पार्टी नेताओं से अनुशासन एवं एकजुटता का आह्वान किया। उन्होंने नेताओं से कहा कि वे अपने व्यक्तिगत मतभेदों को दूर रखकर कांग्रेस की सफलता को प्राथमिकता दें और ऐसा कुछ नहीं करें, जिससे पार्टी को नुकसान हो। उन्होंने कहा कि देश में बदलाव के संकेत हैं और कर्नाटक एवं हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव के नतीजे इस बात के प्रमाण हैं। उन्होंने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के मुद्दे को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा और कहा कि उसने अपने एजेंडे को पूरा करने के लिए इस विषय पर समिति बनाई, जिसकी अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को सौंप दी। उन्होंने विस्तारित कार्य समिति की बैठक में कहा, ''यह आराम से बैठने का समय नहीं है। दिन-रात मेहनत करनी होगी। उधर राहुल ने कहा कि- ध्यान भटकाने वाले जाल में कार्यकर्ता न फंसे और जनता से जुड़े मुद्दे उठायें ।

# गोंड शासकों को इतिहास में वह स्थान नहीं मिला जिसके वे हकदार थे

**जबलपुर, देशबन्धु।** राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह ऐसे गोंड शासक थे जिन्होनें देश, धर्म और संस्कृति की रक्षा करते हुये अपने प्राणों का बलिदान कर दिया, लेकिन अंग्रेजों के सामने सिर नहीं झुकाया। खेद का विषय है कि उन जैसे गोंडशासकों और स्वतंत्रता संग्राम के नायकों को इतिहासकारों ने किताबों में वह स्थान नहीं दिया जिसके कि वे हकदार थे।

इस आशय के विचार मुख्यमंत्री कार्यालय के अतिरिक्त सचिव लक्ष्मण सिंह मरकाम ने आज यहां रानी दुर्गावती सेवा स्मृति न्यास द्वारा 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के नायक और गोंडवाना साम्राज्य के अंतिम शासक राजा शंकर शाह एवं उनके सुपुत्र कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित हुतात्मा व्याख्यानमाला में मुख्य वक्ता के रूप में व्यक्त किये। पद्मश्री से सम्मानित अर्जुन सिंह धुर्वे के मुख्य अतिथ्य में आयोजित इस व्याख्यानमाला के विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रदीप दुबे थे। व्याख्यान माला की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष आसाडूलाल उइके ने की।

अपने सारगर्भित व्याख्यान में लक्ष्मण सिंह मरकाम ने कहा कि-राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह के आजादी में योगदान और बलिदान को समझने के लिये भारत के इतिहास की व्यापक पृष्ठभूमि को जानना जरूरी





है। राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह ने 1857 के पहले सन् 1842 और 1818 में भी अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह में शामिल हुये थे। लेकिन इसे भी इतिहास लेखन में स्थान नहीं दिया गया। उन्होनें गोंडवाना साम्राज्य के वैभव और विस्तार का उल्लेख >>शेष पृष्ठ 2 पर


**A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL**

Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319

An English Medium Co-educational School



ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)

Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
**मोतियाबिंद ऑपरेशन**
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ।पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलिटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर


**अभ्यारण्य** — कूनों में चीतों की मौत का मामला

# भारत में मोटी चमड़ी बनी चीतों की मौत की असली वजह

**नई दिल्ली।** बीते दिनों अफ्रीका महाद्वीप से भारत लाए गए चीतों में से कुछ की मौत के मामले को लेकर काफी हंगामा हुआ था। लेकिन अब इस पर राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के सदस्य सचिव एसपी यादव का बेहद महत्त्वपूर्ण बयान सामने आया है। जिसमें उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में हुई तीन चीतों की मौत उन्हें पहनाए गए रेडियो कालर की वजह से नहीं बल्कि चीतों की मोटी चमड़ी में हुए गंभीर संक्रमण की वजह से हुई थी।

इसे देखते हुए अब भारत की योजना अफ्रीका से ऐसे चीतों का आयात करने की है, जिनकी चमड़ी मोटी न हो। उन्होंने कहा कि परियोजना के दूसरे वर्ष में हमारा पूरा ध्यान चीतों के प्रजनन पर दिया जाएगा। इसके अलावा चीतों की अगली खेप की बात करें तो वह अगले साल 2024 में देश पहुंचेगी। एसपी यादव ने यह जानकारी शनिवार को दी।

उन्होंने बताया कि दक्षिण अफ्रीका ने चीतों के पुनरुत्पादन में विशेषज्ञता प्राप्त करने से पहले के 20 वर्षों में 9 असफल प्रयासों और 200 से अधिक चीतों की



मौत को देखा है। अफ्रीका से कूनो पहुंचे 20 में से 6 चीतों की अब तक मौत हो चुकी है और अब वहां 14 चीते ही जीवित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 17 सितंबर को नामीबिया से लाए गए चीतों के एक समूह को कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़कर भारत में चीता परियोजना की शुरुआत की थी।

**मध्य प्रदेश के दो अभयारण्यों में रहेंगे चीते**

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण प्रमुख ने कहा कि चीता कार्रवाई योजना के तहत कूनो राष्ट्रीय उद्यान में केवल 20 चीतों को रखने की क्षमता है। इसलिए अब दक्षिण अफ्रीका से आने वाली चीतों को मध्य प्रदेश के दो अन्य अभयारण्यों में रखने की योजना है। इसमें गांधीसागर और नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य शामिल हैं। यादव ने कहा कि गांधीसागर में चीतों को रखने की तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। मुझे उम्मीद है कि नवंबर और दिसंबर के अंत तक यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। जिसके बाद हमें इस संबंध में रपट मिलेगी और फिर हम साइट पर जाएंगे। वहां तैयारियों का व्यापक रूप से मूल्यांकन किया जाएगा और फिर दिसंबर के बाद चीतों की दूसरी खेप को >>शेष पृष्ठ 2 पर

# देश-विदेश

## ब्राजील के अमेजन राज्य में बड़ा विमान हादसा, सभी 14 सवार लोगों की मौत

**अमेजन।** ब्राजील में एक विमान दुर्घटना में चालक दल सहित 14 लोगों की मौत हो गई. सीएनएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक विमान अमेजन के भीतर इलाके में क्रैश कर गया. सीएनएन ने बार्सिलोस के मेयर के हवाले से बताया कि सभी मृतकों को रविवार को मनौस शहर ले जाया जाएगा. बार्सिलोस के मेयर एडसन डी पाउला रोड्रिग्स मेंडेसने बताया कि ब्रासीलिया, साओ पाउलो और मिनस गैरेस की पीड़ितों की पहचान की जा चुकी है. अमेजन के गवर्नर विल्सन लिमा ने एक्स पर इस घटना को लेकर संवेदना जताई है. उन्होंने लिखा, मुझे इस शनिवार को बार्सिलोस में हुई विमान दुर्घटना के शिकार 12 यात्रियों और चालक दल के दो सदस्यों की मौत पर गहरा अफसोस है।

### विशेष सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक

# विपक्षी पार्टियों ने उठाया महिला आरक्षण विधेयक का मुद्दा

## महंगाई, बेरोजगारी, सामाजिक संघर्ष और मणिपुर की स्थिति जैसे मुद्दे उठाएगी कांग्रेस

**नई दिल्ली,( देशबन्धु )।** संसद के विशेष सत्र से एक दिन पहले रविवार को सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। इस दौरान बीजू जनता दल (बीजद) और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) समेत कई क्षेत्रीय दलों ने महिला आरक्षण विधेयक को संसद में पेश करने पर जोर दिया। सर्वदलीय बैठक में शामिल होने संसद भवन परिसर पहुंचे कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि उनकी पार्टी सर्वदलीय बैठक के दौरान महंगाई, बेरोजगारी, सामाजिक संघर्ष और मणिपुर की स्थिति जैसे मुद्दे उठाएगी।

**बैठक में 34 दल के 51 नेताओं ने हिस्सा लिया**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, लोकसभा में सदन के उपनेता एवं केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, राज्यसभा में सदन के नेता और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बैठक में सरकार का प्रतिनिधित्व किया। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने जानकारी दी कि सर्वदलीय बैठक में 34 दल के 51 नेताओं ने इसमें हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि एजेंडा में चार बिल लिस्टेड है। उन्होंने कहा कि कई दलों ने अपनी बात रखी है, लेकिन सरकार अपने एजेंडे पर काम करती है।

**ये विपक्षी नेता हुए शामिल-** कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, पूर्व प्रधानमंत्री और जद (एस) नेता एच.डी. देवेगौड़ा, द्रमुक सांसद कनिमोझी, तेदेपा के राम मोहन नायडू, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओब्रायन, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, बीजद के सस्मित पात्रा, बीआरएस नेता के. केशव राव, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के वी. विजयसाई रेड्डी, राजद के मनोज झा, जदयू के अनिल हेगड़े और समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव ने बैठक में हिस्सा लिया।

# अनंतनाग में आतंकियों का सफाया करने उतरा हेरॉन मार्क-2, ढूंढने के बाद कर देता है ढेर

**अनंतनाग।** अनंतनाग में कोकेरनाग के जंगलों में छठे दिन भी एनकाउंटर जारी है। यहां कम से कम दो आतंकियों के छिपे होने की संभावना है। आतंकियों की तलाशी अभियान में सेना के स्पेशलाइज्ड दस्ते को उतारा गया है। इसके अलावा लैटेस्ट हेरॉन मार्क- 2 ड्रोन को भी आतंकियों के सफाए के लिए उतार दिया गया है।

जंगलों में रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। वहीं सेना का ड्रोन उपर से बम बरसा रहा है। बता दें कि इन जंगलों की गुफाओं में आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। शनिवार को सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को ढेर कर दिया था।

**जमीन से लेकर आसमान तक अभियान-** सेना किसी भी कीमत पर इन आतंकियों का खात्मा करना चाहती है। इसीलिए जमीन से लेकर आसमान तक अभियान चलाया गया है। बता दें कि कोकरनाग का यह जंगली इलाका काफी ऊंचाई पर है। यहां चारों तरफ पहाड़ियां, गुफाएं और झाड़ियां हैं। इसी का फायदा उठाकर आतंकी अब तक बच रहे हैं। हालांकि सेना ने पूरे जंगल को घेर रखा है। वहीं ड्रोन से पूरी नजर रखी जा रही है।

आतंकियों के खिलाफ अभियान में सेना ने हेरॉन मार्क -2 को उतार दिया है। इसी ड्रोन से एक आतंकी को ढेर किया गया था। दरअसल यह ड्रोन सर्विलांस के साथ हमला भी करता है। कह सकते हैं कि यह ड्रोन



आतंकियों क ढूंढ-ढूंढकर ढेर करने में सक्षम है। खास बात यह है कि बारिश के दौरान भी ड्रोन काम करता रहता है। वहीं इसे 15 किलोमीटर दूर बैठकर भी ऑपरेट किया जा सकता है। यह ड्रोन पांच तरफ से एक साथ गोली बरसा सकता है।

इसे इजरायल के एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज ने बनाया है। शनिवार को एक आतंकी को इसी ड्रोन से मार गिराया गया था। रात में अभियान रोक दिया गया था। हालांकि ड्रोन अपना काम कर रहा था। ड्रोन के फुटेड में आतंकियों के ठिकानों को देखा गया है। सेना का कहना है कि आतंकी गहरी गुफाओं में छिपे हैं और उन्होंने लकड़ियों से उन ठिकानों को ढक रखा है। हालांकि लंबे समय तक वे बच नहीं सकते। इस एनकाउंटर में तीन अधिकारी और एक जवान शहीद हो गए थे। सेना का कहना है कि ऑपरेशन को जल्द खत्म करने की कोशिश की जा रही है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**हमारी कोशिश....** सपना है कि कोई भाई बहन टूटी-फूटी झोंपड़ी में न रहे। छोटा ही सही, सबका अपना पक्का मकान हो। इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना बनाई गई है। जो परिवार आवास योजनाओं में छूट गए हैं, उन्हें इस योजना में आवास उपलब्ध कराया जाएगा। प्रदेश में भ्रमण के दौरान अक्सर बहनें मकान की मांग करती थीं। गरीब बहन-बेटियों के दुख-दर्द दूर करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। शहरों में यदि जमीन की कमी हुई तो बहुमंजिला मकान बनाकर दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना बहनों के सुख और सम्मान के लिए उठाया गया बड़ा कदम है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसौदिया ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना मुख्यमंत्री श्री चौहान के गरीब परिवारों के दुख-दर्द दूर करने की प्रतिबद्धता का परिणाम है।

**योजना की पात्रता**-ऐसे परिवार, जिनके आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस एप पोर्टल पर स्वत: रिजेक्ट हो चुके हैं। ऐसे परिवार, जो भारत सरकार के एमआईएस पोर्टल पर दर्ज होने से छूट गए हैं। ऐसे परिवार जो सामाजिक, आर्थिक एवं जातिगत जनगणना 2011 एवं आवास प्लस की सूची में शामिल नहीं हैं तथा उन्हें किसी भी सरकारी योजना में आवास नहीं मिला है। योजना में ऐसे परिवार भी शामिल होंगे जिनके पास पक्की छत वाले मकान नहीं है अथवा जो दो कमरों तक के कच्चे मकानों में निवासरत है। ऐसे परिवार जिनकी मासिक आय 12 हजार रु से कम है तथा परिवार का कोई भी सदस्य आयकर दाता नहीं है।

2.5 एकड़ या इससे अधिक सिंचित और 5 एकड़ से अधिक और असिंचित कृषि भूमि होने पर इस योजना का लाभ नहीं ले सकेंगे। जिन परिवारों के पास मोटर युक्त चौपहिया वाहन है वे इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगे। परिवार का कोई सदस्य शासकीय सेवा में हो, तो भी इस योजना की पात्रता नहीं होगी।

**आवेदन की प्रक्रिया**- योजना से संबंधित आवेदन फॉर्म जनपद पंचायतों द्वारा ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराये जायेंगे। ग्राम पंचायत द्वारा 5 अक्टूबर, 2023 तक आवेदन प्राप्त किये जाएंगे। पात्र आवेदक ग्राम पंचायत में फॉर्म भरकर जमा कर पंचायत सचिव / ग्राम रोजगार सहायक से पावती प्राप्त करेंगे।

**आवश्यक दस्तावेज**- आवश्यक दस्तावेज में समग्र आईडी, आधार नम्बर, बैंक खाता, मनरेगा जॉब कार्ड (यदि उपलब्ध हो), लाड़ली बहना योजना का पंजीयन क्रमांक (केवल लाड़ली बहनों के लिए) है।

इन सभी दस्तावेजों को आवेदक को स्वयं सत्यापित करना होगा, किसी अन्य से सत्यापित कराने की आवश्यकता नहीं हैं।

प्राप्त आवेदनों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा। जिला पंचायत अधिकारी द्वारा सत्यापन के बाद राज्य सरकार द्वारा पात्र परिवारों को आवास आवंटन की कार्यवाही की जाएगी।

**शिकायत निवारण एवं मॉनिटरिंग प्रक्रिया**

आवेदकों को यदि किसी प्रकार की परेशानी होती है तो वो पंचायत में अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

**जन्म दिन पर....** केंद्रीय बजट 2023-24 में की थी। इस योजना के लिए वित्त वर्ष 2023-24 से वित्त वर्ष 2027-28 तक वित्तीय परिव्यय 13,000 करोड़ रुपये रखा गया है। **नि:शुल्क किया जाएगा पंजीकृत**-इसके तहत, विश्वकर्मा (कारीगरों व शिल्पकारों) को बायोमेट्रिक आधारित पीएम विश्वकर्मा पोर्टल का उपयोग करके सामान्य सेवा केंद्रों के माध्यम से नि:शुल्क पंजीकृत किया जाएगा। उन्हें पीएम विश्वकर्मा प्रमाण पत्र और पहचान पत्र के माध्यम से मान्यता प्रदान की जाएगी और कौशल उन्नयन के लिए बुनियादी तथा उन्नत प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर राजधानी दिल्ली के द्वारका में इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर राष्ट्र को समर्पित किया। इस केंद्र का नाम 'यशोभूमि' रखा गया है।

**गोंड शासकों....**करते हुये कहा कि आज के सात-आठ राज्यों के बराबर गोंडवाना साम्राज्य की सीमायें फैली हुई थी। पूरा समाज संगठित था। गोंडवाना साम्राज्य में सभी वर्ग के लोग परम वैभव के साथ रहा करते थे। शासक अपनी प्रजा का परिवार के सदस्य की तरह देखभाल किया करते थे। लेकिन अंग्रेजो ने षड़यंत्रपूर्वक इस संगठित समाज को, उसकी परंपराओं को नष्ट कर छोटे-छोटे टुकड़ों में बांट दिया। श्री मरकाम ने गोंडशासक राजा संग्राम शाह की वीरगाथाओं का उल्लेख भी अपने व्याख्यान में किया। श्री मरकाम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की आजादी के अमृत काल में आजादी के उन गुमनाम नायकों का स्मरण करने और उनके बलिदानों को याद करने का बीड़ा उठाया है, जिनके योगदान को इतिहासकारों द्वारा किताबों में दबा दिया गया।श्री मरकाम ने कहा कि राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह को अंग्रेजों द्वारा तोप से उड़ा दिये जाने की जानकारी लगने पर पूरे गोंडवाना साम्राज्य में डेढ माह तक विद्रोह की चिंगारी भड़क उठी थी। इसका भी इतिहासकारों ने कहीं जिक्र नहीं किया।

इस अवसर पर प्रदीप दुबे ने भी व्याख्यान दिया। व्याख्यान माला का शुभांरभ दीप प्रज्जवलन कर किया गया तथा अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर तथा शासक श्रीफल भेंटकर यिका गया। वयाख्यान माला का समापन राष्ट्रगीत वंदे भारत का गायन हुआ।

## कांग्रेस विधायक मम्मन खान की रिमांड बढ़ी

**गुरुग्राम।** नूंह हिंसा भड़काने के आरोपी फिरोजपुर झिरका के कांग्रेस विधायक मम्मन खान को रविवार को फिर से एक अदालत में पेश किया गया, जिसने विशेष जांच दल (एसआईटी) को उनकी रिमांड की अवधि दो दिन के लिए बढ़ा दी।

**भारत में मोटी.....**

**स्वदेश लाने पर निर्णय लिया जाएगा-** इसमें चीतों के चयन में बेहद सावधानी बरती जाएगी और हम ऐसे चीतों के आयात को प्राथमिकता देंगे। जिनमें या तो शीतकालीन कोट विकसित नहीं होते हैं या पतले विकसित होते हैं। परियोजना के पहले वर्ष की महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक जंगल में चीतों के बीच देखा गया सफल प्राकृतिक शिकार का व्यवहार है। इस 12 महीने की अवधि में हमने कई मील के पत्थर हासिल किए हैं।

**चीतों के शरीर पर उभरी मोटी 'फर' बनी चुनौती**

यादव ने देश में चीतों की मौत के मामले को विस्तृत रूप से समझाते हुए कहा कि उनकी देखभाल में आई मुख्य चुनौती चीतों द्वारा अपने शरीर पर अफ्रीका महाद्वीप के सर्दी के मौसम की अवधि (जून से सितंबर तक) के हिसाब से मोटी फर विकसित करना भी था। जिसकी अफ्रीकी विशेषज्ञों को भी उम्मीद नहीं थी।

यह फर भी उनकी मौत की एक वजह बनी है। मोटी फर, तेज तापमान, अधिक उमस के कारण चीतों को खारिश होती है और वो उसे दूर करने के लिए पेड़ के तनों या जमीन पर अपनी गर्दन को रगड़ते हैं। इससे उनकी खाल फट जाती है और उस पर मक्खियां आकर बैठती हैं, अंडे देती है। जिससे संक्रमण फैलता है और पशुओं की मौत हो जाती है।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जबलपुर संभाग जबलपुर**

**अम्बेडकर भवन के सामने हाईकोर्ट चौराहे के पास जबलपुर**

पत्र क्रं. 1777 /निविदा/लेखा/ग्रा.यां.से./2023 जबलपुर, दिनांक -13.09.2023

**संक्षिप्त निविदा विज्ञप्ति क्रं.- 05/2023-24**

कार्यालय अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| अं. क्रं. | सिस्टम टेन्डर नम्बर | कार्य का नाम | विकास खण्ड | अनुमानित लागत (रुपये में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि | निविदा आमंत्रण की क्रम | लागू एस.ओ. आर. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023_RES_307456_1 | माध्यमिक शाला तिलहेरी में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | जबलपुर | 1373661.00 | 25000.00 | 2000 | 60 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम | 11.04.2022 |
| 2. | 2023_RES_307457_1 | हायर सेकेण्ड्री स्कूल कटियाघाट में बाउण्ड्रीवाल एवं अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | जबलपुर | 886667.00 | 18000.00 | 2000 | 90 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम | 11.04.2022 |
| 3. | 2023_RES_307458_1 | प्राथमिक शाला मानेगांव में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | जबलपुर | 856224.00 | 17500.00 | 2000 | 90 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम | 11.04.2022 |
| 4. | 2023_RES_307459_1 | हायर सेकेण्ड्री स्कूल मानेगांव में बाउण्ड्रीवाल एवं शेड निर्माण कार्य। | जबलपुर | 1406828.00 | 28500.00 | 2000 | 60 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम | 11.04.2022 |
| 5. | 2023_RES_307462_1 | हायर सेकेण्ड्री स्कूल गणेशगंज में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | जबलपुर | 1232401.00 | 25000.00 | 2000 | 60 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम | 11.04.2022 |
| 6. | 2023_RES_307463_1 | माध्यमिक शाला सर्रापिपर में बाउण्ड्रीवाल एवं अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | जबलपुर | 1133219.00 | 23000.00 | 2000 | 90 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम | 11.04.2022 |
| 7. | 2023_RES_307464_1 | हाई स्कूल एवं मिडिल स्कूल महगवां ककतरला में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | जबलपुर | 907476.00 | 18500.00 | 2000 | 60 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम | 11.04.2022 |
| 8. | 2023_RES_307501_1 | माध्यमिक शाला गौरैयाघाट में दो अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | जबलपुर | 1706430.00 | 34500.00 | 2000 | 90 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम | 11.04.2022 |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाम्यूमेंट) वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकते हैं। ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने, बिड सममिशन, बिड क्लोजिंग व बिड ओपनिंग का विवरण निम्नानुसार है-

1. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभ तिथि - 20.09.2023 प्रात: 11.00 बजे से
2. ऑनलाईन बिड सबमिशन तिथि - 20.09.2023 प्रात: 11.00 बजे से
3. ऑनलाईन बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 26.09.2023 प्रात: 17.30 बजे से तक
4. ऑनलाईन बिड खोले जाने की तिथि - 29.09.2023 प्रात: 11.00 बजे से

निविदा सूचना में किसी भी संशोधन का समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा यद्यपि उक्त वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित किया जावेगा।

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

**(जी.पी. कोरी) कार्यपालन यंत्री,**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जबलपुर संभाग, जबलपुर दूरभाष नं. (का.) - 0761-2625268**

G-19817/23



**निविदा/नियुक्ति/जाहिरात**

**कोर्ट विद्यमान कामगार नुकसान भरपाई आयुक्त तथा न्यायाधीश, द्वितीय कामगार न्यायालय, नागपूर.**

**केस नंबर W.C.A. (A) No. : ११/२०२३**
**पेशी तारीख १६/१०/२०२३**

**अर्जदार : मुकुंदी सुकलाल यादव और एक**
**-विरूध्द-**
**गैरअर्जदार : द न्यु इंडिया एशुरंस को. लि.**

**जाहीर सूचना**

आम जनता को सुचित किया जाता है की, मृतक **शिवसिंग यादव** इनकी दूर्घटना में मृत्यु हुई है। गैरअर्जदार इन्होने नुकसान भरपाई की रक्कम **रूपये १८,३२,२१६/- (अठरा लाख बत्तीस हजार दोसो सोला रूपये केवल)** मा. विद्यमान कोर्ट में जमा किये है। उपरोक्त रक्कम मिलने के लिए मृतक के आश्रीत **१. मुकुंदी सुखलाल यादव (मृतक के पिता), २. दसिया मुकुंदी यादव (मृतक की माता), दोनो रहनेवाले मालखेड, तह. लाखांदुन, जिल्हा शिवनी, मध्य प्रदेश** इन्होने रक्कम मिलने हेतू दावा दाखल किया है। इनके अलावा उत्ताराधिकारी यदी कोई हो तो, सूचना जाहीर होने के पश्चात **दिनांक १६/१०/२०२३** ठिक सुबह १०.३० बजे लिखीत कागदपत्रो के साथ न्यायालय मे अपना दावा पेश करे। अन्यथा उपरोक्त रक्कम का भुगतान उपस्थित उक्त आश्रीत को किया जायेगा इसकी सूचना प्राप्त करे। यह सूचना मा. कोर्ट के आदेश अनुसार आज दि. ६ सप्टेंबर २०२३ को कोर्ट के शिक्के के साथ दि जाही है।

शिक्का | **मा. कोर्ट के आदेश नुसार न्यायालय लिपिक कामगार न्यायालय, नागपूर.**

Prasanna Publicity 09326927622



**विज्ञापन पत्र क्रमांक/ 3541/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड/2023 सिवनी, दिनांक -12.09.2023**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड- सिवनी (म.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)**

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई- प्रोक्युरमेंट ई-टेंडरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार है-

| निविदा सूचना क्र./दिनांक | ई-टेण्डरिंग पद्धति क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनु. लागत (रु. लाख में) | कुल अमानती राशि (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि | ऑन लाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समय अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 19/नि.प्र./2023-24 दिनांक 12.09.2023 | 2023_PHED_307030_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड सिवनी के विभिन्न ग्रामों में 125/115 मि.मी. व्यास के 90 मी. गहरे 10 नग नलकूपों का खनन कार्य। समूह क्रमांक-01 (द्वितीय आमंत्रण) | 6.10 | 12,200.00 | 2,000.00 | 27.09.2023 | 27.09.2023 | 30 दिवस (वर्षा काल छोड़कर) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत 'स' सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार |
| 19/नि.प्र./2023-24 दिनांक 12.09.2023 | 2023_PHED_307031_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड कुरई के विभिन्न ग्रामों में 125/115 मि.मी. व्यास के 90 मी. गहरे 10 नग नलकूपों का खनन कार्य। समूह क्रमांक-02 (द्वितीय आमंत्रण) | 6.10 | 12,200.00 | 2,000.00 | 27.09.2023 | 27.09.2023 | 30 दिवस (वर्षा काल छोड़कर) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत 'स' सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार |
| 19/नि.प्र./2023-24 दिनांक 12.09.2023 | 2023_PHED_307032_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड केवलारी के विभिन्न ग्रामों में 125/115 मि.मी. व्यास के 90 मी. गहरे 10 नग नलकूपों का खनन कार्य। समूह क्रमांक-03 (द्वितीय आमंत्रण) | 6.10 | 12,200.00 | 2,000.00 | 27.09.2023 | 27.09.2023 | 30 दिवस (वर्षा काल छोड़कर) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत 'स' सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार |
| 19/नि.प्र./2023-24 दिनांक 12.09.2023 | 2023_PHED_307033_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड बरघाट के विभिन्न ग्रामों में 125/115 मि.मी. व्यास के 90 मी. गहरे 10 नग नलकूपों का खनन कार्य। समूह क्रमांक-04 (द्वितीय आमंत्रण) | 6.10 | 12,200.00 | 2,000.00 | 27.09.2023 | 27.09.2023 | 30 दिवस (वर्षा काल छोड़कर) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत 'स' सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार |
| 19/नि.प्र./2023-24 दिनांक 12.09.2023 | 2023_PHED_307034_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड धनौरा के विभिन्न ग्रामों में 125/115 मि.मी. व्यास के 90 मी. गहरे 10 नग नलकूपों का खनन कार्य। समूह क्रमांक-05 (द्वितीय आमंत्रण) | 6.10 | 12,200.00 | 2,000.00 | 27.09.2023 | 27.09.2023 | 30 दिवस (वर्षा काल छोड़कर) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत 'स' सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार |
| 19/नि.प्र./2023-24 दिनांक 12.09.2023 | 2023_PHED_307035_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड लखनादौन के विभिन्न ग्रामों में 125/115 मि.मी. व्यास के 90 मी. गहरे 10 नग नलकूपों का खनन कार्य। समूह क्रमांक-06 (द्वितीय आमंत्रण) | 6.10 | 12,200.00 | 2,000.00 | 27.09.2023 | 27.09.2023 | 30 दिवस (वर्षा काल छोड़कर) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत 'स' सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार |
| 19/नि.प्र./2023-24 दिनांक 12.09.2023 | 2023_PHED_307036_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड घंसौर के विभिन्न ग्रामों में 125/115 मि.मी. व्यास के 90 मी. गहरे 10 नग नलकूपों का खनन कार्य। समूह क्रमांक-07 (द्वितीय आमंत्रण) | 6.10 | 12,200.00 | 2,000.00 | 27.09.2023 | 27.09.2023 | 30 दिवस (वर्षा काल छोड़कर) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत 'स' सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार |

**कार्यपालन यंत्री,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी**
**खण्ड सिवनी (म.प्र.)**

G-19819/23

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।



**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
**रा.प्र.क्रं/0399/अ-6/2023-2024**

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक यशपाल रघुवंशी पिता स्व. हरीश चंद रघुवंशी नि.- विवेक विद्यापीठ स्कूल के पीछे चांदमारी ने नजूल ब्लाक नं. 146 प्लाट नं. 2/7, 2/8 निर्मित/रकवा 2162 वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम करियापाथर प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा 2162 व.फु./हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक .... मृत्यु दिनांक 24/10/84 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, शपथ पत्र खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/ पटवारी/डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 146 प्लाट नं. 2/7, 2/8 निर्मित रकवा/रकवा 2162 वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम करियापाथर प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा 2162 व.फु./हे. परसुराम आत्मज राम किशोर के नाम दर्ज है। अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 20/09/2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 08/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 08/08/2023
पेशी दिनांक 20/09/2023

**तहसीलदार,**
**रांझी, जबलपुर**

र.नं. 1201



**कार्यालय ग्राम पंचायत , गोसलपुर**

**जनपद पंचायत-सिहोरा, जिला जबलपुर (म.प्र.)**

क्रमांक-प./23 दिनांक-17/9/2023

**नीलामी सूचना**

ग्राम पंचायत गोसलपुर द्वारा पुरानी दुकानों की निकली सामग्री गाडर (लोहे की रॉड) चीप आदि की नीलामी दिनांक 04/10/2023 को की जावेगी। नियम एवं शर्तों के लिये ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क करें।

| सरपंच | उपसरपंच | सचिव |
|---|---|---|
| गिरजा जितेन्द्र पालीवाल | सुखदेव पटैल | प्रदीप यादव |
| मो. 9425387815 | मो. 8103362840 | मो. 9009467670 |



**कार्यालय नगर परिषद बरही, जिला कटनी (म.प्र.)**

फोन नं.: 07626.274220; मेल: cmobarhi@mpurban.gov.in

बरही, दिनांक 14-09-2023

**/ / निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2023_UAD_287792_2 दि 16-09-2023 NIT No.900/NP/2023 | वार्ड क्र. 07 में रमाशंकर सोनी के मकान से रामप्यारे राय के मकान तक आर.सी.सी. नाली निर्माण-2nd Call | 02 माह, 1,89,139/- | 1,000/- 3,800/- | 27-09-2023 |
| 2023_UAD_284503_2 दि 16-09-2023 NIT No.900/NP/2023 | वार्ड क्र. 06 में डॉ. के.एल. सोनी से माधव कालोनी तक सी.सी. रोड मरम्मत कार्य-2nd Call | 02 माह, 2,61,495/- | 2,000/- 2,700/- | 27-09-2023 |
| 2023_UAD_306407_1 दि 16-09-2023 NIT No.902/NP/2023 | वार्ड क्र. 11 शॉपिंग काम्पलेक्स के उपर रैन बसेरा निर्माण कार्य-1st Call | 03 माह, 4,58,342/- | 2,000/- 4,600/- | 03-09-2023 |

शर्तें- निविदा से संबधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद बरही**

देशबन्धु

जबलपुर, सोमवार 18 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## जन्मदिन का जश्न और परेशान जनता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार 17 सितम्बर को अपना 73 वां जन्मदिन मनाया। उनके पिछले जन्मदिन पर अफ्रीका से लाए गए 8 चीते मध्यप्रदेश के कूनो में छोड़े गए थे। हरेक चीते को लाने में 3 हजार डॉलर का खर्च आया। बाद में दूसरी खेप में भी चीते आए, लेकिन साल भर के भीतर एक के बाद एक चीतों की मौत पर अब चिंता का आलम है। भारत में विलुप्त हो चुके चीतों को लाने की योजना बरसों से बनी हुई है और उस पर अब अमल किया गया। हो सकता है इस फैसले को पूरी तरह से जांचा-परखा नहीं गया, तभी तो शायद चीतों को जिंदा रहने के लिए अनुकूल वातावरण नहीं मिला। चीते अगर 17 सितंबर की जगह किसी और तारीख को भी आते, तब भी उनका यही अंजाम होता। मगर प्रधानमंत्री इस मौके को अपने जन्मदिन पर भुनाने का मोह संवरण नहीं कर सके। उन्हें हर हाल में प्रचार चाहिए, फिर चाहे वो चीतों से हो या कन्वेंशन सेंटर के उद्घाटन से। दरअसल इस साल प्रधानमंत्री ने 17 सितंबर को दिल्ली के द्वारका में बने यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर का उद्घाटन किया। बताया जा रहा है कि इस सेंटर में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की मीटिंग, कांफ्रेंस, ट्रेड शो आदि के आयोजन के लिए विश्व स्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने 30 हजार करोड़ की विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की। बताया जा रहा है कि इससे पारंपरिक शिल्प और कारीगरी से जुड़े 30 लाख परिवारों को मदद मिलेगी। साथ ही श्री मोदी ने एक नए मेट्रो स्टेशन का भी उद्घाटन किया। दिल्ली मेट्रो में सफर करते हुए आम यात्रियों के साथ उनकी सेल्फी वाली कई तस्वीरें भी सामने आई हैं।

इससे पहले दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह के लिए भी प्रधानमंत्री ने अचानक मेट्रो से सफर किया था। खाली स्टेशन पर स्वचालित सीढ़ियों से अकेले उतरते श्री मोदी की तस्वीरें बहुत से लोगों को याद होंगी। अगले साल चुनाव होने वाले हैं और पिछले 9 सालों में चाय वाला, गरीब का बेटा और फकीर की चक्की खूब पीसी गई है, अब उससे और ज्यादा हासिल नहीं किया जा सकता, इसलिए खुद को आम आदमी जैसा दिखाने या बताने के लिए, शायद प्रधानमंत्री अपनी महंगी गाड़ी को छोड़कर मेट्रो में कभी-कभार दिखाई दे रहे हैं। ये शायद राहुल गांधी से मिल रही अघोषित चुनौती का असर भी हो सकता है। क्योंकि राहुल गांधी पिछले दिनों आम लोगों के बीच उन्हीं की तरह सवारी करते हुए पहुंच रहे हैं। भाजपा समर्थक अगर मोदी को महानायक बताने में लगे हैं तो राहुल गांधी के लिए, जननायक जैसी पदवी गढ़ी जा चुकी है। लोकतंत्र के लिए जननायक की ही जरूरत होती है, महानायक की नहीं। बहरहाल, श्री मोदी प्रधानमंत्री हैं, तो उनके लिए यह सुरक्षा कारणों से संभव नहीं है कि वे ट्रक में या किसी स्कूटी के पीछे बिठाई दें। वैसे भी उन्हें विरोध से कितना डर लगता है इसका नमूना पिछले पंजाब चुनाव में दिख ही गया था, जब वे जरा से विरोध के कारण अपनी रैली रद्द करवा कर वापस लौट गए थे और साथ में संदेश दे दिया था कि मैं जिंदा लौट आया।

श्री मोदी के जन्मदिन पर उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना की जा रही है। ऐसी ही कामनाएं उन सैनिकों के परिजन भी करते होंगे जो सीमा पर तैनात होकर देश की रक्षा कर रहे हैं। ऐसे ही तीन अधिकारी अभी जम्मू-कश्मीर में शहीद हुए। इधर अधिकारियों की शहादत हुई, उधर भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री पर फूलों की बरसात कर इस बात के लिए उनका सत्कार किया गया कि उन्होंने जी-20 की सफल मेजबानी की। बड़ा नेता यानी महानायक तो वो होता है, जो ऐसे टीम वर्क का श्रेय खुद न लेकर अपने साथियों और छोटे से छोटे कर्मचारियों को दे। भाजपा अगर उनका स्वागत करती, तो कोई सवाल नहीं उठते। लेकिन अधिकारियों की शहादत के मौके पर प्रधानमंत्री ने अपना स्वागत करवाया तो उन पर संवेदनहीन होने का आरोप लगा। ये आरोप भी मिट जाता, लेकिन फिर अगले ही दिन मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री ने फिर बड़े तामझाम के साथ सरकारी योजनाओं का उद्घाटन किया। उत्सवों का यह सिलसिला अब रोका जा सकता था, लेकिन रविवार को फिर करोड़ों का खर्च करके उद्घाटन जैसे कार्यक्रम हुए और प्रधानमंत्री सहर्ष इसमें शामिल हुए। वे चाहते तो कह सकते थे कि अभी हमारी माटी फिर शहीदों के खून से लाल हुई है, इसके दाग अभी छूटे नहीं हैं, इसलिए मैं अपना जन्मदिन नहीं मनाऊंगा। लेकिन श्री मोदी फिर चूक गए। उन्होंने शहीदों की याद में ही अपनी माटी, अपना देश कार्यक्रम पिछले महीने शुरु किया और इतनी जल्दी उस कार्यक्रम पर मिट्टी डाल दी।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन से दो दिन पहले हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का जन्मदिन था, जिस पर उन्होंने साफ कह दिया था कि वे शहीदों की याद में कोई जश्न नहीं करेंगे, सादगी से जन्मदिन मनाएंगे। किसान आंदोलन के वक्त 3 जनवरी 2021 को दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी अपने जन्मदिन का जश्न रद्द किया था कि किसान कड़कती ठंड में खुले आसमान के नीचे बैठे हैं, शहीद हो रहे हैं, तो मैं जन्मदिन कैसे मनाऊं। गलवान में भारतीय सैनिकों की शहादत के बाद राहुल गांधी ने भी अपना जन्मदिन नहीं मनाया था। ऐसी अनेक मिसालें देखी जा सकती हैं। लेकिन श्री मोदी आत्ममुग्धता और प्रचार की नयी मिसालें गढ़ने में लगे हुए हैं।

जम्मू-कश्मीर में शहीद हुए मेजर आशीष धौंचक के परिजनों ने सरकार से सेना के लिए बुलेटप्रूफ वर्दी की मांग की है, क्योंकि दो गोलियां लगने के बावजूद आतंकियों से भिड़ने वाले मेजर धौंचक की मौत इसलिए हुई, क्योंकि उनके पास बुलेटप्रुफ वर्दी नहीं थी। क्यों नहीं थी, इसका कारण सरकार और सेना ही बता सकती है। अगर वित्तीय समस्या के कारण हमारे सैनिक कम संसाधनों के साथ मोर्चे पर तैनात हैं, तो फिर सवाल उठता है कि सरकार की प्राथमिकता क्या है, विश्व स्तरीय सम्मेलन कक्ष या फिर सैनिकों के लिए बुलेट प्रूफ वर्दी। एक खबर और आई है कि इसरो के चंद्रयान अभियान के लिए लॉंच पैड बनाने वाले 2,800 कर्मचारियों को बीते 18 महीने से वेतन नहीं मिला है। रांची के धुर्वा स्थित हैवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचईसी) के अधिकतर कर्मचारी वेतन न मिलने से फाकाकशी को मजबूर हो चुके हैं। बीबीसी की खबर है कि कर्ज में डूबे कई कर्मचारी चाय या इडली बेचकर अपना गुजारा कर रहे हैं। एचईसी केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रम है, और भारी कर्ज में है। पिछले पांच सालों से लगातार घाटे में है। लेकिन सरकार को न घाटे की परवाह है, न आर्थिक दिक्कतें झेल रहे कर्मचारियों की।

प्रधानमंत्री अगर अपने जन्मदिन पर देश के परेशान लोगों की सुध लेते, तो शायद इससे सही संदेश जनता में जाता।

# विपक्षी एकता को बचाना बड़ी चुनौती

इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव कांग्रेस का भविष्य तय करेंगे। पांच राज्यों में चुनाव हैं। और कांग्रेस इन पांचों राज्यों में चुनाव जीतने की मुख्य दावेदार है। तीन राज्यों में तो उसका सीधा मुकाबला भाजपा से है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान में और तेलंगाना में वहां मौजूद केसीआर की सरकार से। पांचवे राज्य मिजोरम में क्षेत्रीय दल प्रभावी हैं। और राष्ट्रीय पार्टी के तौर पर कांग्रेस। मगर भाजपा ने पूरे उत्तर पूर्व में क्षेत्रीय दलों और कांग्रेस को भी तोड़कर अपनी सरकारें बना रखी हैं। पहाड़ी राज्यों के पास अपने आर्थिक रिसोर्सेस बहुत कम होते हैं। इसलिए वह केन्द्र पर बहुत निर्भर रहती है। केन्द्र में जिसकी सरकार होती है उत्तर पूर्व के राज्य और जम्मू-कश्मीर, उस पार्टी से मिलकर ही चलते हैं। फारुख अब्दुल्ला ने एक बार कहा था कि केन्द्र में अगर शैतान की सरकार भी हो तो हमें उसके साथ मिलकर चलना पड़ेगा।

खैर तो यह विधानसभा चुनाव बताएंगे कि कांग्रेस इसके बाद मजबूत होती है या कमजोर। अगर वह कमजोर हो गई तो इंडिया गठबंधन में भी उसकी हैसियत कमजोर हो जाएगी। यह नहीं कहा जा सकता कि कांग्रेस के कमजोर होने से विपक्षी दलों का इन्डिया गठबंधन कमजोर होगा। इन्डिया गठबंधन प्रधानमंत्री मोदी से लड़ने का भरोसा दे रहा है। जब तक वह मोदी जी के खिलाफ मुखर रहेगा अपनी ताकत को बरकरार रखेगा। देश में अब राजनीति साफ तौर पर मोदी समर्थक और मोदी विरोधियों के बीच बंट गई है। इसमें न कांग्रेस न कोई और विपक्षी दल और न ही सत्तारुढ़ भाजपा किसी का कोई बड़ा असर नहीं बचा है।

अगले लोकसभा चुनाव में सीधी लड़ाई है मोदी बनाम मोदी विरोधी। तो इसलिए विधानसभाओं में कांग्रेस के अच्छा प्रदर्शन न कर पाने से कांग्रेस जरूर कमजोर होगी मगर इन्डिया नहीं। लेकिन हां! कांग्रेस के कमजोर होने से विपक्षी दलों के बीच उसकी स्थिति जरूर कमजोर हो जाएगी।

आज भी विपक्षी दलों में कांग्रेस से ज्यादा राहुल गांधी की स्वीकृति और प्रभाव है। कांग्रेस को लेकर विपक्षी दलों में बहुत सारे संशय और सवाल हैं। मगर राहुल को लेकर सबमें एक आश्वस्ति का भाव है कि वे जो कहते हैं करते हैं। राजनीति का उपयोग अपने ही लोगों को काटने छांटने में नहीं करते। अगर कांग्रेस के क्षत्रपों ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ का चुनाव खुद को केन्द्र में रखकर लड़ा तो उनके लिए चुनाव मुश्किल हो जाएगा। तीनों राज्यों के स्थानीय नेताओं कमलनाथ, अशोक गहलोत, भूपेश बघेल को याद रखना चाहिए कि 2018 का चुनाव राहुल गांधी जो उस समय कांग्रेस अध्यक्ष थे कि मेहनत ने उन्हें जिताया था। और उसी राहुल गांधी को कांग्रेसियों ने क्या रिटर्न गिफ्ट दिया? 2019 में उन्हें इस्तीफा देने पर मजबूर कर दिया।

बहरहाल वह अलग विषय है। और कांग्रेसी जिस पर बात करना बिल्कुल पसंद नहीं करते हैं। वे तो राहुल का सिर्फ उपयोग करते हैं। और नुकसान हो जाने हार पर बड़ी आसानी से उन पर दोष मढ़ देते हैं। लेकिन इन्डिया के नेता ऐसा नहीं समझते। वे राहुल को असेट ( वरदान) मानते हैं। अभी तक इन्डिया की तीन मीटिंगें हुई। पटना, बेगलुरू और मुबंई। तीनों में हीरो राहुल ही रहे। विपक्ष का हर नेता उनसे बात करना चाहता था। और समझ रहा था कि लोकसभा चुनाव में अगर बाजी पलटने की ताकत किसी में है तो वह हमारे साथ मिलकर राहुल गांधी में है।

अगले लोकसभा चुनाव पर समझने से पहले 2014 और 2019 के नतीजे हमेशा याद कर लेना चाहिए। कांग्रेस बहुत बुरी तरह हारी है। तो अब अगर उम्मीद है तो इसलिए कि विपक्ष एक है। और वह राहुल पर पूरी तरह भरोसा कर रहा है। मोदी जी आज जिस तरह भाजपा से भी बड़ी ताकत बन गए हैं और पार्टी से बाहर जाकर भी उन्होंने अपने भक्तों का एक बड़ा समूह तैयार कर लिया है उससे अगर कोई मुकाबला कर सकता है तो वह राहुल की हिम्मत ही है। मगर राहुल को उसके लिए एकजुट विपक्ष चाहिए। जो आज बन गया है। इसलिए 2024 की लड़ाई तो मजेदार होगी। बस देखना यह है कि उसमें कांग्रेस आज की तारीख से ज्यादा मजबूत होकर खड़ी होगी या कमजोर होकर।

विधासनसभा चुनावों के ओपिनियन पोल आने लगे हैं। देशबन्धु के सहयोगी चैनल डीबी लाइव ने तीनों राज्यों छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश के बहुत हकीकत के करीब के संभावित नतीजे बताए हैं। तीनों जगह कड़ा मुकाबला है। अब तक कांग्रेस यह समझ रही थी कि तीनों राज्यों में वह आसानी से सरकार बना लेगी। मगर डीबी लाइव का ओपीनियन पोल कांग्रेस के लिए एक बड़ा अलार्म है। जाग जाने के लिए। तीनों राज्यों के नेता अपने अपने राज्यों में बीजेपी की हालत खराब समझ रहे थे। मगर ओपिनियन पोल ने बताया कि हर जगह वह कड़े मुकाबले में है। और खरगोश की तरह जीत के विश्वास में कांग्रेस सो रही है। और कछुआ लगातार अपनी चाल से चला जा रहा है।

कांग्रेस के नेता किस तरह खुद को सर्वेसर्वा मान रहे हैं इसका एक उदाहरण। इन्डिया गठबंधन ने अपनी पहली कोआर्डिनेशन मीटिंग में एक बड़ा फैसला किया। पहली जनसभा का स्थान तय कर लिया गया। मुंबई की तीसरी बैठक में जो बड़े फैसले हुए थे उनमें था देश भर में चार-पांच जगह इन्डिया की बड़ी जनसभाएं करना। पहली जनसभा भोपाल को मिली। यह बड़ी बात थी। शिवराज सिंह चौहान हिल गए थे। मगर खुद कमलनाथ ने ही वह सभा रद्द कर दी। मुख्यमंत्री शिवराज अचानक हमलावर हो गए। कहने लगे कि हमसे डर कर मीटिंग कैंसिल की है। मीटिंग का फैसला इन्डिया की मीटिंग में हुआ था। रद्द करने का भी उसी को बताना चाहिए था। कारण सहित।

अब अगर मध्य प्रदेश कांग्रेस ने मना कर दिया तो क्या राजस्थान और छत्तीसगढ़ कांग्रेस करवाएंगी। अगर करवाती हैं तो यह मध्य प्रदेश कांग्रेस के लिए बड़ा गलत संदेश जाएगा। और अगर यह दोनों भी नहीं करवाती हैं तो देश भर में गलत संदेश जाएगा कि विपक्षी दलों के गठबंधन इन्डिया की कोई पूछ ही नहीं है। क्या जब भोपाल का नाम तय किया था तो वहां मध्य प्रदेश कांग्रेस से नहीं पूछा था? और क्या जब कमलनाथ ने कैंसिल करने का अचानक ऐलान किया तो उससे पहले इन्डिया के दलों को विश्वास में लिया गया था?

अभी नीतीश कुमार जिनके ही प्रयासों से यह विपक्षी एकता हुई है कह रहे हैं कि 14 एंकरों के बायकाट का उन्हें पता ही नहीं! ऐसा क्यों? बड़े फैसलों से पहले सबको विश्वास में लेना चाहिए।

यह विपक्षी एकता बड़ी मुश्किल से बनी है। और यही एक मात्र चीज है जो मोदी जी को ठीक से चैलेंज कर सकती है। इसे अतिरिक्त मेहनत करके बचाना पड़ेगा। मोदी सरकार और मीडिया पूरी ताकत लगाए हुए हैं इसे तोड़ने को। तमाम अफवाहें रोज फैलाई जा रही हैं। मगर अभी सब एक हैं तो केवल इस आधार पर कि अगर मोदी तीसरी बार भी आ गए तो फिर कोई नहीं बचेगा। न विपक्षी दल न लोकतंत्र। तो जब तक यह डर है विपक्ष एक रहेगा।

मगर याद रखना चाहिए कि मोदी जी आखिरी-आखिरी तक विपक्ष को तोड़ने की कोशिश जारी रखेंगे। जब ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट, जेल से काम नहीं चलेगा तो फिर लालच और सुरक्षा की गारंटी भी दी जाएगी। कोई हरबा छोड़ा नहीं जाएगा।

विपक्ष की सावधानी में ही उसकी सुरक्षा है। कोई भी नेता खुद को विपक्षी एकता से बड़ा समझने की कोशिश नहीं करे। यह क्षत्रपों की लड़ाई नहीं है। विकट योद्धाओं की है। करो या मरो वाली। भाजपा के सारे नेता मोदी जी के पीछे लामबंद हो गए हैं। ऐसे ही विपक्षी नेताओं को अपने इन्डिया गठबंधन के साथ तनकर खड़े हो जाना चाहिए।



शकील अख्तर

> आज भी विपक्षी दलों में कांग्रेस से ज्यादा राहुल गांधी की स्वीकृति और प्रभाव है। कांग्रेस को लेकर विपक्षी दलों में बहुत सारे संशय और सवाल हैं। मगर राहुल को लेकर सबमें एक आश्वस्ति का भाव है कि वे जो कहते हैं करते हैं। राजनीति का उपयोग अपने ही लोगों को काटने छांटने में नहीं करते। अगर कांग्रेस के क्षत्रपों ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ का चुनाव खुद को केन्द्र में रखकर लड़ा तो उनके लिए चुनाव मुश्किल हो जाएगा।

# नफ़रत के खिलाफ असहयोग आंदोलन

■ मोहित कुमार पांडेय

हाल ही में इंडिया गठबंधन ने मीडिया के कुछ एंकरों की एक लिस्ट जारी करते हुए कहा कि वे अमुक एंकरों के कार्यक्रमों में हिस्सा नहीं लेंगे। हालांकि इंडिया गठबंधन द्वारा जारी वक्तव्य में उनका मंतव्य बहुत स्पष्ट नहीं था, लेकिन बाद में उनकी तरफ से आए बयानों से ये साफ हुआ कि इंडिया गठबंधन की पार्टियों के प्रवक्ता इन एंकरों द्वारा चलाई जा रही नफरती बहसों का हिस्सा नहीं बनेंगे। गौर करने वाली बात यह है कि इंडिया गठबंधन के वक्तव्य में न तो चैनलों के बहिष्कार की बात थी और न ही उनके कार्यक्रमों पर रोक लगाए जाने की बात। इंडिया गठबंधन ने नफरती टीवी कार्यक्रमों के साथ असहयोग करने की उस बात को अपने वक्तव्य में शामिल किया, जिसे जनता, बुद्धिजीवियों व पत्रकारों का एक हिस्सा काफी दिनों से कह रहा है। ये पहली दफा नहीं है कि नफरत फैलाने वाले टीवी कार्यक्रमों के खिलाफ आवाज उठी है। हम जमीन से आने वाली मीडिया बाइटों, ढेर सारे आंकड़ों में ये बात देखते रहते हैं कि नफरत के कंटेंट से ऊब व जनता के मूल मुद्दे नदारद होने के चलते कई लोगों ने कहा है कि उन्होंने टीवी देखना छोड़ दिया है। ध्यान देने वाली बात यह है कि जब हम मीडिया को लोकतंत्र का चौथा खंभा कहते हैं, तो बाकी खम्भों की तरह उसे भी परखने व उसकी गलतियों को उजागर करने की जिम्मेदारी जनता से जुड़ी संस्थाओं व स्वयं जनता की होती है। चैनलों के न्यूजरूम में होने वाली बहसों, बहसों को फ्रेम करने के तरीकों, बहसों के ग्राफ़िकों व बहसों के दौरान होने वाली जूतम-पैजार से असहमति दिखाने का अधिकार भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार में आता है। समय-समय पर भारत के न्यायालयों ने अपने आदेशों या टिप्पणियों में भी ये कहा है कि अगर आप किसी कंटेंट से सहमत नहीं हैं तो आप उसे मत देखिए।

इंडिया एक राजनीतिक पार्टियों का गठबंधन है, जिसे अंततः वोट मांगने के लिए जनता के बीच में जाना होता है। अगर कल को इन पार्टियों के नेताओं से जनता की ओर से ये सवाल पूछा गया कि आप उन बहसों का हिस्सा क्यों बनते हैं जिनसे रोजगार, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य के मुद्दे गायब हैं और जिनमें केवल नफरत को परोसा जाता है, तो इन नेताओं को जनता के बीच जवाब तो देना पड़ेगा।

इस मुद्दे पर कई पत्रकारों, इन 14 एंकरों व कई अन्य लोगों की तरफ से बहस छेड़ी गई कि ये प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला है। सत्ताधारी दल भाजपा ने तो इसकी तुलना 'आपतकाल' से तक कर डाली। लेकिन गौरतलब है कि किसी ने ये तर्क नहीं दिया कि इंडिया गठबंधन का ये फ़ैसला क्या किसी पत्रकार की आवाज दबा रहा है? क्या इस फैसले ने इन पत्रकारों की आवाज को नियंत्रित करने का प्रयास किया है? इंडिया गठबंधन ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के एक मजबूत हथियार 'असहयोग' को अपनाते हुए जनता की भावना को अपने प्लेटफ़ॉर्म से रखा है और कहा है कि वे अब नफरत के तले आम जनता के मुद्दों को दबाने वाले संचार मॉडल का हिस्सा नहीं बनेंगे।

नफरत का संचार मॉडल वैश्विक पटल पर एक स्थापित मॉडल है। 'रवांडा रेडियो' जैसे संचार मॉडलों के उदाहरणों से पता चलता है कि कैसे मीडिया की ऑडीओ विजुअल तकनीक का प्रयोग कर समाज में व्यापक स्तर पर नफ़रत के बीज बोए जाते हैं। न्यूजलौंड्री की एक रिपोर्ट ने पिछले साल इन 14 एंकरों में से कुछ एंकरों के कार्यक्रमों का अध्ययन किया। इस लिस्ट में मौजूद पूर्व में डीएनए नाम से कार्यक्रम करने वाले एक एंकर ने कुल 73 में से 28 बहसें साम्प्रदायिक मुद्दों पर कीं, जबकि महंगाई पर मात्र 2 व रोज़गार के मुद्दे पर 0 बहसें की। उसी तरह से एक अन्य एंकर ने 'सवाल पब्लिक का' नाम से आने वाले कार्यक्रम में 68 में से साम्प्रदायिक मुद्दों पर 29 बहसें कीं और रोज़गार व महंगाई के मुद्दे पर 0 बहसें कीं। एक अन्य एंकर, जिन्होंने इंडिया समूह के इस एक्शन को प्रेस पर हमला बताया, उन्होंने 'आर-पार' के नाम से आने वाले अपने कार्यक्रम में 68 बहसों में से 43 बहसें साम्प्रदायिक मुद्दों पर कीं और रोज़गार व महंगाई के मुद्दे पर 0 बहसें कीं।

गौ़रतलब है कि ये आंकड़े टीवी मीडिया में लहलहाती हुई नफरत की फसल के तले आम जनता के मुद्दों को रौंदने की हकीकत को दर्शाते हैं। मीडिया की एजेंडा सेट करने की ताकत की वजह से समाज में मीडिया की भूमिका बहुत अहम है। तब ऐसे में से नफरत की फसल बोने वाली मीडिया के साथ असहयोग करना मीडिया की स्वतंत्रता पर हमला तो कतई नहीं है। आखिरकार ये भी जनता के बीच से उठी आवाज है। विपक्षी दलों ने जनता की आवाज का सम्मान करते हुए नफ़रत को पोषण देने वाले कार्यक्रमों से असहयोग का कदम उठाया है। गौ़रतलब है कि ठीक इसके उलट सरकार की तरफ से कई मर्तबा टीवी कार्यक्रमों को हटवाया गया है, खबरों को डिलीट करवाया गया है और सरकार के खिलाफ रिपोर्ट करने वाले पत्रकारों को चिन्हित करने जैसे कदम उठाए गए हैं।

अपने इस फैसले से विपक्षी गठबंधन ने सत्ता के निरंकुश बल का इस्तेमाल नहीं किया है, बल्कि अपने नैतिक बल का इस्तेमाल करते हुए कहा है कि 'हम आपकी नफ़रत की मशीनरी का हिस्सा नहीं बनना चाहते।' शायद ये मीडिया के नैतिक मूल्यों को वापस पाने की कवायद में एक बड़ा कदम साबित हो। मीडिया संस्थाओं को इस कदम को एक आईने की तरह लेना चाहिए और दिखाना चाहिए कि जनता के मुद्दे अभी भी उसके केंद्र में हैं। मीडिया की नफरती मशीनरी के खिलाफ नैतिकता से भरा ये असहयोग आंदोलन शायद फिर से जनता के मुद्दों को मीडिया बहसों के केंद्र में लाए।

**( लेखकर संचार विशेषज्ञ है )**

> **नफरत का संचार मॉडल वैश्विक पटल पर एक स्थापित मॉडल है। 'रवांडा रेडियो' जैसे संचार मॉडलों के उदाहरणों से पता चलता है कि कैसे मीडिया की ऑडीओ विजुअल तकनीक का प्रयोग कर समाज में व्यापक स्तर पर नफ़रत के बीज बोए जाते हैं। न्यूजलौंड्री की एक रिपोर्ट ने पिछले साल इन 14 एंकरों में से कुछ एंकरों के कार्यक्रमों का अध्ययन किया। इस लिस्ट में मौजूद पूर्व में डीएनए नाम से कार्यक्रम करने वाले एक एंकर ने कुल 73 में से 28 बहसें साम्प्रदायिक मुद्दों पर कीं, जबकि महंगाई पर मात्र 2 व रोज़गार के मुद्दे पर 0 बहसें की।**

## गुरवाणी विचार

# अव्वल अलाहि नूर उपाइआ कुदरत के सब बंदे

गुरु ग्रंथ साहिब का पहला प्रकाश दिवस भादो सुदी इक सन् 1604 को हरिमंदर साहिब अमृतसर में किया गया था और इसका पहला मुख्य ग्रंथी गुरुघर के अनन्य भक्त बाबा बुड्ढा जी को बनाया गया था। प्रकाश करने के बाद जो हुक्मनामा प्राप्त हुआ वह था-

संता के कारज आप खलोदया हरि कम करावन आया राम। गुरु ग्रंथ साहिब की संपादना पांचवे नानक गुरु अर्जुन देव जी ने की थी उसमें उन्होंने अपने से पहले के चार गुरुओं द्वारा रचित वाणी गुरु नानक देव गुरु अंगद देव गुरु अमरदास और गुरु रामदास की रचित वाणी तथा स्वयं की रचित वाणी और उस वक्त के निरगुण विचारधारा के 15 भक्तों की वाणी भक्त कबीरदास, भक्त त्रिलोचन, भक्त भीखम, शेख फरीदजी, भक्त पीपा, भक्त सैननाई, भक्त सघना कसाई, भक्त जयदेव भक्तवेणी जी।

गुरु घर के तीन गुरुसिखों की वाणी भाई सन्ता, भाई बलवंड और भाई सुन्दर तथा11 भट्टो की वाणी को संकलित कर गुरुग्रंथ साहिब की पावन पोथी तैयार की गई जिसे पोथी परमेश्वर की थान कहा गया। इसकी वाणी सब धर्मों के लिए है-खत्री, ब्राह्मण, क्षुद्र, वैश्य उपदेश चहुं वरणा को साझा गुरवाणी द्वारा हमें समझाया गया है कि हम सब परमात्मा की संतानें हैं और परमात्मा ने हर प्राणी की रचना की है और उसमें विराजमान रहकर उसके प्रत्येक कार्य को भी देखता रहता है।

घटि घटि में हरि जीओ बसै-संतन कहियो पुकार।
सब हम आपस में भाई भाई हैं।
एक पिता एकस के हम बारिक तू मेरा गुरु हाई।
तथा
अव्वल अलाहि नूर उपाइआ कुदरत के सब बंदे।
एक नूर ते सब जग उपजिया कौन भले कौन मंदे।।

गुरु ग्रंथ साहिब की वाणी को धुर की वाणी खसम की वाणी, गोविंद की वाणी आदि विशेषणों से अलंकृत किया गया है।

धुर की वाणी आई तिन सगली चिंत मिटाई। तथा जब मन मेरे गोविंद की वाणी साधु जन रामरसन वखनि। गुरु ग्रंथ साहिब जी की समूची वाणी पार ब्रह्म पर केंद्रित तथा हर मनुष्य को सही इंसान बनाने और लोक कल्याण की दृष्टि से रची गई है। इसलिए कह सकते हैं कि यह वाणी उपदेश दे रही है कि सरब साझी वावता और सरबत के भले का संदेश देने वाली है। गुरु ग्रंथ साहिब के प्रथम प्रकाश दिवस पर प्रत्येक नानक नाम लेवा प्रण करे कि अब से कोई देहदारी गुरु नहीं है सिर्फ हमारे गुरु ग्रंथ साहिबजी ही हैं और उन्हीं के आदेशों पर चलकर हम अपना जीवनयापन करेंगे।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

# देश में बाल कुपोषण विकराल समस्या

बच्चे देश के भविष्य होते हैं। यदि देश का भविष्य ही कुपोषित रहेगा, कमजोर रहेगा तो सशक्त राष्ट्र की कल्पना करना बेमानी होगी। देश में कुपोषण से बच्चे यानी आने वाले कल के जिम्मेदार नागरिकों की हालत बहुत ज्यादा चिंताजनक हो सकती है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश के 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में 35 लाख बच्चे कुपोषण के शिकार हैं और इनमें 50फीसदी बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित होकर बीमारी को झेल रहे हैं। देश में भले ही जोरशोर से बाल दिवस हर साल मनाया जाता है और उसी पर करोड़ों खर्च कर दिया जाता है। देश में एक महिला तथा बाल विकास मंत्रालय अलग खोल के रखा गया है, पर बच्चों के कुपोषण पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका है। मलेरिया, टीबी और ना जाने अन्य कितनी बीमारियों पर भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अरबों रुपए खर्च कर दिए हैं, पर जो भारत के आने वाले कल के नागरिक वर्तमान के बच्चे यदि कुपोषित हैं तो यह अत्यंत चिंतनीय तथा विचारणीय पहलू है। सरकारी एजेंसियों द्वारा एक आरटीआई के जवाब में बताया गया कि 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों संकलित आंकड़ों के मुताबिक 34 लाख बच्चे कुपोषित पाए गए हैं।

इनमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र, बिहार, गुजरात और मध्यप्रदेश है। विगत दिनों कोरोना संक्रमण के कारण भी बच्चे कुपोषित हुए हैं। सरकारी आंकड़ों के हिसाब से 18 लाख बच्चे बहुत ज्यादा कुपोषित हैं एवं शेष 16लाख बच्चे अल्प कुपोषित हैं। जब अरबों रुपए अन्य बीमारियों के संक्रमण में लगाए जा सकते हैं तो एक अभियान के तहत बच्चों के कुपोषण को दूर करने के लिए भी मैराथन प्रयास किए जाने चाहिए जिससे बच्चे तो कम से कम कुपोषित न हों। वैसे भारत कुपोषण के मामले में वैश्विक स्तर पर बांग्लादेश तथा पाकिस्तान से भी पीछे है। उसका नंबर 101वां है।

बच्चों के कुपोषण की दर इतनी ज्यादा चिंताजनक हो गई है। कुपोषित बच्चे भी बड़े होते हैं तो वह कई बीमारियों को लेकर धीरे-धीरे बढ़ते हैं और इससे उनकी लंबाई तथा स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा असर पड़ता है। देश के 34 फीसदी कुपोषित बच्चों का कद औसत कद से बहुत कम हो जाता है। 21फीसदी बच्चे जो कुपोषण के कारण यदि वह बच भी जाते हैं तो उनका वजन अत्यंत कम हो जाता है। ऐसे कम लंबाई तथा कम वजन के बेचारे बच्चे देश का क्या भविष्य बना पाएंगे या देश में अपना योगदान क्या दे पाएंगे? इसीलिए भारत सरकार राज्य सरकारों को कम से कम बच्चों की तरफ तो ज्यादा से ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। वैश्विक भूख सूचकांक( ग्लोबल हंगर इंडेक्स) के आंकड़ों के हिसाब से 2021 में भारत 116 देशों में 101 वें स्थान पर पहुंच गया है। हर वर्ष कुपोषण के शिकार बच्चों की संख्या बेतहाशा बढ़ रही है। कुपोषण के मामले में भारत की राजधानी दिल्ली भी पीछे नहीं है। दिल्ली में ही 2 लाख बच्चे कुपोषित हैं, आंध्र प्रदेश में 2,70 लाख बच्चे कुपोषित हैं, कर्नाटक में 2,5 लाख बच्चे उत्तर प्रदेश में 19लाख बच्चे, तमिलनाडु में 1,80 लाख, असम में 1,80 लाख और तेलंगाना में 1,60 लाख बच्चे कुपोषण की स्थिति में जी रहे हैं। इस देश में जहां अरबों रुपए सरकार के 40 से ज्यादा विभागों में सालाना खर्च किए जा रहे हैं । देश की विशाल जनसंख्या को देखते हुए बच्चों के कुपोषण की दर जरूर कम है, लेकिन हर साल इनके कुपोषण की दर की वृद्धि चिंताजनक परिणाम देने वाली ना हो इस पर हम सबको ध्यान देना होगा।

**संजीव ठाकुर**

# तेल घोटाला मामले में सैन्य अफसरों को हाईकोर्ट से राहत, सीबीआई कोर्ट की सजा को किया निरस्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** सीबीआई की विशेष कोर्ट ने तेल घोटाला मामले में पांच सैन्य अधिकारियों सहित सप्लायर फर्म संचालक को दोषी पाते हुए सजा सुनाई थी। अब हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद सजा को निरस्त कर दिया है। सभी को दोषमुक्त करार दिया है। तेल घोटाला मामले में सीबीआई कोर्ट से सजा पाने वाले सैन्य अफसरों को हाईकोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने सजा को निरस्त कर दिया है।

सीबीआई की विशेष कोर्ट ने तेल घोटाला मामले में पांच सैन्य अधिकारियों सहित सप्लायर फर्म संचालक को दोषी पाते हुए सजा सुनाई थी। सजा के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में अपील दायर की गई थी। हाईकोर्ट जस्टिस नंदिता दुबे की एकलपीठ ने सुनवाई के बाद सीबीआई कोर्ट के आदेश को निरस्त करते हुए याचिकाकर्ताओं को दोषमुक्त करार दिया है।



सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल ओपी ओमन, लेफ्टिनेंट कर्नल जेएन विरदी, लेफ्टिनेंट कर्नल ईआर कुमार, सैन्य अधिकारी पीके रकवाल, सैन्य अधिकारी एन. प्रसाद सहित फर्म संचालक प्रहलाद अग्रवाल को सीबीआई की विशेष न्यायालय ने धारा 420 तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अधिकतम तीन साल के कारावास तथा अर्थदंड की साज से दंडित किया था। सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर की गई थी।

**क्या था मामला-** प्रकरण के अनुसार अप्रैल 1995 में आर्मी सप्लाई डिपो में तेल की कमी हुई थी। आर्मी सप्लाई डिपो के लिए स्थानीय खरीदी बोर्ड के सदस्य जेएस विदरी, एन प्रसाद तथा पीके रकवाल थे। बोर्ड ने तेल खरीदी के लिए एक लाख रुपये जारी किए थे। फर्म बलदेव प्रसाद प्रेम नारायण के संचालक प्रहलाद दास अग्रवाल को सोयाबीन तेल सप्लाई का ठेका दिया गया था। सोयाबीन तेल के 109 टीन खरीदी के लिए लगभग 76 हजार रुपये का भुगतान किया गया था। आर्मी सप्लाई डिपो से अलग-अलग यूनिट को तेल सप्लाई किया गया था। यूनिट ने घटिया तेल होने की शिकायत दर्ज करवाई थी। इसके बाद तेल का सैंपल जांच के लिए भेजा गया था। प्रयोगशाला जांच में तेल में मिलावट पाई गई थी। सीबीआई ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर प्रकरण को न्यायालय में पेश किया था। न्यायालय ने अन्य धाराओं के तहत आरोपियों को दोषमुक्त करार देते हुए धारा 420 तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत सजा से दंडित किया था।

### हाईकोर्ट ने इसलिए किया बरी

एकलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि तेल खरीदी के लिए निविदा आमंत्रित की गई थी। विभिन्न फर्मों से मिली निविदा आरोपी फर्म संचालक द्वारा भरी गई। इस संबंध में हस्तलिपि विशेषज्ञ के कोई अभिमत नहीं हैं। इसके अलावा आरोपियों ने साजिश के तहत कार्य करते हुए आर्थिक लाभ अर्जित किया। इसके भी कोई साक्ष्य नहीं है। सीबीआई कोर्ट ने सिर्फ संभावनाओं के आधार पर याचिकाकर्ताओं को सजा से दंडित किया। एकलपीठ ने सजा के आदेश को निरस्त करते हुए याचिकाकर्ताओं को दोषमुक्त करार दिया है। याचिकाकर्ताओं की तरफ से अधिवक्ता अंशुमान सिंह ने पैरवी की।

# सृष्टि के रचयिता और प्रथम शिल्पकार थे भगवान विश्वकर्मा : आलोक तिवारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** सृष्टि के सृजनकर्ता और प्रथम शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती समस्त कारीगरों, बुनकर बंधुओं और कर्मचारियों के बीच ओंकार महाराज की गद्दी में मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान आलोक तिवारी ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा, ब्रह्मा जी के मानस पुत्र हैं। कार्यक्रम में ओमकार विश्वकर्मा, नंदू विश्वकर्मा, ज्ञानी विश्वकर्मा, पीयूष विश्वकर्मा, मधुबन रजक, मुद्दु सेन, छोटू सेन, अहमद अंसारी, गुलफाम अंसारी, मकबूल अहमद अंसारी, साकिर कुरेशी, मुख्तार अहमद अंसारी के साथ- साथ अनिल तिवारी, आलोक तिवारी, अनूप तिवारी, रजनीश दुबे, शुभम दुबे, आस्तिक तिवारी, आयुष तिवारी, शैलेश दुबे, हर्षित तिवारी, राहुल गोयल, प्रवर शर्मा, हर्ष तिवारी समेत समस्त बुनकर एवं कारीगर उपस्थित रहे।



### कारीगरों ने की सहयोग एवं समर्थन की मांग

कार्यक्रम के दौरान कपड़े प्रेस करने वाले और नाई की दुकान चलने वाले कारीगरों ने कहा कि हमें अपना काम करने में कोई बहुत बड़े संसाधनों की आवश्यकता नहीं होती। हमारा काम चंद संसाधनों में पूरा होता है, जिससे परिवार का भरण-पोषण हो जाता है। इसलिए ऐसे बहुत से कारीगर हैं, जो कि आर्थिक अभाव के कारण पूर्ण कुशल होने के बाद भी दुकान का संचालन नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने मांग की कि उन्हें संसाधन उपलब्ध करवाए जाएं और जैसा की पं. ओंकार प्रसाद तिवारी के समय उनका ध्यान रखा जाता था और एक छोटे से छोटे तबके का कारीगर भी अपने जीवन उपार्जन के लिए कमा लेता था।

# शासकीय उच्चतर विद्यालय मंगेली में आठ क्लास रूम का भूमि पूजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर राउंड टेबल 330 द्वारा शासकीय उच्चतर विद्यालय मंगेली में आठ क्लास रूम ब्लॉक बनाने का भूमि पूजन किया गया। वर्तमान में शासकीय उच्चतर विद्यालय मंगेली में 227 बच्चे अध्ययनरत हैं परंतु इस विद्यालय में क्लास रूम की कमी के चलते बच्चों को पढ़ाई करने बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। जबलपुर राउंड टेबल 330 की फ्रीडम थ्रू एजुकेशन की मुहिम के अंतर्गत ये सौगात मंगेली स्कूल को प्राप्त हुई। इस अवसर पर बच्चों द्वारा गीत संगीत का कार्यक्रम एवं अतिथिगणों का स्वागत किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में घनश्याम सोनी, डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन ऑफिसर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थे, एवं जबलपुर राउंड टेबल के चेयरमेन अनिकेत खंडेलवाल, वाइस चेयरमेन सार्थक सेठी, सेक्रेटरी कारण कोहली, कोषाध्यक्ष सिद्धान्त ओसवाल, गीत सचदेवा, शुभम सिद्धा, स्पर्श केमतानी, ऋषभ केशवानी, जतिन धीरावानी, उदित गायकवाड़, अंकित अग्रवाल, विराज अग्रवाल आदि उपस्थित थे ।



## अधारताल श्मशान में पौधारोपण कार्यक्रम

**जबलपुर, देशबन्धु।** उप नगरीय अधारताल श्मशान भूमि विकास समिति के द्वारा कटरा अधारताल श्मशान भूमि विकास समिति अध्यक्ष चमन पासी के नेतृत्व में किया गया। श्मशान में लगाये गये वृक्षों के कदम का वृक्ष,नीम का वृक्ष, अशोक का वृक्ष,आम का वृक्ष, बेल का वृक्ष,मीठी नीम का वृक्ष सहित कई प्रजापतियों के वृक्ष लगाये गये। प्रकृति का पर्यावरण संतुलन खराब होने के समय पर बारिश का न होना ,समय पर ठंड का न पड़ना जैसे दुष्प्रभाव देखने को मिलते हैं। इस दौरान चमन पासी,बालकृष्ण श्रीवास,संतोष लोधी,राजू तोमर,श्याम रजक, राजकुमार पासी, छुटटू चौधरी शर्मा, फैजल मंसूरी बबला केवट,उमेश श्रीवास्तव,अनुज पासी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## पीके अग्रवाल जिला अध्यक्ष बने

**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय महादलित गठबंधन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर गौतेल द्वारा पीके अग्रवाल को महादलित गठबंधन का जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है।



# कछपुरा की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन

**जबलपुर, देशबन्धु।** कछपुरा युवा संघर्ष समिति के समस्त क्षेत्र वासियों बुजुर्गों एवं महिलाओं ने रविवार को कछपुरा क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को लेकर उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक एवं महापौर के खिलाफ कछपुरा चौक पर धरना प्रदर्शन किया कछपुरा क्षेत्र में फैली अव्यवस्था को लेकर क्षेत्रीय विधायक एवं महापौर के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया एवं कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।



इस दौरान श्रीकांत कुक्की, गोपाल तिवारी, लालू चौबे, अरविंद ठाकुर,अजीत सिंह, बबलू राय, राहुल अग्रवाल, निक्की खरे, पिंटू प्रजापति, रूपेश पटेल, राहुल दुबे, दीपक श्रीवास्तव, ममता खरे, मालती वर्मा, शैलू गुप्ता, कुसुम झरिया आदि उपस्थित रहे।

# पमरे में स्वच्छता पखवाड़ा का दूसरा दिन, रेलवे और नगर निगम ने संयुक्त रूप से किया श्रमदान

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत पूरे भारतीय रेलवे में 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाता है। पमरे महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं तीनों मण्डलों के मण्डल रेल प्रबंधकों के निर्देशन में शनिवार को स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का शुरू किया गया। इसी कड़ी में रविवार को स्वच्छ संवाद दिवस के अवसर पर पश्चिम मध्य रेल के तीनों मंडलों में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाया गया। स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के दूसरे दिन जबलपुर मण्डल में रविवार को नगर निगम जबलपुर, स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) एवं मुख्य वाणिज्य निरीक्षक (क्लीनिंग) के सयुंक्त प्रयास से जबलपुर के प्लेटफार्म क्रमांक-1 पर कांकोर्स एरिया एवं सरकुलेटिंग एरिया मे नुक्कड़ नाटक, श्रम दान एवं प्लास्टिक का उपयोग बंद करने के लिये यात्रियों से संवाद किया गया। भोपाल मंडल में रेल कर्मियों द्वारा मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं रेल कॉलोनियों में यात्रियों एवं कॉलोनी वासियों से स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाकर संवाद किया गया साथ ही प्लास्टिक के थैली के बजाए कपड़े के थैले के उपयोग करने का अनुरोध भी किया गया। इसी प्रकार कोटा मंडल में कोटा स्टेशन सहित अन्य प्रमुख स्टेशनों पर रेलवे स्टेशन कर्मचारी गण, स्काउट एवं गाइड, रोवर रेंजर एवं गाइड यूनिट द्वारा साफ सफाई के कार्यों के साथ गीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जन को सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने में योगदान के लिये प्रेरित किया गया इसके साथ विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर जन उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखने की अपील भी की गई।



# रेलवे के ब्लड डोनेशन कैंप में 53 यूनिट रक्त संचित

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे चिकित्सा विभाग तथा जिला चिकित्सालय एवं स्टाफ बेनिफिट फंड के सहयोग से कटनी रेल चिकित्सालय में शनिवार को एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। डीआरएम विवेक शील के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. निर्मला गुप्ता के निर्देशन में उप मंडलीय रेल चिकित्सालय न्यू कटनी जंक्शन में आयोजित इस रक्त दान शिविर मे 53 यूनिट ब्लड का डोनेशन किया गया। इस शिविर में मंडल यांत्रिकी अभियंता क्षेत्रीय प्रबंधक कटनी सहित रेलवे की अनेक अधिकारी उपस्थित थे। शिविर में रेलवे के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया इस दौरान व्यवस्था बनाने में रेलवे के सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड तथा दोनों यूनियनों के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।



# फिशरीज की ट्रेनिंग वाला एक्वा फार्म जबलपुर में ही स्थापित हो

**जबलपुर,देशबन्धु।** समूचे प्रदेश में छात्रों एवं मत्स्य पालन उद्योग में शामिल लोगों को ट्रेनिंग देने वाला फिशरीज कॉलेज जबलपुर में स्थापित है, इस तथ्य की अनदेखी कर फिशरीज ट्रेनिंग सेंटर वाला एक्वा फार्म भोपाल में प्रस्तावित कर दिया गया है । जबकि भोपाल में इस संस्था को घोषित करने के पूर्व में कोई भी सर्वे नहीं किया गया है।

एक्वा फार्म के लिए जबलपुर उपयुक्त जगह है न कि भोपाल, यह बताते हुए डॉ.पीज नाजपांडे ने मप्र फिशरीज विभाग की प्रमुख सचिव तथा संचालक को ईमेल भेजा।

### बरगी डैम के आस पास 250 करोड़ के लागत से एक्वा टूरिजम विकसित हो सकता है

डॉ.पीजी नाजपांडे के अनुसार तकनीकी दृष्टि से जबलपुर तथा नागपुर के बीच एक्वा कॉरीडोर बनाने के लिए उपयुक्त जगह बतायी गई है, जिसके तहत बरगी डैम के आस पास 250 करोड़ के लागत से एक्वा टूरिजम विकसित हो सकता है इससे विटनरी यूनिवर्सिटी तथा मत्स्य पालन विभाग के तालमेल से ट्रेनिंग सेंटर तथा एक्वारियम आदि बनाया जा सकेगा।

## पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के आगमन को लेकर बैठक

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला कांग्रेस कमेटी ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के 21 सितंबर को होने वाले पाटन प्रवास को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। इसी के चलते बेलखाडू ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रिंकू तिवारी के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। इसमें अध्यक्ष डा. नीलेश जैन ने कहा कि प्रवास को सफल बनाने के लिये सभी कार्यकर्ता जुट जाये। इसके लिये अन्य नेताओं ने भी अपने सुझाव दिये। इस मौके पर रामसहाय चौबे, राजेश पटैल, राधेश्याम चौबे, वीरेंद्र चौबे, विनीता यादव, संगीता सिंह, सतेंद्र चौबे, विमल जैन, विनोद श्रीवास्तव, दिनेश यादव, नीतेश पटैल, अभय पटेल, शुभम पटेल आदि ने भी अपनी बात रखी।



# पांच माह में गंदगी फ़ैलाने वालों से 08 लाख 20 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों के सभी स्टेशनों पर स्टेशन परिसर एवं गाड़ियों में स्वच्छ, सुखद एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण मुहैया कराने के प्रति लगातार प्रयासरत है। मण्डलों के रेलवे स्टेशनों एवं रेलगाड़ियों में नियमित साफ सफाई सुनिश्चित की जाती है, साथ ही नियमित उद्घोषणा के माध्यम से यात्रियों को जागरुक भी किया जाता है। इसके अंतर्गत यात्रियों से स्टेशन परिसर को साफ सुथरा रखने, धूम्रपान नहीं करने तथा यहां वहां गंदगी नहीं करने के लिए जागरूक किया जाता है। बार-बार समझाइश के बावजूद कुछ लोग लापरवाही बरतते हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ रेल प्रशासन द्वारा समय-समय पर रेलवे अधिनियम के अंतर्गत जुर्माने की कार्यवाही की जाती है।



रेलवे द्वारा अगस्त माह में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 1116 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 01 लाख 65 हजार 550 रूपये जुर्माना वसूला गया। इस प्रकार पमरे के तीनों मंडलों पर अप्रैल माह से अब तक पांच माह में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 5530 मामले पकड़े गए, जिनसे कुल 08 लाख 20 हजार 970 रूपये जुर्माना वसूला गया। जुर्माने वसूली के साथ साथ लोगों को रेल परिसर साफ सुथरा रखने की समझाईश भी दी जाती है। साथ ही गंदगी से होने वाले नुकसान की जानकारी दी जाती है।

रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि रेलवे आपकी अपनी संपत्ति है, रेल परिसर में कृपया गंदगी न फैलाएं। स्टेशन का वातावरण स्वच्छ, सुंदर रखने में रेल प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों में सहभागी बनें। गंदगी करने वालों के विरुद्ध आगे भी ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे।






## ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को दिये नियुक्ति पत्र

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शनिवार को रविंद्र भवन भोपाल में मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड जबलपुर के 6 लेखा अधिकारी, 42 कनिष्ठ अभियंता (वितरण) एवं 4 कनिष्ठ अभियंता (सिविल) को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया. सभी नव नियुक्त लेखा अधिकारियों और कनिष्ठ अभियंताओं को ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी द्वारा हार्दिक शुभ कामनाएं दी गई तथा उज्जवल भविष्य की कामना की गई।




**सोनू पोल्ट्री**

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 122

मीडियम ब्रॉयलर - रु. 124

छोटा ब्रॉयलर - रु. 126

मोबाइल नं. 9300692405

**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

मुर्गा छोटा - रु. 130

मुर्गा मीडियम - रु. 128

मुर्गा बड़ा - रु. 126

मुर्गा जम्बो - रु. 126

मो.-9039925000, 9425800409

**आसान किस्तों में उपलब्ध** **मिश्रा इन्टरप्राइजेज**

सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है

1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।

एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है। 441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर मो. 9200000162 फोन- 2626496

# मेरा शहर

' स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक'

सुप्रभात से शुभरात्रि तक

## गणेश धाम में विराजेंगे चांदी से बने श्रीगणेश जी महाराज

**जबलपुर, देशबन्धु।** सिद्ध गणेश धाम में सच्चे मन से पहुँचने वाले सभी श्रद्धालुओं की मनोकामनाएँ पूर्ण होती है। चाँदी से बने भगवान श्री गणेश जी सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण कर घरों में सुख, शांति एवं समृद्धि लाते हैं। उक्त विचार ललपुर स्थित श्री सिद्ध गणेश धाम एवं रजत गणेश मंदिर के आचार्य पं. प्रमोद तिवारी ने व्यक्त किये।

उन्होंने 18 अगस्त से प्रारंभ होने वाले महागणेशोत्सव के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि ललपुर के इस गणेश धाम में 10 दिनों तक हजारों श्रद्धालुजन परिवार सहित आकर रजत भगवान गणेश जी का दर्शन करते हैं और दर्शन करने मात्र से सभी भक्तों की भगवान गणेश सम्पूर्ण मनोरथ पूर्ण करते हैं। आचार्य श्री तिवारी ने कहा कि गणेश धाम रजत गणेश मंदिर के नाम से विगत 13 वर्षो से प्रसिद्ध हैं।

उन्होंने बताया कि मंदिर में 18 सितम्बर को चॉंदी से बने श्रीगणेश जी के विराजते ही शुरू होगा महागणेशोत्सव का पर्व। पिछले



13 वर्षो से इस श्री सिद्ध गणेश धाम, रजत गणेश मंदिर, ग्वारीघाट में चाँदी से निर्मित गणेश मूर्ति की स्थापना होती आ रही है। आचार्य श्री तिवारी ने जानकारी दी कि विगत दो वर्षों में कोरोना महामारी के कारण स्थापना नहीं हो पायी थी इस वर्ष पुन: 18 सितम्बर दिन सोमवार 07:00 बजे मंदिर परिसर में मूर्ति की स्थापना होगी। 18 सितम्बर से 28 सितम्बर तक प्रतिदिन षोड़ोपचार से गणेश जी का सस्राचर्न किय जावेगा।

सनातन धर्म में चाँदी से निर्मित मूर्ति की पूजा करने से विशेष धन, वैभव, सुख, शांति, सम्पदा प्राप्त होती है एवं विघ्न हरता सारे दु:खो को हर लेते है, 28 सितम्बर अनंत चतुर्दसी के दिन हवन पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन है एवं उसी दिन शाम को गणेश जी का जल विहार करके गणेश जन्म उत्सव का समापन हो जावेगा, 10 दिनों तक मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जावेगा, प्रतिदिन महाआरती रात्रि 8 बजे होगी उसके पश्चात प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया जावेगा।

## श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में सांध्य फेरी निकली

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में दस दिवसीय श्री गणेश पर्व 2023 के धार्मिक आनंद उत्सव के पूर्व 17 सितम्बर रविवार सायं 3.30 बजे से सांध्य फेरी के धार्मिक आयोजन में भरी संख्या में गणेश भक्त सम्मलित हुये, जिसमें पूर्व महापौर स्वाती सदानंद गोडवोले, अन्य राजनैतिक एवं धार्मिक गण्मान्य सम्मलित हुये। समिति के सदस्य,नगर के गणमान्य, समिति की मात्र शक्ति का विशेष सहयोग रहा। भगवान श्री गणेश जी का पूजन एवं सांध्य फेरी के धार्मिक आयोजन में धूमधाम से सभी गणेश भक्तों ने उत्साह और उमंग से दस दिवसीय गणेश पर्व की शुरूवात की एवं भगवान श्री गणेश जी से सभी के कल्याण की कामना गई,समिति के अनिल सिंह,श्री मति सीमा सिंह, विजय चौधरी,राकेश पटेल, मोहन अग्रवाल ,रामेश्वर चौबे एवं सुप्तेश्वर गणेश भक्त उपस्थित रहे।



## ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज का जन्मोत्सव आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में आज ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के 99 वा जन्मोत्सव पर धार्मिक आयोजन किए जाएंगे सर्वप्रथम मां भगवती का श्रृंगार अर्चन अभिषेक गुरु भक्तों द्वारा पूज्य महाराज श्री का 11 बजे का पूजन किया जाएगा ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी महाराज के सानिध्य में सायं काल महा आरती विशेष पूजन एवं नर्मदा जी में दीपदान किए जाएंगे। गौरतलब है कि महाराज जी का संस्कारधानी से विशेष लगाव रहा था। यहां पर हजारों की संख्या में ब्रम्हलीन जगतगुरू के शिष्य हैं। जो आज भी उनका समय-समय नमन करते रहे हैं। सिविक सेंटर के बगलामुखी सिद्ध पीठ में महाराज श्री प्रवास रहते थे।

## चाँद दिखा, ईद मिलादुन्नबी नबी 28 को

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुफ्तीए आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना मुहम्मद हामिद अहमद कादरी ने अपने एक बयान मे कहा कि 16 सितंबर मुताबिक 29 सफर शनिवार को रबी उल अव्वल का चाँद नज़र आ गया है। लिहाजा 28 तारीख दिन जुमेरात मुताबिक 12 रबी उल अव्वल को ईद मिलादुन्नबी मनाई जाएगी। गौरतलब है कि मुस्लिम धर्मालंबी पैगंबर ए इस्लाम के यौमे विलादत ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जुलूस निकालकर अपनी अक़ीदत और मुहब्बत का इजहार करते हैं।

पर्व को देखते हुये अभी से तैयारियों को अंजाम दिया जा रहा है। ईदमिलादुन्नबी को श्रद्धा और उल्लास के बीच मनाया जाता है। यहां गंगा जमुनी की परंपरा रही है।

## सेवा पखवाड़ा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ महानगर द्वारा सेवा पखवाड़ा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सामुदायिक भवन रामपुर छापर में हुआ।


स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सा प्रकोष्ठ के चिकित्सकों द्वारा निशुल्क मधुमेह जांच रक्तचाप जांच, एवं दंतो के इलाज कर उचित मार्गदर्शन एवं शिविर में आए 765 मरीजों को निशुल्क दवाइयां वितरण की गई।

स्वास्थ्य शिविर में भा जा पा नगर के अध्यक्ष प्रभात साहू, भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक डॉ अश्विनी कुमार त्रिवेदी, जिला संयोजक डॉ विवेक जैन, सहसंयोजक डॉ वीरेंद्र साहू, डॉ आशिमा शर्मा, डॉ प्रियंक दुबे,डॉ सचिन बुधौलिया, डॉ अमरीश पांडे,डॉ ऋषि उपाध्याय,डॉश्रीकांत साहू, डॉ आशुतोष त्रिपाठी,डॉ प्रिया त्रिपाठी आदि ने अन्य चिकित्सकों स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाया।

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की अध्यक्ष रूपा राव, डॉ जयराम तिवारी,शुभम अवस्थी, रंजीत सिंह, संजय नहाटकर, रवि साहू उपस्थित थे।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सोनू बचवानी,राहुल पाल,दीपांशु पाठक ,सचिन सोनकर,विवेक शिवहरे,सुरेश केसरवानी, अभिषेक तिवारी, ऋषि राय, आशीष जैन, अमित जैन,दीपक सोनी, राजेश मूलचंदानी,रूबल गुप्ता,भागचंद पटेल,रजनीश गुप्ता,बल्ला केसरवानी, अतुल जैन, श्याम विश्वकर्मा ,अंकित पाठक आदि उपस्थित थे।

## श्री विश्वकर्मा भगवान का पूजन अर्चन भक्त जनों ने किया



**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री विश्वकर्मा भगवान पूजन के शुभ अवसर पर श्री विश्वकर्मा भगवान मंदिर तुलाराम चौक, में अध्यक्ष अध्यक्ष रविंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि विश्वकर्मा भगवान जी का महाभिषेक, हवन ,पूजन के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया, इस अवसर पर अध्यक्ष रविंद्र विश्वकर्मा, विजय विश्वकर्मा, रामपत विश्वकर्मा, अजय विश्वकर्मा, हर जीवन विश्वकर्मा, कमलेश विश्वकर्मा, जय विश्वकर्मा, अजय शर्मा, व यमुना विश्वकर्मा आदि मंदिर मौजूद रहे, छकौड़ी राम जानकी बाई गुरु विश्वकर्मा मंदिर ट्रस्ट तुलाराम चौक विश्वकर्मा भगवान जी का महाभिषेक, हवन ,पूजन के उपरांत सभी भक्त जनों को प्रसाद वितरण किया गया।

## मय विश्वकर्मा समाज ने विश्वकर्मा भगवान का पूजन कर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**जबलपुर, देशबन्धु।** अत्यंत ही हर्ष हो रहा है, की मय विश्वकर्मा समाज संस्था के तत्वाधान में 16 वर्ष से प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी 17 सितम्बर 2023 दिन रविवार को विश्वकर्मा भगवान का पूजन अर्चन समाज के वरिष्ठ जन गोरखनाथ शर्मा, विष्णु दयाल शर्मा, लाला बिहारी शर्मा, सत्य नारायण शर्मा द्वारा भगवान श्री विश्वकर्मा पूजन किया गया, इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज ने अपनी संस्कृति, संस्कार एवम एकता परिचय दिया जाता है। समाज के लोग बड़ी संख्या में अपने परिवार के साथ इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर हो कर बड़े ही हर्षोउल्लास संगीत भजन सांस्कृतिक नित्य के साथ प्रभु श्री विश्वकर्मा देव का पूजन अर्चन कर, भोग प्रसादी भंडारे किया गया है, साथ ही समाज वरिष्ठजन एवम के महिला वर्ग का स्वागत सम्मान किया गया, मय विश्वकर्मा समाज संस्था द्वारा मीडिया से जुड़े प्रतिनिधियों के प्रति साधुवाद ज्ञापित किया। यह भी कहा गया कि इसी तरह आगे भी अपना सहयोग देते रहे हैं, ऐसी उम्मीद की जाती है।

इस अवसर पर समाज कृष्ण कुमार शर्मा अध्यक्ष, त्रिलोकी शर्मा, राज कुमार शर्मा, जय प्रकाश, श्री राजेश्वर शर्मा, संजय शर्मा, कोषाअध्यक्ष विजय शर्मा, मय विश्वकर्मा संस्था के लोग उपस्थित थे।

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता रईस अंसारी आज उमराह के लिए रवाना हुए

**जबलपुर, देशबन्धु।** ठक्करग्राम वार्ड निवासी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रईस अंसारी अपने बेटे एड, उवैज अहमद अंसारी के साथ मुकद्दस मक्का और मदीना शरीफ की जियारत करेंगे। रईस अंसारी व उबेज रविवार 17 सितंबर को डुमना विमानतल से मुम्बई के लिए रवाना हुए। जहां से वे उमरा के लिए साउदी अरब की उड़ान भरेंगे। आज 17 सितंबर को उनके सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के काफिले के साथ डुमना एयरपोर्ट पहुंच इस अवसर पर सभी धर्मों के लोगों ने फूलमालाओं एवं मिष्ठान खिलाकर उनका इस्तकबाल किया।



## रक्तदान शिविर में 14 यूनिट रक्त का संग्रह

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आयुष्मान भव अभियान गतिविधि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत डीएनए वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से रविवार को सुहागी स्थित सीताराम मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में 14 यूनिट रक्त का संग्रह जिला चिकित्सालय के तकनीकी विशेषज्ञ मुकेश मिश्रा एवं टीम द्वारा किया गया।

डीएनए वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष कविता मेघानी, रेडक्रॉस सोसाइटी के कार्यकारी सदस्य सुनील गर्ग भी शिविर में उपस्थित रहे।

## दैनिक राशिफल

**सोमवार 18 सितम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080,शक संवत 1945 हिजरी 1444। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया, नक्षत्र-चित्रा।**

**मेष**
आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन लाभदायक रहेगा। लंबे समय का आर्थिक आयोजन पूरा कर सकेंगे।

**कर्क**
आज काम की सफलता आपकी राह देख रही है। इस कारण आपका आनंद उत्साह दोगुना होगा। मानसिक ताजगी और खुशी का अनुभव होगा।

**वृषभ**
परिश्रम की अपेक्षा कम परिणाम मिलने पर भी आप निष्ठापूर्वक काम को आगे बढ़ाएंगे। वाणी की मधुरता अन्य लोगों को प्रभावित करेगी।

**सिंह**
आपका दिन मिश्रित फलदायी होगा। लंबी अवधि का आयोजन आपको दुविधा में डालेगा। काम में निर्धारित सफलता नहीं मिलेगी।

**मिथुन**
आज आपका कुछ ज्यादा ही इमोशनल बना रहेगा। विशेष रूप से पानी वाली जगहों पर जाने से बचें। मन किसी बात को लेकर उलझन में रहेगा।

**कन्या**
आपकी वाणी का माधुर्य नए संबंध स्थापित करने में उपयोगी साबित होंगे। वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। व्यापार- धंधे में लाभ के साथ सफलता मिलेगी।

क.

**तुला**
आज आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। मानसिक स्वास्थ्य में भी कमी रहेगी। मनमाना व्यवहार आपको मुसीबत में डाल सकता है।

**मकर**
आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। बौद्धिक कामों और व्यवसाय में नई विचारधारा अमल में लाएंगे।

**वृश्चिक**
नौकरी-धंधा और व्यवसाय के क्षेत्र में आज आपको लाभ होगा। इसके साथ मित्रों, सगे- संबंधियों और बुजुर्गों से भी लाभ मिलेगा।

**कुंभ**
नकारात्मक विचारों से मन में हताशा पैदा होगी। इस समय मानसिक उद्वेग और क्रोध की भावना का अनुभव करेंगे। खर्च बढ़ेगा।

**धनु**
काम में सफलता का दिन है। नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। व्यापारी अपने बिजनेस का आयोजन और विस्तार अच्छी तरह कर सकेंगे।

**मीन**
दैनिक कामों से बाहर निकल कर आज आप घूमने- फिरने और मनोरंजन के पीछे समय व्यतीत करेंगे। स्वजनों तथा मित्रों के साथ पिकनिक पर जा सकते हैं।

मा.

## डेपुटेशन पर गये कर्मचारियों को मूल विभाग में भेजा जाए

**जबलपुर, देशबन्धु।** जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि प्रदेष के 56 विभागों में देखा जा रहा है कि उनके कर्मचारी और अधिकारी डेपुटेशन या यू कहें कि प्रतिनियुक्ति पर अपने विभाग को छोड़ कर अन्य विभागों में या फिर अपने कार्यालय, संस्था को छोड़ कर अन्य कार्यालयों में प्रतिनियुक्ति पर गए हुए है जो वापस आने का नाम ही नहीं लेते। वजह यह है कि उनकी अन्य कार्यालयों के अधिकारियों से सांठगांठ के चलते वे अपने विभाग या कार्यालय एवं संस्था में वापस जाना नहीं चाहते। यही वजह है कि प्रतिनियुक्ति का समय समाप्त होने के बावजूद भी वे वहीं ठटे रहते हैं जिससे उनके मूल विभाग, कार्यालय या संस्था का कार्य प्रभावित होता है।

संघ ने आगे बताया कि किसी भी कर्मचारी को प्रतिनियुक्ति सिर्फ 3 वर्ष के लिए ही दी जाती है विषेश परिस्थितियों में 1 साल की वृद्धि की जा सकती है उससे ज्यादा नहीं। परंतु वरिष्ठ अधिकारियों की महरवानी के चलते ये कर्मचारी तीन वर्ष बीत जाने के बावजूद भी प्रतिनियुक्ति वाले पदों पर डटे रहते है।

संघ के जिलाध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, हेमंत ठाकरे, गुडविन चार्ल्स, राजकुमार यादव, रऊफ खान, फिलिप अन्थोनी, विनोद सिंह, उमेश सिंह ठाकुर, सुनील झारिया, क्रिस्टोफर नरोन्हा, एनोस विक्टर, मनीष मिश्रा, राजेन्द्र सिंह, रामदयाल उईके, धनराज पिल्ले, सुधीर अवधिया, आबिद खान, अफरोज खान, देवेन्द्र पटेल, मनीष झारिया, सुधीर पावेल, गोपीषाह, रवि जैन, नेत राम, नीरज मरावी, वीरेन्द्र श्रीवास, विजय झारिया, सुनील स्टीफन, विनय रामजे, रामकुमार कतिया, सरीफ अहमद अंसारी, आषीष कोरी, प्रदीप पटेल, मनीष मिश्रा, संतोष चैरसिया, एस.बी.रजक, अजय मिश्रा, सुखराम विश्वकर्मा, रामाधर चैधरी, आदि ने विभाग प्रमुखों से मांग की है कि उनके अधीनस्थ ऐसे कर्मचारी जो प्रतिनियुक्ति पर अन्य विभागो, कार्यालयों में तीन वर्ष से ज्यादा हो जाने के बावजूद जमें हुए है उन्हे नियम के तहत अतिशीघ्र उनके मूल कार्यस्थलों पर भेजा जाए।

## स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती : युग-युगांतर में जन्म लेती हैं ऐसी विभूती

### ब्रम्हलीन द्वि-पीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य की सौ वीं जयंती पर विशेष

**जबलपुर, देशबन्धु।** हरतालिका तीज को पूरे एक शतक पहले 1923 में धरा पर अवतरित हुए द्वि-पीठाधीश्वर जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज को ब्रम्हलीन हुए पूरा एक वर्ष और 7 दिन हो गए हैं। उन्होंने सनातन धर्म के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया है। उनका कृतित्व इतना महान है कि उसे देखा जाए तो यह कहना अतिशयुक्ति नहीं होगा कि उनके जैसी विभूति युगों-युगांतर में धरा पर आती हैं।

भगवान आद्य शंकराचार्य के द्वारा ढाई हजार साल पहले भारत भूमि पर जिस समय अवतार लिया था वह वक्त सनातन धर्म के लिए संकट काल था,बौद्ध धर्म पांव पसार रहा था,सनातन धर्म पतन को प्राप्त था। ऐसे में उन्होंने न सिर्फ सनातन धर्म की पुर्नस्थापना की अपितु देश को चारों दिशाओं में चार पीठ बनाकर उन पर अपने चार शिष्यों को आचार्य बनाया ये परंपरा अब तक कायम है और पूर्व में पूर्वाम्नाय गोवर्धन पीठ,पश्चिम में द्वारका-शारदा पीठ,उत्तर में बद्रीनाथ और दक्षिण में श्रृंगेरी पीठ में नियुक्त होने वाले आचार्य ही शंकराचार्य कहलाए। स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती देश के पहले ऐसे शंकराचार्य हुए हैं जिन्होंने इन 4 सर्वमान्य पीठों में से दो पीठों पर आसीत होकर द्विपीठाधीश्वर जगदगुरू शंकराचार्य की उपाधि प्राप्त की।



**देश को दी दिशा, सनातन का परचम फहराया**-बचपन से वे सन्यास की ओर उन्मुख थे।अल्पायु में उन्हें रामचरित मानस कंठस्थ हो चुकी थी। अपने साथ हमेशा पोथी रखते थे जिसके कारण उनका नाम उनके पिता धनपतराय उपाध्याय और माता गिरिजा देवी ने अपने गुरू से पूछकर पोथीराम रख दिया। अल्पायु में ही वे साधु मंडली के साथ बनारस चले गए। जब वे त रुण अवस्था में थे उस वक्त देश में स्वतंत्रता संग्राम चल रहा था। 1942 में महात्मा गांधी के भारत छोड़ो आंदोलन में उतर पड़े। उनके युवा मन में क्रांतिकारियों का बलिदान ने बड़ा प्रभाव डाला था,अंग्रेजों की नाक में दम करते हुए पोस्ट ऑफिस लूटकर ग्रामीणों में बांट देना,रेल की पटरियां उखाड़ने जैसे काम किए। मुखबिरी में पकड़ेगए और 3 बार जेलयात्राएं भी कीं। देश की स्वतंत्रता के बाद गौ सेवा और यायावरी जीवन अपनाया धर्म का प्रचार करते रहे। 1973 में बद्रीनाथ के तत्कालीन शंकराचार्य के ब्रम्हलीन होने के उपरांत भारत धर्म महामंडल व तत्कालीन बाकी पीठों के शंकराचार्य वृंदों ने उन्हें ज्योतिष्पीठाधीश्वर बदरीकाश्रम का शंकराचार्य पद पर अभिषेक कर घोषित किया। इसके उपरांत वर्ष 1984 में द्वारका शारदा पीठ के तत्कालीन शंकराचार्य अभिनव विद्यातीर्थ महाराज की इच्छाअनुसार उन्हें द्वारका-शारदा पीठ का शंकराचार्य बनाया गया। इस तरह वे देश के पहले दो पीठों पर आसीत पहले शंकराचार्य बने।

**राम मंदिर की राह प्रशस्त की**-राजनीतिक कारणों से भले ही उन्हें राम मंदिर का श्रेय न मिले मगर ये न्यायालय के दस्तावेजों से जाना जा सकता है कि राम मंदिर के प्रमाण उपलब्ध करवाने में और इसकी कानूनी लड़ाई में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। सनातन धर्म के खिलाफ या प्रतिकूल केन्द्रीय सरकार के निर्णयों में विरोध करने वाले वे सबसे पहले खड़े होते आए हैं। चाहे राम के अस्तित्व पर उठाए गए सवाल हों या रामसेतु को नकारने वाली बातें वे तत्कालीन कांग्रेसकी यूपीए सरकार के खिलाफ रहे। गंगा सफाई अभियान शुरू करने उनका संघर्ष सर्वविदित है। गुजरात के अकाल में मालगाड़ियों में भरकर गौवंश के लिए चारे का इंतजाम करवाया।चारों शंकराचार्यों को एक मंच पर लाकर उन्होंने ही चर्तुष्पीठ सम्मेलनों की शुरूआत करवाई। राममंदिर के लिए उनके द्वारा गठित रामालय न्यास के माध्यम से देश भर में राम जन्मभूमि के प्रति जनचेतना जागृत की। विश्व के सबसे बड़े स्फटिक शिवलिंग की स्थापना सिवनी के दिघौरी में जहां की उनका जन्मस्थान है पर करवाया। उनका कृतित्व दर्शाना आसान काम नहीं है। शब्द सीमा में यह कभी नहीं आ सकता।

**वह स्नेह भरी नजरें अब नहीं**

सनातन धर्म के धर्म सम्राट होते हुए भी उनका सहज और सरल व्यक्तित्व अविस्मरणीय रहेगा। उनकी स्नेहभरी नजरें जब किसी अनजान और परिचित पर भी पड़तीं तो वह कृतार्थ हो जाता।

जीवन के अंतिम समय तक भी वे सनातन धर्म के प्रति समर्पित रहे। अब उनकी स्नेह भरी नजरें भौतिक संसार में भले ही न हों पर हम सभी के जीवन में हमेशा उनका अस्तित्व बना रहेगा।

- **डॉ. सुश्री कल्याणी पाण्डेय**
पूर्व महापौर-विधायक

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**रानी बाई त्रिपाठी**- ग्राम डिठवारी कटनी निवासी दिगम्बर प्रसाद त्रिपाठी की धर्मपत्नी रानी बाई त्रिपाठी (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**अनिल कुमार महात्मा**- सेठी नगर एफसीआई गोदाम के पास निवासी अनिल कुमार महात्मा (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**सुरेश लाल यादव**- शांतिनगर रांझी निवासी श्रीराम यादव के पुत्र सुरेश लाल यादव (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**दशोदा चौधरी**- रामहरख का बगीचा नेहरू वार्ड निवासी छोटे लाल चौधरी की धर्मपत्नी दशोदा चौधरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**अक्षय पटेल**- गोल बाजार कछियाना लार्डगंज निवासी रमेश पटेल के पुत्र श्री अक्षय पटेल (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**विनोद कुमार चौरसिया**- छोटी ओमती निवासी विनोद कुमार चौरसिया (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**राधिका मेहरा**- दुर्गा नगर ग्वारीघाट निवासी राजेश मेहरा की पुत्री कु. राधिका मेहरा (19) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**सतमन बाई वर्मा**- न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी सरजू प्रसाद वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती सतमन बाई वर्मा (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**अंकुर सिंह**- घाना खमरिया निवासी रामजी सिंह के पुत्र अंकुर सिंह (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**राम शंकर चौधरी**- हनुमान टोरिया कांचघर निवासी राम शंकर चौधरी (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**किरण बावरिया**- सदर केंट निवासी श्री सेवक लाल बावरिया की धर्मपत्नी श्रीमती किरण बावरिया (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**तिजिया बाई चौधरी**- भानतलैया चौधरी मोहल्ला निवासी छोटे लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती तिजिया बाई चौधरी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**बब्बन बाई तेलोरे**- सिविल लाइन निवासी यशवंत राव तेलोरे की धर्मपत्नी श्रीमती बब्बन बाई तेलोरे (96) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**दमयंती गढ़वाल**- आई 64, अवधपुरी कॉलोनी ग्वारीघाट निवासी काशी प्रसाद गढ़वाल की धर्मपत्नी श्रीमती दमयंती गढ़वाल (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

# 5 दुकानों में बिक रही थी ब्रांडेड कंपनी की नकली एसेसरीज

## पुलिस ने दी दबिश, सारा सामान जप्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** ओमती थाना क्षेत्र स्थित नौदराब्रिज व जयंती कॉम्प्लेक्स की पांच दुकानों पर एप्पल कंपनी के नाम से नकली एसेसरीज बेची जा रही है। इस बात का खुलासा रविवार को ओमती थाना पुलिस द्वारा दी गई दबिश में हुआ। पुलिस ने इन दुकानों से 296 मोबाईल कवर, 06 एयर पोट, 03 नग बैटरी, 09 नग यूएसबी केवल, 03 नग एडाप्टर, 02 नग चार्जर बरामद किए हैं।

इस संबंध में पुलिस ने बताया कि विशाल सिंह जडेजा उम्र 44 वर्ष निवासी मधुकुंज सोसाईटी मणीनगर पूर्व अहमदाबाद गुजरात ने लिखित शिकायत की है कि वह ग्रीफिन इंटेलेक्चुअल प्रायवेट लिमिटेड कम्पनी में रीजनल मैनेजर के पद पर कार्यरत है। उन्होंने बताया कि जबलपुर में नौदराब्रिज व जयंती कॉम्प्लेक्स स्थित कुछ दुकानों से एप्पल कंपनी की नकली एसेसरीज बेची जा रही है। जिसके बाद पुलिस ने पांचों दुकानों पर सिलसिलेवार दबिश दी व जांच की तो एप्पल कंपनी के नाम से बेची जा रही नकली एसेसरीज बरामद की। पुलिस ने पांचों दुकान के संचालक सचिन सक्सेना, संतोष कुमार ओचवानी, अनिकेत अग्रवाल, विशाल जोहरानी एवं सपन गुप्ता के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।



**296 मोबाईल कवर, 06 एयर पोट, 03 नग बैटरी, 09 नग यूएसबी केवल, 03 नग एडाप्टर, 02 नग चार्जर**

### जयंती कॉम्प्लेक्स में ऑल-टू औल शॉप

पुलिस ने जयंती काम्प्लेक्स में सचिन सक्सेना की आल टू आल मोबाइल शॉप में दबिश देकर जांच की. जांच के दौरान दुकान से एप्पल कम्पनी के प्रतीक चिन्ह लगे 296 मोबाईल कवर , 06 नग एयर पोट, 03 नग बैटरी, 09 नग यूएसबी केवल, 03 नग एडाप्टर, 02 नग चार्जर मिले .

**महालक्ष्मी ट्रेडिंग कंपनी**-संतोष कुमार ओचवानी उम्र 50 वर्ष निवासी मुस्कान प्लाजा विजय नगर की महालक्ष्मी ट्रेडिंग में दबिश एप्पल कम्पनी के जैसे मोनो के 243 कवर, 113 नग एयरपाट, 11 नग चार्जर, 04 नग घड़ी) बरामद की है।

### नौदराब्रिज न्यू राम मोबाइल

अनिकेत अग्रवाल उम्र 23 साल निवासी आरटीओ आफिस करमेता के सामने थाना माढोताल की न्यू राम मोबाइल शॉप पर दबिश देकर 27 मोबाईल कवर, 8 एडाप्टर, 2 पावर बैंक, 04 एयर पोट जब्त किए.

**द फोन स्टोरी शॉप**-विशाल जोहरानी उम्र 36 साल निवासी आईडिल ग्राउण्ड नर्मदा रोड थाना ग्वारीघाट की नौदराब्रिज स्थित द फोन स्टोरी शॉप पर दबिश देकर आइफोन मोबाइल के 60 कवर, 4 केबिल, 01 हैंडफ्री बरामद किया है.

**धर्मेन्द्र इलेक्ट्रानिक्स**-नौदराब्रिज स्थित धर्मेन्द्र इलेक्ट्रानिक्स के संचालक सपन गुप्ता उम्र 38 वर्ष निवासी 148 जय नगर यादव कालोनी को अवगत कराते हुए दबिश दी. जांच करने पर आईफोन मोबाईल के 60 कवर, 04 केबिल एवं 01 हैंडफ्री बरामद किया गए है।

# रतलाम मंडल में भारी बारिश के चलते कुछ गाड़ियों के मार्ग परिवर्तित, 2 गाड़ियां निरस्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम रेल, रतलाम मण्डल में भारी वर्षा के चलते ट्रैक पर जल भराव होने के कारण संरक्षा एवं यात्री सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये एहतियात के तौर पर कुछ गाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से चलाने का निर्णय लिया गया है। 16.09.2023 को प्रारंभिक स्टेशन से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 05054 बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर स्पेशल एक्सप्रेस को रद्द किया गया है। 17.09.2023 को प्रारंभिक स्टेशन से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12995 बांद्रा टर्मिनस-अजमेर एक्सप्रेस को रद्द किया गया है। 16.09.2023 को प्रारंभिक स्टेशन से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 04711 बीकानेर-बांद्रा टर्मिनस ट्रेन निर्धारित मार्ग की बजाय वाया नागदा-रतलाम-चित्तौड़गढ़-उदयपुर- अहमदाबाद से होकर बांद्रा टर्मिनस पहुंच रही है। 16.09.2023 को प्रारंभिक स्टेशन से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 19167 अजमेर-वाराणसी सिटी ट्रेन निर्धारित मार्ग की बजाय वाया वड़ोदरा सूरत जलगाँव-खंडवा-इटारसी-भोपाल-बीना से होकर गंतव्य को पहुंच रही है। 17.09.2023 को प्रारंभिक स्टेशन से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 19489 अहमदाबाद एक्सप्रेस-गोरखपुर निर्धारित मार्ग की बजाय वाया वड़ोदरा-सूरत-जलगाँव-खंडवा-इटारसी-भोपाल से होकर गंतव्य को जायेगी। 16.09.2023 को प्रारंभिक स्टेशन से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12937 गाँधीधाम जंक्शन-हावड़ा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग की बजाय वाया वड़ोदरा-सूरत-जलगाँव-भुसावल-खंडवा-इटारसी-संतहिरदाराम नगर-नागदा से होकर हावड़ा पहुंच रही है। 16.09.2023 को प्रारंभिक स्टेशन से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12284 निजामुद्दीन-एरणाकुलम एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग की बजाय वाया नागदा - भोपाल-इटारसी-खंडवा-जलगाँव-कल्याण-पनवेल से होकर गंतव्य को पहुंचेगी।16.09.2023 को प्रारंभिक स्टेशन से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12472 श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग की बजाय वाया नागदा-भोपाल-इटारसी-खंडवा-जलगाँव-सूरत-मुंबई सेंट्रल से होकर गंतव्य को पहुंचेगी। इसके अलावा अन्य गाड़ियां के भी मार्ग परिवर्तित किये गये व कुछ गाड़ियों को रद्द भी किया गया है। जिसकी जानकारी रेलवे पूछताछ केन्द्र से ली जा सकती है।



# मां के साथ संबंध देख नाबालिग बेटे ने कुल्हाड़ी मारकर की युवक की हत्या




**जबलपुर, देशबन्धु।** रांझी थाना अंतर्गत बड़ पत्थर क्षेत्र में राजबहादुर नामक युवक की बीती रात हुई हत्या के मामले में पुलिस ने 17 वर्षीय नाबालिग को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा किया है। नाबालिग की मां के राजबहादुर से अवैध संबंध होने का खुलासा हुआ है। जिससे मोहल्ले में बदनामी हो रही थी। नाबालिग यह बदनामी बर्दाश्त नहीं कर पाया और उसने राजबहादुर की कुल्हाड़ी व चाकू से हमला कर हत्या कर दी।

इस संबंध में रांझी थाना प्रभारी नीलेश दोहरे ने बताया कि बड़ा पत्थर आमानाला रांझी में रहने वाला राजबहादुर सिंह ठाकुर उम्र 44 वर्ष फेरी लगाकर कपड़े बेचने का कारोबार करता था। जिसके मोहल्ले की एक महिला से प्रेम संबंध हो गये। जिसके चलते दोनों परिवारों के बीच आए दिन विवाद होने लगा। यही कारण था कि दो वर्ष पहले राजबहादुर को छोड़कर पत्नी बच्चों को लेकर चली गई। इसके बाद से राजबहादुर अपने घर में अकेले ही रहता था। महिला के राजबहादुर के साथ अवैध संबंध मोहल्ले में चर्चा का विषय बना रहा। यह बात महिला के नाबालिग बेटे बर्दाश्त नहीं हो रही थी। 15 सितम्बर की शाम 4 बजे के लगभग नाबालिग कुल्हाड़ी व चाकू लेकर राजबहादुर के घर पहुंच गया। जहां पर राजबहादुर पर हमला कर हत्या कर दी। हत्या की वारदात का 16 सितम्बर की शाम 4 बजे पता चला जब मोहल्ले में रहने वाले संदीप नामक युवक को पता चला तो पहुंच गया। देखा तो राजबहादुर खून से लथपथ हालत में पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस को जांच के दौरान महिला के बेटे की गतिविधि को देखते हुये संदेह हुआ। जिसके बारे में पता चला कि वह बुखार आने के कारण विक्टोरिया अस्पताल में भरती है। पुलिस ने नाबालिग से पूछताछ की तो उसने हत्या की वारदात करना स्वीकार लिया। बालक की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू एवं कुल्हाड़ी जप्त कर प्रकरण मे विधिवत गिरफ्तार करते हुये न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# शराब तस्करी करते 2 आरोपी गिरफ्तार

## 8 पेटी देशी शराब और कार जप्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** चरगवां थाना अंतर्गत पुलिस ने चरगवां-मेहगवां रोड पर दो शराब तस्करों को दबोचा है। जिनसे देशी शराब बरामद की गई है। इस संबंध में चरगवां थाना प्रभारी विनोद पाठक ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि चरगवां-मेहगवा के बीच रोड मे एक सफेद रंग की कार खड़ी है कार के बाहर 2 युवक खड़े होकर कार में कार्टून जमा रहे है।



पुलिस ने तत्काल मौके पर दबिश दी, जहां खड़ी सफेद रंग की शिफ्ट कार का चालक पुलिस वाहन देखकर तेजी से कार चलाकर भागने लगा, घेराबंदी कर कार को चरगवां मेहगवां नहर की पुलिया के पास रोका गया, कार में 2 युवक सवार थे। पूछताछ में ड्राईवर ने अपना नाम सुरेन्द्र उर्फ छतर सिंह पटेल उम्र 38 वर्ष एवं ड्राईवर सीट के बाजू में बैठे युवक ने शुभम पटेल उम्र 25 वर्ष दोनों निवासी पडरिया मुरदई गोटोगांव नरसिंहपुर बताया। कार की तलाशी लेने पर पुलिस को कार की डिक्की में 8 कार्टूनों में 400 पाव देशी शराब कीमती 30 हजार रूपये की होना पायी गयी। शराब व बिना नम्बर की कार जप्त करते हुये पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# विद्युत कर्मी का इकलौता पुत्र लापता

**जबलपुर, देशबन्धु।** शक्तिभवन में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी में कार्यरत बी. श्रीनिवास का इकलौता पुत्र 22 वर्षीय बुदु श्रीहरि शनिवार को शाम 6 बजे से लापता हो गया। शाम को वह पीली शर्ट व काला लोवर पहन कर अपनी आरेंज रंग की छोटी बाइक होंडा नवी नंबर M P20S M8883 से नेशनल कॉलोनी स्थित अपने आवास से घूमने निकला था। नेशनल कॉलोनी से शक्ति भवन मुख्य मार्ग पर उसकी आखिरी लोकेशन सीसीटीवी में देखने को मिली है। बी. श्रीनिवास ने पुत्र के लापता होने की सूचना गोरखपुर पुलिस थाना में सुबह दर्ज करवाई गई है। बी. श्रीनिवास का सम्पर्क नंबर 9425806659 है।





# भूरक्षा दुबे को विक्रम पुरुस्कार एवं श्रुति सवैया को एकलव्य पुरुस्कार से सम्मानित

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश वूशु संघ की सचिव एवं विश्वामित्र अवॉर्डी प्रशिक्षक सारिका गुप्ता द्वारा दी जानकारी के अनुसार कल मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया के द्वारा वूशु खेल में मध्य प्रदेश वूशु संघ के दो खिलाड़ी भूरक्षा दुबे को विक्रम पुरुस्कार एवं श्रुति सवैया को एकलव्य पुरुस्कार से शिखर खेल अलंकरण समारोह में सम्मानित किया गया । दोनों ही खिलाड़ी भारतीय खेल प्राधिकरण में एवं राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा के दौरान अपनी एवम भारतीय वूशु दल की प्रशिक्षक सारिका गुप्ता से प्रशिक्षण प्राप्त करते रहे हैं । भूरक्षा दुबे को पूर्व में एकलव्य अवार्ड भी प्राप्त हो चुका है एवम वे अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी है । वही श्रुति सवैया भी विश्व वूशु स्पर्धा की पदक प्राप्त खिलाड़ी है एवं वर्तमान में उत्तर प्रदेश पुलिस में उनका वूशु खिलाड़ी के रूप में चयन किया गया है और अभी वह वही कार्यरत है । दोनों ही खिलाड़ियों के उत्कृष्ट पुरस्कार पाने की उपलब्धि पर भारतीय वूशु संघ के संरक्षक भूपेंद्र बाजवा, अध्यक्ष जीतेन्द्र बाजवा, सी ई ओ सुहैल अहमद, सचिव विजय सराफ, मध्य प्रदेश वूशु संघ के अध्यक्ष श्री एन के त्रिपाठी, सह सचिव रजनीश सक्सेना, कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ श्रीवास्तव, कार्यकारिणी सदस्य शैलेंद्र शर्मा, माया रजक जज विकास चतुर्वेदी नितेश बर्मन आदि ने बधाइयां प्रेषित की हैं ।

# बिहार के ठगों को पुलिस ने दबोचा, बेरोजगार युवकों के साथ लाखों की ठगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** रांझी पुलिस ने बिहार के तीन ठगों को गिरफ्तार किया है। तीनों ठग नौकरी का झांसा देकर लोगों के साथ ठगी करते रहे। तीनों ने 20 से ज्यादा युवकों को अपने झांसे में लेकर लाखों रुपए हड़प लिए। इस आशय की जानकारी एसपी टीके विद्यार्थी ने पत्रकारों को चर्चा में दी है।

एसपी ने बताया कि सुधीराम यादव उम्र 18 साल निवासी ग्राझा माझा खडकपुर तहसील दनघटा थाना धनघटा पोस्ट गोविन्दगंज जिला संत कबीरनगर उत्तर प्रदेश ने शिकायत की थी कि बिहार निवासी चिन्टू झा उसका परिचित है। चिंटू ने बताया था कि जबलपुर में ट्रेन्ड इंडिया कंपनी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कपड़े का सेल होता है। जहां पर काम करने पर 16500 रुपए प्रतिमाह वेतन मिलेगा। रुम का किराया तीन हजार रुपए और खाना फ्री रहेगा। चिंटू की बातों में आकर सुधीराम रांझी जबलपुर आ गया। जहां पर उसने कुन्दन, सोनू व अभिषेक मिले। तीनों ने सुधीराम को अपने झांसे में लेकर लाइसेंस बनवाने 46 हजार 500 रुपए नगद ले लिए। इसके बाद दो पेंट, दो टीशर्ट व दो शर्ट देकर 26 हजार 500 रुपए का बिल दे दिया। बिल देकर सुधीराम घबरा गया और उसने अपना रुपया वापस मांगा तो धमकी दी जाने लगी। कहा कि कंपनी की पॉलिसी है तत्काल रुपया वापस नहीं होता है। बाद में कहा गया कि तीन लोगों को और ज्वाइन कराने दबाव बनाने लगे। अभिषेक, कुदंन व सोनू ने इस तरह से 20 अन्य बेरोजगार युवकों के साथ भी ठगी कर 570000 रुपए की ठगी की। इसके अलावा 19 लोगों के साथ भी ठगी की। पुलिस ने सुधीराम की शिकायत रांझी थाना पुलिस की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर अभिषेक कुमार, सोनू कुमार तथा कुंदन निवासी बिहार को सरगर्मी से तलाश कर गिरफ्तार कर दस्तावेज जब्त कर लिए। पुलिस ने खाते में ट्रांसफर की गई राशि को भी सीज करने की कार्यवाही शुरु कर दी है।



# राजा शंकरशाह-रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर कई आयोजन



## आज सुबह निकलेगी वाहन रैली, बलिदान स्थल पर सभा

**जबलपुर, देशबन्धु।** अमर बलिदानी राजा शंकरशाह और कुंवर रघुनाथशाह के बलिदान दिवस कल 18 सितम्बर को शहर में विविध आयोजन किया गए हैं। भाजपा- कांग्रेस सहित अन्य दलों द्वारा कई आयोजन किए गए हैं। इसी क्रम में बसपा द्वारा सभी विधानसभा क्षेत्रों के पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता, समर्थक व साथियों द्वारा बलिदान दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शुभारंभ सुबह 10 बजे भानतलैया स्थित पार्टी कार्यालय से दोपहिया और चार पहिया वाहनों की रैली निकाल कर किया जाएगा। इसके बाद प्रतिमा स्थल एसपी कार्यालय के सामने मालगोदाम चौक पहुंच कर माल्यापर्ण किया जाएगा। साढ़े ग्यारह बजे वाहन रैली कुंडम बस स्टैंड रवाना होगी। वहां जिला स्तरीय आदिवासी सम्मेलन का आयोजन दोपहर 12 बजे से किया गया है। इसमें प्रदेश प्रभारी बालकिशन चौधरी मुख्य अतिथि, जोन इंचार्ज रीवा जबलपुर उमाकांत बंदेवार विशिष्ट अतिथि होंगे। अध्यक्षता इंजीनियर सुभाष मरकाम सिहोरा करेंगे।

## कलेक्टर सीईओ ने देखा वेटरनरी कॉलेज ग्राउंड

राजा शंकरशाह और कुंवर रघुनाथशाह के बलिदान दिवस 18 सितम्बर को कल जबलपुर आ रहे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान वहां वेटरनरी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस क्रम में आज कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन और जिला पंचायत सीईओ जयति सिंह ने कार्यक्रम स्थल का दौरा किया।

# पुलिस के हत्थे चढ़े 6 शातिर चोर, 4 कबाड़ी, 24 मोटर साइकिलें मिली



**जबलपुर,देशबन्धु।** गोरखपुर पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम ने 6 शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरंदी बाजार के 4 कबाड़ियों को भी गिरफ्तार किया है, जो चोरी के वाहन खरीदकर कबाड़ में बेच देते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 24 मोटर साइकिलें बरामद की है, जिनकी कीमत 15 लाख रुपए के लगभग है। इस आशय की जानकारी एसपी टीके विद्यार्थी ने कंट्रोल रुम में आयोजित पत्रवार्ता में दी है।

एसपी श्री विद्यार्थी ने बताया कि गोरखपुर के बेहना मोहल्ला से चोरी की गई मोटर साइकिल सहित अन्य तीन मोटर साइकिलें लेकर 4 युवक हाउबाग रेलवे स्टेशन के मैदान में खड़े हैं। जो सस्ते दाम पर मोटर साइकिलें बेचने के लिए लोगों से चर्चा कर रहे हैं। जिसपर गोरखपुर थाना व क्राइम ब्रांच पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर चारों शातिर बदमाशों को पकड़ लिया। पुलिस को पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उक्त मोटर साइकिल बेहना मोहल्ला से चोरी की है, अन्य तीन मोटर साइकिलें भी चोरी की हैं। पुलिस ने चारों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो बताया कि उक्त चोरी के वाहन गुरंदी बाजार में कबाड़ियों को बेचते हैं। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर दो शातिर बदमाशों व कबाडियों को भी हिरासत में लेकर 17 मोटर साइकिलें, एक प्लेजर व दो एक्टिवा और बरामद की। पुलिस ने 10 आरोपियों से 24 दो पहिया वाहन जब्त किए। पुलिस को पूछताछ में पता चला कि आरोपी शहर में घूम-घूम कर रैकी करते इसके बाद मास्टर चाबी से चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। पकड़े गए आरोपियों में कुछ शातिर बदमाश है, जिनपर पहले से चोरी के मामले दर्ज है।

**शहर के इन क्षेत्रों से चोरी किए वाहन-** आरोपियों ने शहर के गोरखपुर, मदनमहल, लार्डगंज, तिलवारा, हनुमानताल, संजीवनी नगर, ओमती, पनागर, ग्वारीघाट, माढ़ोताल व सिविल लाइन क्षेत्र से वाहन चोरी किए हैं। जिन्हें गुरंदी में कबाड़ियों को बेच दिया।



# दिल्ली-जबलपुर फ्लाइट में 73 साल के वृद्ध की मौत, हार्ट अटैक आते ही थम गई सांसे

**जबलपुर,देशबन्धु।** दिल्ली-जबलपुर इंडिगो फ्लाइट में उस समय हड़कंप मच गया जब 73 वर्षीय की वृद्ध की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वृद्ध दिल्ली से लौट रहा था और हार्ट-शुगर की बीमारी से पीड़ित था।

गुप्तेश्वर न्यू क्रिश्चन कॉलेज निवासी 73 वर्षीय राजेंद्र कुमार ट्रेंकिलन किसी काम से दिल्ली गए हुए थे। दोपहर 3.30 बजे दिल्ली से जबलपुर पहुंचनी वाली इंडिगो फ्लाइट से आ रहे थे। करीब 3.15 बजे राजेंद्र कुमार को हार्टअटैक आया और उनकी मौत हो गई। जबलपुर पहुंचने के बाद उनका प्राथमिक इलाज कराया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# निर्जला हरितालिका व्रत रख पति के सौभाग्य और लम्बी आयु की कामना करेंगी महिलाएं

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** हरतालिका तीज को तीजा भी कहा जाता है। आज विशेषतौर पर विवाहित महिलाएं अपने पति की सेहत, लंबी उम्र और समृद्धि की प्रार्थना करेंगी और अविवाहित कन्याएं अच्छे जीवनसाथी की कामना लेकर व्रत करेंगी। घर-घर प्रकृति की हरियाली वाली हरित बेलपत्रों, लताओं, सुगन्धित फूलो से सुसज्जित फुलहरा बंधेंगे। हरतालिका तीज या तीजा के दिन माता पार्वती और भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा की जाएगी।



**इस प्रकार करें पूजन**- पौराणिक राघवेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि इस पूजन के लिए भगवान शिव, माता पार्वती और भगवान गणेश की प्रतिमा अपने हाथों से तैयार की जाती है। बालू रेत व काली मिट्टी इस्तेमाल कर सकते हैं। आप अपने पूजास्थल को फूलों से सजा लें। अब एक चौकी रखें और उस पर केले के पत्ते रखकर भोलेनाथ, मां पार्वती और गणपति की प्रतिमा स्थापित करें, देवताओं का आह्वान करते हुए भगवान शिव, पार्वती माता और भगवान गणेश का षोडशोपचार पूजन करें। आप सुहाग की सारी वस्तुएं एक पिटारे में रखकर माता पार्वती को अर्पित करें। हरतालिका तीज के मौके पर आप शिवजी को धोती और अंगोछा चढ़ाएं। सुहाग की ये वस्तुएं अपनी सास के चरण से स्पर्श कराएं और फिर ब्राह्मणी और ब्राह्मण को दान कर दें। पूजन के पश्चात आप कथा सुनें और रात्रि जागरण करें। प्रात: काल में आरती के बाद माता पार्वती को सिंदूर चढ़ाएं और उन्हें ककड़ी तथा हलवे का भोग लगाकर अपना व्रत खोलें।

हरतालिका तीज के व्रत को निर्जला रखेंगी- मान्यता है कि माता पार्वती ने सर्वप्रथम हरतालिका तीज का व्रत किया था और इसके फलस्वरूप उन्हें भगवान शिव पति के रूप में प्राप्त हुए। महिलाएं भी आज निर्जला व्रत रखकर और अगले दिन पूजा के बाद ही व्रत खोलेंगी।व्रतधारियों को इस दिन सोने की मनाही होती है। अत: आज पूरी रात भजन कीर्तन में रतजगा होगा। इस दिन मेहंदी लगाने और झूला झूलने की भी परंपरा है।

# अटल उपाध्याय सम्मानित, शासकीय, सामाजिक कार्यों के लिए सम्मान

**गोसलपुर, देशबन्धु।** ब्राह्मण एकता मंच संयोजक, अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संरक्षक दुबे योगेंद्र दुबे के साथ साथियों ने के साथ शासकीय कार्यों को लगन से करने और सामाजिक कार्यों में रुचि लेकर संपादित करने की प्रशंसा करते हुए अटल उपाध्याय का पुष्प हारों से स्वागत कर सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।



1995 से कर्मचारी हितों के लिए शासन, विभागीय एवं जिला प्रशासन स्तर पर प्रयास कर अनेक कर्मचारियों को शासन के आदेशों के तहत लाभ पहुंचाने में योगदान दिया है। कर्मचारियों के अनुकम्पा नियुक्ति, दैनिक वेतन भोगियों के नियमिति करण, मृत कर्मी के परिजनों को पेंशन, ग्रेच्युटी, उपादान, एक्स ग्रेसिया, वेतन भुगतान के प्रकरणों के निराकरण में अथक प्रयास किए गए है आज भी सार्थक सहयोग किया जा रहा है।

सामाजिक कार्यों में गरीब बच्चियों के विवाह के लिए आर्थिक सहयोग, जरूरत मंद परिवार के सदस्यों को जरूरत के अनुसार सहायता,गरीब बच्चों के सहयोग के साथ सामाजिक उत्थान के अनेक कार्य किए जा रहे है। ब्राह्मण समाज में पुरुष के निधन होने के पश्चात उनकी विधवा पत्नियों का पुन: विवाह करवाने के लिए पुनर विवाह सम्मेलन के आयोजन करवाए गए आज भी आयोजन करवाए जाते है,पुनर विवाह करने वाले परिवारों को सम्मानित करते है। उत्तर मध्य विधान सभा लाल कुआं निवासी उच्च न्यायालय अधिवक्ता योगेंद्र दुबे,संजय यादव, आशुतोष तिवारी, मुकेश सिंह, ब्रजेश मिश्रा, विष्णु पांडेय , नरेंद्र उपाध्याय, नमन, अभय उपाध्याय,आलोक अग्निहोत्री, योगेंद्र मिश्रा,अभिषेक मिश्रा, सतीश, विनय नामदेव, मंसूर बेग सम्मान करते समय उपस्थित थे।

## सार-समाचार



# आज रखेंगी सुहागन और कुंवारी कन्याएं निर्जला तीज का व्रत

**पाटन देशबन्धु।** जिले के पाटन ब्लाक के नगरीय एवं ग्रामीण इलाकों में आज तीज का व्रत सभी सुहागन स्त्रियां एवं कुंवारी कन्याएं रखेगी कहा जाता है कि हरि-तालिका तीज का व्रत माता पार्वती जी ने शिवजी को प्राप्त करने के लिए किया था। इस व्रत में पानी तक का सेवन वर्जित है इसलिए सभी सुहागन स्त्रियां अपने पति की लंबी आयु के लिए इस हरि-तालिका तीज का व्रत रखती है। भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष की तिथि तृतीया को इस व्रत को रखा जाता है इस व्रत में रात्रि जागरण का विशेष महत्व होता है फूलों का फुलेरा बांधकर शिव पार्वती जी की बालू की प्रतिमा बनाकर पूजन किया जाता है तथा रात में भजन कीर्तन किया जाता है रात भर इस त्यौहार को बड़ी धूमधाम से महिलाएं मनाती है। कहा जाता है कि जो स्त्रियां हरि तालिका तीज का व्रत नहीं रख सकती है वह माताएं और बहाने अगर पांच घर के झूलते फुलेरा के दर्शन करती हैं तो उनकी भी समस्त मनोकामनाएं भोले बाबा पूरी करते हैं इस त्यौहार को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस त्यौहार में सभी सुहागन स्त्रियां और कुंवारी कन्याएं हाथों में मेहंदी लगा कर सोलह सिंगार करती हैं। और भोले बाबा की पूजा में लीन रहती हैं।

हरि तालिका तीज में जागरण का विशेष महत्व-इस व्रत में सुहागन महिलाएं और कुंवारी कन्याएं रात भर शिवजी की आराधना में लीन रहती हैं फुलेरा झूलाती है और ब्रह्म मुहूर्त में फुलेरा को किसी पवित्र जलाशय नदी में विसर्जन करती हैं इस प्रकार तीज व्रत पूर्ण होता है और सुबह ब्राह्मणों को भोजन और दक्षिण देकर व्रत का पारण करती हैं।

# इटारसी नगर कांग्रेस सम्मेलन में आए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी का किया स्वागत



**जबलपुर, देशबन्धु।** इटारसी नगर कांग्रेस सम्मेलन में पधारे पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी का स्वागत पेट्रोल पंप कांग्रेस मित्र मंडली परिवार ने स्वागत किया। पेट्रोल पंप कांग्रेस में स्वागत करने वालों में मध्य प्रदेश परिवहन प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव जिला कांग्रेस के महामंत्री सुरेंद्र पाल सिंह भाटिया, अल्पसंख्यक विभाग की परमजीत सिंह लाली सलूजा, पेट्रोल पंप कांग्रेस परिवार के धर्मेंद्र मालवीय, चंदू दुबे, भारत सिंह राजपूत, नारायण गौर, भजन सलूजा, हनीफ खान, जीतू उपरीत, दयाल लालवानी, दीपक संजय धर, अमित गुप्ता, रेलवे इंटक यूनियन के कार्यकर्ता नगर कांग्रेस के सदस्यों ने पचौरी जी का स्वागत किया। आने वाली विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी को विजय बनाने का आश्वासन दिया और एकजुट होकर कांग्रेस के लिए काम करने का संकल्प लिया।

# राजेश सोनी स्वर्ण कला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नियुक्त

**कुंडम, देशबन्धु।** बघराजी कुंडम पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देशानुसार प्रभारी श्री जेपी धनोपिया श्री नरेश सराफ की अनुशंसा पर स्वर्ण कला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री योगेश सराफ ने बघराजी निवासी राजेश सोनी को स्वर्ण कला प्रकोष्ठ का जबलपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष नियुक्त किया है इनकी नियुक्ति पर मध्य प्रदेश सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री राजा सराफ ओम सोनी प्रदीप सोनी दीपू सोनी राजेंद्र सोनी संतोष सोनी रामकृष्ण गुड्डू सोनी आनंद सोनी प्रकाश गुड्डा सोनी लकी सोनी पंकज सोनी शरद सोनी अतुल सोनी लकी सोनी विक्की सोनी अंकित सोनी निर्मल सोनी अर्पित सोनी सीरीष अशोक सोनी सतीश सोनी मनोज सोनी दिनेश सोनी चमन सनी सोनी पंकज सोनी संतोष सोनी ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की है इनकी नियुक्ति से स्वर्ण कला के कारीगरों को व्यवसाईयों को नई दिशा मिलेगी।

# पाटन में हर्षोल्लास के साथ मनाई विश्वकर्मा भगवान की जयंती

**पाटन, देशबन्धु।** नगर एवं ग्रामीण इलाकों में 17 सितंबर 2023, दिन रविवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती बड़े धूम धाम से मनाई गई। हिंदू पंचांग के अनुसार विश्वकर्मा प्राकट्य दिवस हर साल कन्या संक्रांति के दिन मनाया जाता है इस दिन भगवान विश्वकर्मा की पूजा-आराधना की जाती है। विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में चौधरी मोहल्ला पिपरहा कुआं से भव्य रैली निकाली गई जिसमें भगवान विश्वकर्मा जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण करके विधि विधान से पूजा अर्चना की गई उसके बाद रैली का शुभारम्भ किया गया जो बाजार से सरकारी अस्पताल होते हुए सिविल कोर्ट चौराहे से वापिस बस स्टेंड होते हुए सामुदायिक भवन बरगी कॉलोनी से होकर बाजार वार्ड से चौधरी मोहल्ले में स्थित विश्वकर्मा मंदिर में रैली का समापन हुआ। उक्त रैली में पाटन नगर के समस्त विश्वकर्मा समाज के पुरुष एवं महिलाओं तथा युवाओं ने रैली में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। साथ ही नगर के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।



## जगह-जगह मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

**गोसलपुर, देशबन्धु।** गोसलपुर नगर सहित कछपुरा जुझारी सहित ग्रामीण अंचल में सृष्टि के रचयिता ब्रहमा जी के सातवें पुत्र भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती नगर व अंचल मे बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। 17 सितंबर को मनाए जाने वाली विश्वकर्मा जयंती के मौके पर नगर व आसपास के शिल्पकार कारीगर कास्टकार बेलडर मिस्त्री ने अपने अपने कारखानो इकाइयों में सुबह से ही विशेष साज सज्जा कर सृष्टि के सृजनकर्ता एवं प्रथम शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा का तेल चित्र स्थापित कर विधि विधान से पूजन अर्चन कर सभी लोगों को प्रसाद वितरण किया गया व अनेक जगहों पर भंडारे भी आयोजित किए गए विश्वकर्मा जयंती के मौके पर सभी कारखानों व अन्य निर्माण इकाइयों पर अवकाश रहा। सामूहिक रूप से कन्या भोजन भंडारे आयोजित किये गये।

# शौर्य यात्रा का कुंडम में भव्य स्वागत



**कुंडम, देशबन्धु।** शौर्य यात्रा पहुंची कुंडम नगर अयोध्या से 20 जनवरी 2024 अयोध्या में भगवान राम लाल होंगे विराजमान सिहोरा विधायक प्रदेश मंत्री नंदनी मरावी ने कुंडम रंगमंच पंडित जयशंकर शुक्ला बस स्टैंड मैं सिहोरा विधायक ने समस्त क्षेत्र वासियों से अपने विचार में कहा की सौरयात्रा में आए भाई सुमित जी एवं उनके मित्र मंडली सहित कुंडम रंगमंच पहुंचे भगवान राम की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित जलाकर पुष्पमाला पहनकर आरती की गई और नंदनी मरावी ने भगवान राम अयोध्या में विराजमान होंगे 20 जनवरी 2024 को सभी भगवान राम के कार्यक्रम में लोग शामिल होंगे और सनातन धर्म के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए हमारे सनातन धर्म की बात कही। इस कार्यक्रम में सिहोरा विधायक प्रदेश मंत्री नंदनी मरावी शौर्य यात्रा से आए हुए भाई सुमित जी और उनके मित्र मंडली सहित विधायक प्रतिनिधि कमलेश साहू सांसद प्रतिनिधि सतीश अवस्थी डॉ राजू साहू मंडल अध्यक्ष राजेश साहू पूर्व सरपंच राजकुमार साहू शीतल प्रसाद यादव दिन्नू नायक सदाफल कुंडम पुलिस बल व्यवस्था कुंडम थाना का सरायनी सहयोग रहा वहीं पर कुंडम सरपंच अर्चना रोहित साहू एवं समस्त पंचगणों के सहयोग से ग्राम पंचायत कुंडम के द्वारा स्वच्छता अभियान को लेकर साफ सफाई कुंडम नगर में कराई गई है और देखने को सभी को मिली एवं समस्त क्षेत्र बासी माताएं बहनें भाइयों सहित लोग बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल हुए।




# प्राकृतिक खेती पर आधारित कृषि संगोष्ठी में दी किसानों का जानकारी

**मझौली देशबन्धु।** किसानों में प्राकृतिक खेती को उत्साहवर्धन बढ़ाने के लिए आज मझौली के ग्राम समघार में प्राकृतिक खेती पर आधारित कृषि संगोष्ठी का आयोजन किया गया इसमें किसान एवं कृषि विकास जबलपुर द्वारा आई टीम ने किसानों को बताया कि प्रकृति खेती जो एक जैविक खेती है जैविक उर्वरक है इससे फसलों के साथ-साथ मनुष्य के जीवन में भी नया बदलाव आता है , फसलों को नुकसान नहीं होता,कीट नियंत्रण होता , मिट्टी की उर्वरकता बढ़ाने के साथ आयु बढ़ती है और रासायनिक उर्वरक के हानिकारक प्रभाव से बचा जा सकता है कृषि संगोष्ठी आयोजन में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का मुख्य उद्देश्य बताया गया और किसानों को अधिक से अधिक जैविक खेती का लाभ मिल सके इसका प्रयास किया गया।।आज के कार्यक्रम में एस के निगम परियोजना अधिकारी, चेतन बंसल, देवेंद्र श्रीवास्तव सहित कृषि संगोष्ठी आयोजन के समस्त किसान उपस्थिति रहे।

# विकासखंड स्तरीय बैठक आयोजित

**गोसलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सिहोरा द्वारा विकासखंड स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन जनपद पंचायत सिहोरा के सभाकक्ष में किया गया सर्वप्रथम मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर बैठक का विधिवत शुभारंभ किया गया। बैठक में मुख्य रूप से संभाग समन्वयक रवि वर्मन जिला समन्वयक प्रदीप तिवारी विकासखंड समन्वयक आशीष जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में उपस्थित विकासखंड सिहोरा के पांचो सेक्टरों से प्रत्येक प्रस्फुटन समिति से अध्यक्ष एवं सचिवों ने भाग लिया। संभाग समन्वयक श्री बर्मन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी को सक्रिय रूप से परिषद के कार्यो में लगने हेतु प्रेरित किया जिला समन्वयक प्रदीप तिवारी द्वारा जन अभियान परिषद के आगामी कार्यक्रमों एवं कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई साथ ही विकासखंड समन्वयक आशीष जैन ने बैठक में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को परिषद के कार्यों और उद्देश्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए आगामी कार्य योजना के अनुसार अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय होकर गतिविधियों एवं कार्यक्रमों को आयोजित करने हेतु प्रेरित किया बैठक में उपस्थित समस्त सेक्टर प्रभारी नवांकुर संस्था के रूप में उपस्थित थे प्रत्येक नवाकुर संस्था प्रमुख ने अपने-अपने सेक्टर में किए गए कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया साथ ही बैठक में उपस्थित परामर्शदाताओं ने बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू छात्रों के लिए आगामी कार्ययोजना से अवगत कराया बैठक में पांचो सेक्टर से साठ प्रतिभागियों ने सहभागीता की।



# ब्रिटिश पार्लियामेंट लंदन की सुर्खियों में छाए अनिरुद्धाचार्य महाराज

**सिहोरा, देशबन्धु।** हिन्दी दिवस के अवसर पर सनातन धर्म की अलख जगाकर घर घर तक मानवता और भक्ति को पहुंचाकर बिना किसी से भेदभाव किए सैकड़ों वृद्ध माताओं की अद्भुत सेवा, साथ ही गौ माताओं,संतों,भक्तों और अन्य जीवों पर मानवता की करुणा दिखाते हुए जो कार्य पूज्य महाराज अनिरुद्धाचार्य जी कर रहे हैं उसके लिए ब्रिटिश पार्लियामेंट लंदन (यूके) में सर्वोच्च सम्मान वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड लंदन द्वारा सम्मानित किया गया। जो कि हमारे क्षेत्र के लिए बड़े गौरव की बात है।वहीं पूज्य अनिरुद्धाचार्य के सम्मान को लेकर लंदन स्थित अंतरास्ट्रीय सिद्ध आश्रम शक्ति सेंटर के संचालक धर्मगुरु राज राजेश्वर गुरु जी ने कहा कि ब्रिटिश योरोपियन राज्य में अनिरुद्धाचार्य जी जैसे पूज्य का सम्मान भारत की बढ़ती लोकप्रियता और गौरव को प्रदर्शित करता है।

# मझौली, बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा के समर्थन के साथ जिला सिहोरा का दावा ठोका

**सिहोरा, देशबन्धु।** अपनी तीन दिन की जिला सिहोरा अधिकार यात्रा में बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा और मझोली विकासखंड के गांव गांव में संपर्क करने के बाद मिले समर्थन के बल पर लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने मध्य प्रदेश सरकार से सिहोरा जिला बनाने का दावा ठोका है।समिति का दावा है कि 2003 में जिस प्रकार से सिहोरा जिला प्रस्तावित किया गया था आज भी बहोरीबंद ढीमरखेड़ा और मझोली विकासखंड के लोग सिहोरा के साथ मिलकर जिला बनाने को तैयार हैं ।समिति ने अपनी अधिकार यात्रा के अंतिम दिन रविवार को बहोरीबंद क्षेत्र के ग्रामों में संपर्क किया।समिति ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से इन क्षेत्रों में अपनी ओर से जनमत संग्रह या सर्वे करा लेने का भी आह्वान किया है। मझौली, ढीमरखेड़ा, बहोरीबंद का किया दौरा- ढीमरखेड़ा विकासखंड के सिलोडी, ढीमरखेड़ा, पान उमरिया में पूर्व से ही मिल रहे अपार समर्थन के बाद लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने जिला अधिकार यात्रा के माध्यम से पिछले तीन दिनों में मझौली और बहोरीबंद विकासखंड के दर्जनों गांव में संपर्क कर समर्थन मांगा।इसके लिए समिति ने इन क्षेत्रों के लोगो के समर्थन के छोटे छोटे वीडियो भी सोशल मीडिया में जारी किए। समिति का दावा है कि मझौली ढीमरखेड़ा और बहोरीबंद का प्रत्येक जनमानस सिहोरा जिला के साथ आने को तैयार है ।समिति ने इन दोनों क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों से जनता की बात सरकार तक पहुंचाने की अपील की।

## मुख्यमंत्री से अपील करा लें जनमत संग्रह

विधायकों से की अपील- जिला सिहोरा अधिकार यात्रा की समाप्ति के बाद जारी प्रेस विज्ञप्ति में समिति ने मझौली के विधायक माननीय अजय बिश्नोई और बहोरीबंद के विधायक प्रणय पांडे से अनुरोध किया कि वह अपने क्षेत्र की आम जनता की जन भावना के अनुरूप सिहोरा के जिला बनने में अपना समर्थन देकर सिहोरा को जिला बनवाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करे।आज सिहोरा का प्रत्येक व्यक्ति इन दोनो विधायकों की ओर आशा से देख रहा है।

जनमत संग्रह करा लें मुख्यमंत्री- लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को एक पत्र लिखकर निवेदन किया कि वह बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा और मझौली के क्षेत्र का अपने स्तर से सर्वे या जनमत संग्रह करा ले। समिति ने मुख्यमंत्री को चैलेंज किया की इन क्षेत्रों का प्रत्येक नागरिक सिहोरा जिला का समर्थक है सिहोरा का जिला बनना इन सभी क्षेत्र के लिए बेहतर है।

जारी रहेगा आंदोलन-लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने ऐलान किया कि आने वाले समय में जब तक सिहोरा जिला नहीं बन जाता यह आंदोलन जारी रहेगा।

## यमनी सरकार ने हौथियों के साथ शांति वार्ता का स्वागत किया

अदन (यमन)। हौथी विद्रोहियों के एक प्रतिनिधिमंडल के नए दौर की शांति वार्ता के लिए सऊदी अरब पहुंचने के बाद यमनी सरकार ने कहा है कि वह देश में आठ साल के गृह युद्ध को समाप्त करने के लिए उठाये जा रहे सभी क़दमों का स्वागत करती है। शुक्रवार को एक संक्षिप्त प्रेस बयान में, यमनी विदेश मंत्रालय ने सऊदी अरब, ओमान, संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के अन्य सदस्यों द्वारा चलाये जा रहे शांति प्रयासों के लिए अपना पूर्ण समर्थन घोषित किया।

# भगत सिंह की फांसी के 92 साल बाद पाकिस्तान में फिर हलचल, क्यों हाई कोर्ट से केस खोलने की हो रही मांग?

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह को 1931 में सजा मिलने के मामले को दोबारा खोले जाने संबंधी याचिका पर शनिवार को आपत्ति जताई। याचिका में भगत सिंह को मरणोपरांत राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की भी अपील की गई है। सिंह को ब्रिटिश शासन के खिलाफ साजिश रचने के आरोप में मुकदमा चलाने के बाद 23 मार्च, 1931 को उनके साथियों राजगुरु और सुखदेव के साथ फांसी दे दी गई थी। सिंह को शुरू में आजीवन कारावास की सजा दी गई थी, लेकिन बाद में एक अन्य मनगढ़ंत मामले में मौत की सजा सुनाई गई।

लाहौर हाई कोर्ट ने शनिवार को लगभग एक दशक पहले दायर मामले को फिर से खोलने और उस याचिका पर सुनवाई के लिए बड़ी पीठ के गठन पर आपत्ति जताई। इसमें समीक्षा के सिद्धांतों का पालन करते हुए भगत सिंह की सजा को रद्द करने का अनुरोध किया गया है। भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन के अध्यक्ष और याचिकाकर्ता वकील इम्तियाज राशिद कुरैशी ने कहा, %लाहौर उच्च न्यायालय ने शनिवार को भगत सिंह मामले को फिर से खोलने और इसकी शीघ्र सुनवाई के लिए बड़ी पीठ के गठन पर आपत्ति जताई। अदालत ने आपत्ति जताई कि याचिका वृह्द पीठ द्वारा सुनवाई योग्य नहीं है।



**भगत सिंह ने उपमहाद्वीप की आजादी के लिए लड़ी लड़ाई**– कुरैशी ने कहा कि सीनियर वकीलों की एक समिति की यह याचिका एक दशक से हाई कोर्ट में लंबित है। उन्होंने कहा, जस्टिस शुजात अली खान ने 2013 में बड़ी पीठ के गठन के लिए मामले को मुख्य न्यायाधीश के पास भेजा था, तब से यह लंबित है। याचिका में कहा गया कि भगत सिंह ने उपमहाद्वीप की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। इसमें कहा गया कि सिंह का उपमहाद्वीप में न केवल सिखों और हिंदुओं बल्कि मुसलमानों की ओर से भी सम्मान किया जाता है। पाकिस्तान के संस्थापक मुहम्मद अली जिन्ना ने सेंट्रल असेंबली में अपने भाषण के दौरान 2 बार सिंह को श्रद्धांजलि दी थी। कुरैशी ने दलील दी, यह राष्ट्रीय महत्व का मामला है और इसे पूर्ण पीठ के समक्ष तय किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश पुलिस अधिकारी जॉन पी. सैंडर्स की हत्या की प्राथमिकी में सिंह का नाम नहीं था, जिसके लिए उन्हें मौत की सजा सुनाई गई थी।

**450 गवाहों को सुने बिना ही मौत की सजा सुनाई** – करीब एक दशक पहले अदालत के आदेश पर लाहौर पुलिस ने अनारकली थाने के रिकॉर्ड खंगाले थे और सैंडर्स की हत्या की प्राथमिकी ढूंढने में कामयाबी हासिल की थी। उर्दू में लिखी यह प्राथमिकी 17 दिसंबर, 1928 को शाम साढ़े चार बजे 2 अज्ञात बंदूकधारियों के खिलाफ अनारकली पुलिस थाने में दर्ज की गई थी। कुरैशी ने कहा कि भगत सिंह का मामला देख रहे विशेष न्यायाधीशों ने मामले में 450 गवाहों को सुने बिना ही उन्हें मौत की सजा सुना दी। उन्होंने कहा कि सिंह के वकीलों को जिरह करने का मौका तक नहीं दिया गया था।

## पाकिस्तान के 29वें चीफ जस्टिस बने काजी फैज ईसा

**इस्लामाबाद।** 63 साल के जस्टिस काजी फैज ईसा पाकिस्तान के 29वें चीफ जस्टिस बन गए हैं। प्रेसिडेंट आरिफ अल्वी ने रविवार को उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान केयरटेकर गवर्नमेंट के प्राइम मिनिस्टर अनवार उल हक काकड़ और आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर भी मौजूद थे। चीफ जस्टिस ईसा 13 महीने पद पर रहेंगे। पूर्व चीफ जस्टिस उमर अता बंदियाल ने ईसा को कभी तरजीह नहीं दी। उन्हें किसी बेंच का हिस्सा नहीं बनाया। 2019 में इमरान खान जब प्रधानमंत्री थे तो जस्टिस ईसा और उनकी पत्नी सरीना ईसा पर करप्शन के आरोप लगाए गए। सरीना को गिरफ्तार भी किया गया। खान मर्जी के फैसले न देने की वजह से ईसा से नाराज थे और उन्हें जेल भेजना चाहते थे, हालांकि वो नाकाम रहे।

## सुडोकू 6320

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 6 | 8 | | 3 | 2 | | |
| 4 | 2 | | 9 | 1 | | | 8 | |
| 7 | | 9 | 5 | 2 | | | | |
| | | | | 8 | | | | 9 |
| 6 | 1 | 8 | | | | 4 | 5 | 2 |
| 3 | | | | 5 | | | | |
| | | | | 3 | 5 | 6 | | 8 |
| | 3 | | | 6 | 8 | | 2 | 1 |
| | | 1 | 2 | | 9 | 3 | | 5 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गो का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## ऑनलाइन धोखाधड़ी में व्यक्ति ने गवाए 80 हजार

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक शहर पुलिस ने शुक्रवार को ऑनलाइन धोखाधड़ी के एक मामले में कोठेगल्ली क्षेत्र के एक निवासी के बैंक खाते से 80 हजार रुपए निकालने के आरोप में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक, शिकायतकर्ता सतीश एकलहरे को एक अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आया और उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने बिल का भुगतान कर दिया है। संदिग्ध ने खुद को बिजली वितरण निगम का कर्मचारी बताते हुए उसे एक लिंक भेज। जैसे ही एकलाहरे ने लिंक खोला और उसमें सारी जानकारी भरने के बाद उसके बैंक खाते से 80 हजार रुपए की रकम ऑनलाइन निकाल ली गई।

## उप्र के मथुरा में सड़क हादसे में चार की मौत

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश में मथुरा के जैत क्षेत्र मे शनिवार को एक सड़क हादसे में कार और ट्रक की भिड़ंत में चार लोगों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। देर रात एक बजे मथुरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या दो पर जैत गांव के पास यह हादसा उस समय हुआ जब अलीगढ़ से पांच लोग एक कार पर सवार होकर शनिदेव मन्दिर कोकिलावन जो रहे थे कि जैत गांव के सामने उनकी कार अनियंत्रित हो गई। कार ने पहले एक ट्रक चालक को रौंद दिया और फिर सड़क के किनारे खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई।

## बीरेन ने की स्वच्छता अभियान की शुरुआत

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन.बीरेन सिंह ने शनिवार को कचरा मुक्त भारत विषय पर 'स्वच्छता ही सेवा'अभियान की शुरुआत की। सिंह ने कहा कि हम एक कठिन दौर से गुजर रहे हैं। नागरिक समाज और अन्य लोगों के समर्थन और सहयोग के साथ हम समुदायों के बीच समझ लाने तथा शांति स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यह कहते हुए कि जल्द से जल्द समाधान खोजने और शांति लाने की कोशिस जारी हैं, मुख्यमंत्री ने लोगों से और ज्यादा समर्थन और भगवान से आशीर्वाद मांगा।

## तमिलनाडु में निपाह वायरस का कोई संक्रमण नहीं : सुब्रमण्यम

चेन्नई, (एजेंसियां)। तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री सुब्रमण्यम ने शनिवार को कहा कि राज्य में निपाह वायरस का कोई संक्रमण नहीं पाया गया है। सुब्रमण्यम ने पत्रकारों को बताया कि केरल के उन सभी सीमावर्ती जिलों में निगरानी बढ़ा दी गई है, जहां निपाह वायरस की सूचना मिली थी। उन्होंने कहा कि केरल से आने वाले सभी लोगों का मेडिकल टीमों द्वारा गहन परीक्षण किया गया। किसी भी व्यक्ति में कोई संक्रमण नहीं पाया गया। बाद में उन्हें राज्य में प्रवेश की अनुमति दी गई। तमिल एनएसयू में डेंगू के मामलों में अचानक वृद्धि के बारे में, सुब्रमण्यम ने कहा कि अब तक 4,048 लोग डेंगू से संक्रमित हो चुके हैं और जनवरी से अब तक तमिलनाडु में तीन मौतें हुई हैं। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में डेंगू और मलेरिया बुखार का फैलना सामान्य है। उन्होंने लोगों से अगले तीन महीनों तक सावधानी बरतने का आग्रह किया। सरकार डेंगू के प्रसार को रोकने और स्वास्थ्य के लिए सभी जरुरी कदम उठा रही है।

# कर्मचारियों संग नौकरों जैसा बर्ताव, राष्ट्रपति की रेस में शामिल विवेक रामास्वामी पर गंभीर आरोप

अमेरिका में अगले साल राष्ट्रपति चुनाव होना है। भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक विवेक रामास्वामी रिपब्लिकन पार्टी से उम्मीदवारी के दावेदारों में शामिल हैं। 38 वर्षीय रामास्वामी खुद को सीधे-सादे सच बोलने वाले और जबरदस्त वक्ता के तौर पर पेश करते हैं। इस बीच एक सनसनीखेज रिपोर्ट सामने आई है। बिजनेस इनसाइडर ने उनकी कंपनी रोइवंत साइंसेज और स्ट्राइव एसेट मैनेजमेंट के कुछ पूर्व कर्मचारियों से बातचीत की है। इन लोगों ने रामास्वामी को विक्षिप्त, चंचल और पागल नेता बताया है।

बीते अगस्त में रिपब्लिकन प्राइमरी डिबेट हुई थी। इस दौरान विवेक रामास्वामी अपने आत्मविश्वास, करिश्माई और साहसी आचरण से वोटर्स के प्रिय बन गए। उन्होंने खुद को ऐसे एंटरप्रेन्योर के तौर पर पेश किया जो संघर्ष से पनपता है और लड़ाई से कतराता नहीं। मगर, अब जो रिपोर्ट सामने आई है वो कई मायनों में हैरान करने वाली है। इसमें रामास्वामी के साथ काम करने वाले 7 व्यक्तियों ने उन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि वह विक्षिप्त, चंचल और पागल नेता साबित हो सकते हैं।

**कर्मचारियों पर असामान्य नियम थोपने का दावा**

एक पूर्व सहयोगी ने कहा,रामास्वामी को लगता है कि लोग उसकी सेवा करने के लिए हैं। यह अधिकार जताने की भावना का संकेत है। उनकी मैनेजमेंट स्टाइल के कुछ पहलू अजीब हैं। उदाहरण के तौर पर वह अपने जन्मदिन पर ऑफिस के लिए टैको बेल का ट्रीट देते हैं। मगर, अपने कर्मचारियों से अपनी हर जरूरत को पूरा करने के लिए असामान्य नियम थोप देते हैं। वह अपने स्टाफ से व्हाइट-ग्लव सर्विस की मांग करने लगते हैं। इतना ही नहीं, इन लोगों ने ऑफिस के टेंपरेचर को लेकर भी शिकायत की। उन्होंने कहा कि रामास्वामी काम वाली जगह का तापमान इतना कम रखते हैं कि लोगों को ठंड लगने लगती है।

**कर्मचारी ने कहा- यात्रा से जुड़ी आदतें भी अनोखी**

रामास्वामी के एक पूर्व कर्मचारी ने कहा कि यात्रा से जुड़ी उसकी आदतें भी अनोखी रही हैं। उन्होंने कहा, ट्रेवल के दौरान वह कई बैकअप फ्लाइट और होटल की भी बुकिंग करते थे, ताकि किसी तरह की दिक्कत न आए। वह अपने असिस्टेंट से लंच भी अलग प्लेट में लेता था और उसे नैपकिन के जरिए परोसा करता था। कर्मचारी ने आगे बताया, %रामास्वामी अपने भोजन में हमेशा पनीर की मांग करता था, जो कि काफी हैरानी वाली बात रही। उनका एक प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड था जो कि पूर्व आर्मी रेंजर था। राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ में शामिल होने से पहले तक वह उसके साथ रहा।

# ब्रिटेन ने बढ़ा दी वीजा फीस, भारतीय छात्रों पर पड़ेगा असर

ब्रिटेन ने अपने यहां आने वाले लोगों और छात्रों के लिए वीजा फीस बढ़ा दी है। वीजा फीस में बढ़ोत्तरी अगले महीने 4 अक्टूबर से लागू होगी। अब एक पर्यटक, आगंतुक या छात्र के रूप में यूनाइटेड किंगडम की यात्रा 4 अक्टूबर से महंगी हो जाएगी। विजिटर्स को अब छह महीने से कम अवधि वाले दौरे के वीजा के लिए 15 पाउंड (1,543 रुपये) और छात्र वीजा के लिए 127 पाउंड (13,070 रुपये) अधिक खर्च करने होंगे।

शुक्रवार को संसद में पेश किए गए अध्यादेश के बाद, ब्रिटेन के गृह विभाग ने कहा कि बदलावों का मतलब है कि छह महीने से कम समय के दौरे के वीजा की लागत बढ़कर 115 पाउंड (11835 रुपये) हो जाएगी और छात्र वीज़ा के आवेदकों को अब 490 पाउंड (50428 रुपये) खर्च करना होगा। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने जुलाई में घोषणा की थी कि देश के सार्वजनिक क्षेत्र की वेतन वृद्धि को पूरा करने के लिए वीजा आवेदकों द्वारा ब्रिटेन की वित्त पोषित राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) के लिए भुगतान की जाने वाली फीस और स्वास्थ्य अधिभार में बड़ी वृद्धि होने वाली है। सुनक ने उस वक्त कहा था, "हम इस देश में आने वाले प्रवासियों के वीजा के लिए आवेदन करने पर लगने वाले शुल्क को बढ़ाने जा रहे हैं। इसे वस्तुत: आव्रजन स्वास्थ्य अधिभार (आईएचएस) कहा जाता है, जो एक प्रकार का लेवी (शुल्क) है जिसका वे एनएचएस तक पहुंचने के लिए भुगतान करते हैं।" ब्रिटेन के गृह विभाग ने इस हफ्ते अधिकांश कार्य एवं यात्रा वीजा की लागत में 15 प्रतिशत की वृद्धि और प्राथमिकता वाले वीजा, अध्ययन वीजा और प्रायोजन के प्रमाण पत्र की लागत में कम से कम 20 प्रतिशत की वृद्धि का संकेत दिया था। शुल्क में बढ़ोतरी स्वास्थ्य और देखभाल वीजा सहित अधिकांश वीज़ा श्रेणियों पर लागू की गई है।


# भारतीय छात्रा की मौत पर हंसी अमेरिकी पुलिस, दुनियाभर में फजीहत के बाद मेयर ने मांगी माफी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के सिएटल में पुलिस कार से टक्कर के बाद भारतीय मूल की छात्रा जाह्नवी कांडुलाकी मौत हो गई थी। घटना के 6 महीने बाद जब एक वीडियो वायरल हुआ तो अमेरिकी पुलिस की संवेदनहीनता सामने आई। इस वीडियो को देखने के बाद भारत समेत दुनियाभर के देशों में आलोचना हुई है। इस वीडियो में पुलिस अधिकारी जाह्नवी की मौत का मजाक उड़ा रहे थे। भारतीय दूतावास ने इस घटना की जांच करवाने को कहा है। वहीं अब सिएटल के मेयर ने इस घटना पर दुख जताते हुए माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कृत्य बर्दाश्त नहीं किए जा सकते।

सिएटल के मेयर ब्रूस हॉरेल ने दक्षिण एशियाई प्रवासियों के साथ बैठक की थी। इस बैठक में शामिल होने वाली वकील प्रीति श्रीधर ने कहा, मेयर ने घटना की पूरी जिम्मेदारी ली और माफी मांगी। उन्होंने कहा कि जो कुछ भी हुआ वह बर्दाश्त करने लायक नहीं है। हर हाल में इंसान के जीवन का सम्मान होना चाहिए। बता दें कि जाह्नवी आंध्र प्रदेश की रहने वाली हैं और वह सिएटल के साउथ लेक यूनियन में नॉर्थ ईस्टर्न यूनिवर्सिटी में मास्टर्स की स्टूडेंट थीं। जाह्नवी की मां प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक हैं। 23 जनवरी 2023 को सिएटल पुलिस की गाड़ी से उनका ऐक्सिडेंट हो गया था। उस वक्त केविन डेव नाम का अधिकारी गाड़ी चला रहा था। गाड़ी की स्पीड 119 किमी प्रतिघंटा थी।

गाड़ी से ठोकर लगने के बाद जाह्नवी काफी दूर जाकर गिरीं। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। वहीं घटना के बाद पुलिस अधिकारियों ने फन पर दूसरे अधिकारी से बात की। फोन पर उसने हंसते हुए कहा था, लड़की एक आम इंसान ही है। 11000 डॉलर का चेक लिखकर रखो। 26 साल की ही थी जिसकी कोई खास कीमत नहीं है। भारतीय दूतावास की सख्ती के बाद अमेरिकी सरकार ने कंजला की मौत की निष्पक्ष और त्वरित जांच करवाने का आश्वासन दिया है। वहीं अमेरिकी सीनेटर्स ने भी इस घटना पर दुख जताया है।

## वर्ग पहेली 6320



**बायें से दायें:-**

१. जिस दिन किसी का जन्म हुआ हो
४. चिढ़ाना, नकल उतारना, उपहास का विषय
६. माथा, ललाट
७. दबने यादबाए जाने का भाव
८. निर्लज्ज, बेहया
१०. गुलामी
११. 'शेयर होल्डर'
१३. दुष्ट व्यक्ति
१४. जीवावशेष
१५. प्राकृतिक, नैसर्गिक (उर्दू)
१७. ऊंट के नाक में डाली जाने वाली रस्सी
१९. जटा, सुई या किसी नुकीली चीज की नोक
२१. मूर्खता, नासमझी (उर्दू)
२२. के सहारे के द्वारा
२४. ओस (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. परशुराम के पिता
२. दो दिशाओं के बीच की जगह
३. बुद्धिमान
४. बेचैनी
५. पथिक, राहगीर
९. आंसू
११. लक्ष्मण के एक पुत्र का नाम
१२. भूमि, जमीन
१३. शत्रु, बैरी
१४. बहादुर, साहसी, हिम्मतवर
१५. वह पत्र या कागज जिसमें किसी संपत्ति को कुर्क करने संबंधी आदेश लिखा हो (उर्दू)
१६. चंद्रमा
१८. सिर्फ, मात्र
१९. स्वर्ण, सोना
२०. किस समय
२३. एवं और

## वर्ग पहेली-6319



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### अमेरिका ने यूनिवर्सल फ्लू वैक्सीन का परीक्षण किया शुरू

**लॉस एंजिल्स,**(एजेंसियां)। अमेरिका ने एक नए यूनिवर्सल फ्लू वैक्सीन की जांच शुरू कर दी है। यह घोषणा यूएस नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) ने की है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यूएस नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एलर्जी एंड इंफेक्शियस डिजीज (एनआईएआईडी) द्वारा प्रायोजित परीक्षण, सुरक्षा और प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया उत्पन्न करने की क्षमता के लिए फ्लुमोस-वी2 नामक टीके का परीक्षण करेगा। वैक्सीन को एनआईएआईडी के वैक्सीन रिसर्च सेंटर के शोधकर्ताओं द्वारा डिजाइन किया गया है। इसे स्व-संयोजन नैनोकण मचानों पर दोहराए जाने वाले पैटर्न में इन्फ्लूएंजा वायरस हेमाग्लगुटिनिन प्रोटीन के हिस्से को प्रदर्शित करके कई अलग-अलग इन्फ्लूएंजा वायरस उपभेदों के खिलाफ एंटीबॉडी प्रेरित करने के लिए डिजाइन किया गया है। वायरस प्रोटीन के इन हानिरहित टुकड़ों के संपर्क में आने से प्रतिरक्षा प्रणाली वास्तविक वायरस को पहचानने और उससे लड़ने के लिए तैयार हो जाती है। शुक्रवार को एनआईएच के अनुसार, जब जानवरों पर परीक्षण किया गया, तो प्रायोगिक टीके के परिणामस्वरूप मजबूत एंटीबॉडी प्रतिक्रियाएं हुई।

**परेशानी** *बाढ़ से जनजीवन पर व्यापक असर*

# लीबिया में बाढ़ से 38,640 से अधिक लोग हुए विस्थापित

त्रिपोली, (एजेंसियां)। पूर्वोत्तर लीबिया में भूमध्यसागरीय तूफान डेनियल के कारण आयी भारी बाढ़ के बाद सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में 38,640 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। यह जानकारी इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) ने शुक्रवार को दी। आईओएम ने एक बयान में कहा कि अकेले बंदरगाह शहर डर्ना में 2 हजार 217 इमारतें नष्ट हो गईं। यह शहर दशकों में आयी लीबिया की सबसे भीषण बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है।

लीबिया की हाउसिंग एंड यूटिलिटीज प्रोजेक्ट्स कार्यान्वयन एजेंसी ने शुक्रवार को खुलासा किया कि बाढ़ ने लगभग 5 हजार घरों को नुकसान पहुंचाया है। इसमें कहा गया है कि बाढ़ ने जल आपूर्ति नेटवर्क को भी बर्बाद कर दिया है, जिससे प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को पीने के पानी की गंभीर कमी हो गई है।

आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि बाढ़ ने अब तक कम से कम 5 हजार 500 लोगों की जान ले ली है और 10 हजार अन्य लापता हो गए हैं। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा सेवाओं ने शुक्रवार को डेर्ना में बरामद शवों की तस्वीरें लेने के बाद उन्हें सामूहिक रूप से दफनाना जारी रखा और शहर के सरकारी अभियोजक पीड़ितों के डीएनए नमूनों के संग्रह की निगरानी कर रहे हैं ताकि बाद में उनके रिश्तेदारों द्वारा उनकी पहचान की जा सके।


स्पैनिश मानवीय सहायता कार्यकर्ता स्टील कैविलो ने डर्ना में विनाश की सीमा पर भय व्यक्त किया और कहा कि अब जीवित बचे लोगों को खोजने की उम्मीद धूमिल हो रही है। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र के निदेशक हैदर अल-सईह ने प्रभावित क्षेत्रों में शव सड़ने लगे तो शुक्रवार को बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों को तत्काल खाली करने का आह्वान किया। अल-सयाह के मुताबिक पीने के पानी को सीवेज के पानी में मिलाने के बाद डर्ना में जल प्रदूषण के 55 मामले सामने आए हैं।

डेरना के निवासी ओसामा मोहम्मद ने कहा कि शहर के 40 प्रतिशत हिस्से में बिजली नहीं है। लीबिया के सामाजिक कार्यकर्ता सुलेमान अल-मबरुक ने कहा, दूरसंचार कमजोर है, पीने का पानी नहीं है और शहर में केवल दो बेकरियां काम कर रही हैं।

# खेल जगत

## विश्व कप टीम के साथ कठिन निर्णय लेना होगा : बटलर

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने स्वीकार किया है कि जेसन रॉय और संभवतः जो रूट को अगले सप्ताह आयरलैंड के खिलाफ वनडे टीम में शामिल किया जा सकता है, क्योंकि इंग्लैंड भारत में 5 अक्टूबर से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले अपने अनुभवी खिलाड़ियों को फॉर्म हासिल करने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करना चाहता है। विश्व कप टीम में रॉय का स्थान संदेह के घेरे में दिखाई दे रहा था क्योंकि पीठ की ऐंठन के कारण उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला जीत में भाग लेने से रोक दिया गया था। अपनी फिटनेस साबित करने के लिए उन्हें आयरलैंड के खिलाफ अगले हफ्ते होने वाले एकदिवसीय मैचों के लिए टीम में शामिल किया जा सकता है, क्योंकि इंग्लैंड को 28 सितंबर से पहले विश्व कप 15 की पुष्टि करनी होगी।



# सिराज के गेंद से 'छक्के' से भारत ने आठवीं बार जीता क्रिकेट एशिया कप

■ भारत ने फाइनल में श्रीलंका को दी दस विकेट से करारी शिकस्त




सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली। 29 बरस के नौजवान तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (6/21) के गेंद से %छक्के' तथा इशान किशन और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी की असमाप्त अर्द्धशतकीय भागीदारी की बदौलत भारत ने पिछले विजेता श्रीलंका को वन डे एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में उसके ही कोलंबो के प्रेमदास स्टेडियम में रविवार को दस विकेट से हरा कर खिताब जीत लिया। भारत ने कुल सबसे ज्यादा आठवीं बार खिताब जीत कर यह साबित किया कि वह एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीम है। भारत ने सात बार एशिया कप वन डे फॉर्मेट में एक बार टी-20 फॉर्मेट में जीता। भारत के लिए अब से तीन हफ्ते बाद अपने घर में होने वाले वन डे क्रिकेट विश्व कप से पहले बहुत हौसला बढ़ाने वाली है। भारत के लिए इस खिताबी जीत के साथ सबसे बड़ी खुशखबरी चोट और ऑपरेशन के बाद फिट होकर विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल की शानदार वापसी है ही तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भी यह साबित किया कि वह वन डे विश्व कप के बड़े इम्तिहान के लिए भी तैयार है। मोहम्मद सिराज ने नई गेंद से रफ्तार के साथ धार दिखाकर इस बहस को भी खत्म कर दिया कि भारत ने उन्हें अनुभवी जसप्रीत बुमराह के साथ नए गेंद से गेंदबाजी के लिए मोहम्मद शमी की बजाय क्यो तरजीह थी।

मैन ऑफ द' मैच भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (6/21) ने बेहतरीन स्विंग गेदबाजी की बानगी दिखा अपने वन डे करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी कर %छक्का' जड़ उपकप्तान हार्दिक पांडया (3/3) के साथ मिलकर टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने वाली श्रीलंका को 15.2 ओवर में मात्र 50 रन पर ढेर कर उसकी फाइनल में जीत की नींव रख दी थी। मोहम्मद सिराज का गेंदबाजी का पहला स्पैल रहा 7-1-21-6। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की श्रीलंका के बल्लेबाजों को आगे आकर खिलाने की रणनीति कारगर रही। सिराज की यह गेंदबाजी एशिया कप फाइनल में यह किसी भी गेंदबाज का दूसरा सर्र्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है। फाइनल बारिश होने के कारण 40 मिनट देर से जरूर शुरू हुआ लेकिन सिराज के गेंद से कहर ने इसकी कमी कतई खलने नहीं दी। सिराज ने सबसे वन डे अंतराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज 50 विकेट पूरे किए। जवाब में इशान किशन और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी की 6.1 ओवर में 51 रन की अटूट भागीदारी की बदौलत भारत ने बिना कोई विकेट खाए यह फाइनल जीत लिया। इशान किशन 18 गेंद खेल कर तीन चौकों की मदद से 23 तथा शुभमन गिल 19 गेंद खेल कर छह चौकों की मदद से 27 रन बनाकर अविजित रहे।

भारत को पहली कामयाबी उसके तुरुप के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपनी मैच की तीसरी कोण बनाती गेंद पर कुशल परेरा(0) को विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों करा कर दिलाई थी। भारत के लिए श्रीलंका के खिलाफ सभी दस विकेट उसके तेज गेंदबाजों ने हासिल किए। श्रीलंका के मात्र दो बल्लेबाज दहाई के अंकों में पहुंच पाए विकेटकीपर कुशल मेंडिस (17 रन, 34 गेंद, तीन चौके) और दुशन हेमंत (अविजित 13 रन, 15 गेंद, एक चौका)। श्रीलंका की पारी में कुल पांच चौके लगे। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने बेहतरीन स्विंग गेदबाजी की बानगी पेश कर 16 गेंदों में पांच विकेट चटका कर मात्र 5.4 ओवर श्रीलंका के मात्र 12 रन पर छह विकेट चटका कर टॉस जीतने के फैसले को गलत साबित कर उसकी बल्लेबाजी की कमर ही तोड़ दी। मोहम्मद सिराज ने अपने दूसरे तथा श्रीलंका की पारी की चौथे ओवर में विकेट की झड़ी लगा- पहली ऑफ स्टंप पर गिर जरा बाहर जाती गेंद पर सलामी बल्लेबाज पथुम निशांका(2) को पुश कर शार्ट मिड विकेट पर रवींद्र जडेजा के हाथों कैच कराया, सिदारा समरविक्रमा(0) उनकी तीसरी ऑफ स्टंप पर गिर भीतर आती गेंद को खेलने से चूके और एलबीडब्ल्यू आउट हुए, चरित असालंका ने उनकी ऑफ स्टंप पर गिर जरा बाहर निकली गेंद पर खड़े खड़े बल्ला चलाया सीधे कवर पर खड़े इशान किशन(0) को कैच थमाया और धनजंय डिसिल्वा (4) उनकी गेंद गुडलेंग्थ गेंद को अपने शरीर से दूर खेलने की कोशिश में विकेटकीपर केएल राहुल को कैच करा अपने इस ओवर में चार विकेट चटका कर श्रीलंका स्कोर चार ओवर में 12 रन कर दिया। बुमराह ने अगला ओवर मेडन फेंका और सिराज ने अपने तीसरे ओवर की चौथी गेंद पर कप्तान दसुन षणाका (0) को बोल्ड कर अपना पांचवां विकेट चटका श्रीलंका का स्कोर छह विकेट पर 12रन कर दिया।

कुशल मेंडिस (17) सिराज के पांचवें ओवर की चौथी गेंद ऑफ स्टंप पर गिर कर जरा बाहर निकली गेंद पर बल्ला चलाया लेकिन विकेटकीपर केएल राहुल कैच लपकने से चूक गए। मेंडिस (17 रन ,34 रन, तीन चौके) को मोहम्मद सिराज ने अपने अगले और छठे ओवर दूसरी ऑफ स्टंप पर गिर भीतर आती गेंद पर बोल्ड कर श्रीलंका का स्कोर सात विकेट पर 33 कर दिया। मोहम्मद सिराज का यह श्रीलंका की पारी में लगातार छठा विकेट था। उपकप्तान हार्दिक पांडया ने अपने दूसरे ओवर की चौथी गेद पर तेज बाउंसर पर दिनुथ वलालगे (8 रन,21 गेंद) को विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों कैच करा श्रीलंका का स्कोर 12.3 ओवर में आठ विकेट पर 40 रन कर दिया। श्रीलंका के स्कोर में दस रन और जुड़े थे कि हार्दिक ने अपने तीसरे ओवर की पहली ही गेंद पर प्रमोद मदुशन को पहली स्लिप में विराट कोहली के हाथों और अगली गेंद पर मतीशा पथिरना (0) को इशान किशन के हाथों कैच करा मात्र 15.2 ओवर में श्रीलंका की पारी मात्र 50 रन पर समेट दी।

## आपको वही मिलता है जो आपकी किस्मत में होता है : सिराज

'मैन ऑफ द' मैच भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने श्रीलंका के खिलाफ छह विकेट चटकाने के बाद कहा, मैं एकदम सहज रहा,। मैंने एकदम सही लाइन और लेंग्थ के साथ गेंदबाजी की। रविवार को मेरा श्रीलंका के खिलाफ छह विकेट चटकाना वाकई सपने की तरह था। मैंने पिछली बार श्रीलंका के खिलाफ तिरुवनंतपुरम में शुरू में जल्दी चार विकेट लिए थे लेकिन पांच विकेट नहीं चटका पाया था। मैंने अहसास किया कि आपको वही मिलता है जो आपकी किस्मत में होता है। मुझे लगा कि आज यानी रविवार को मुझे छह विकेट मिलना तय ही था। मुझे एशिया कप के पहले मैचों में ज्यादा स्विंग नहीं मिली थी लेकिन रविवार को मुझे स्विंग मिली। मैं बल्लेबाज को हर गेंद खिलाना चाहता था। मेरे लिए यह खासा संतोषजनक रहा कि मैंने आउटस्विंगर पर विकेट मिले क्योंकि आमतौर पर मैं वॉबल(डगमगाती) सीम गेंदों पर विकेट लेता हूं।

## युवा शूटिंग सितारे ऐश्वर्या-मेहुली अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। निशानेबाजों ने एशियाई खेलों के इतिहास में नौ स्वर्ण सहित 57 पदक जीतकर भारत के लिए संयुक्त रूप से दूसरे सबसे अधिक पदक अर्जित किए हैं। यह मुक्केबाजी के समान ही है, जिसने महाद्वीपीय प्रतियोगिता में भारत के लिए नौ स्वर्ण सहित 57 पदक जीते हैं। हालाँकि, 70 के दशक में कर्णी सिंह और रणधीर सिंह की ट्रैप में शुरुआती सफलता के विपरीत, शूटिंग में भारत की प्रोफ़ाइल पिछले कुछ दशकों में पिस्तौल, एयर राइफल और शॉटगन के विभिन्न वर्गों में सफलता के साथ बढ़ी है। रणधीर सिंह एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय निशानेबाज थे और इस विरासत को जसपाल राणा, गगन नारंग, समरेश जंग, विजय कुमार, सोमा दत्ता, अंजलि भागवत और राही सरनोबत जैसे खिलाड़ियों ने जारी रखा। जकार्ता में 2018 खेलों में निशानेबाजों की एक युवा पीढ़ी ने विरासत को आगे बढ़ाया जब 16 साल और 101 दिन की उम्र में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में जीत हासिल करके सौरभ चौधरी खेलों में भारत के सबसे कम उम्र के स्वर्ण पदक विजेता बने। विश्व चैंपियनशिप और विश्व कप में युवा भारतीय निशानेबाजों की हालिया प्रगति को देखते हुए, भारत को चीनी शहर हांगझाऊ में 23 सितंबर से शुरू होने वाले एशियाई खेलों में निशानेबाजों से अच्छे पदकों की उम्मीद करनी चाहिए। हालांकि भारतीय निशानेबाज राष्ट्रमंडल खेलों की तरह एशियाई खेलों में बड़ी उपलब्धि की उम्मीद नहीं कर सकते हैं, फिर भी यह पर्याप्त होनी चाहिए क्योंकि हांगझाऊ में अच्छा प्रदर्शन भारत की हालिया सफलता में एक और पंख जोड़ देगा।

## स्वर्ण पदक हॉकी पुरुष, महिला टीमों को पेरिस ओलम्पिक 2024 में जगह दिलाएगा

**मुंबई,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। एशियाई खेलों में फील्ड हॉकी प्रतियोगिताओं में हमेशा एक अतिरिक्त आभा होती है क्योंकि विजेता को स्वर्ण पदक प्राप्त करने के अलावा अगले ओलंपिक खेलों में भी सीधे जगह मिलती है। आमतौर पर दो ओलंपिक खेलों के बीच में आयोजित होने वाली एशियाई खेलों की फील्ड हॉकी प्रतियोगिता न केवल विजेता को महाद्वीप में सर्वोच्चता प्रदान करती है, बल्कि ओलंपिक के लिए शीघ्र योग्यता का अतिरिक्त लाभ भी देती है, इस प्रकार मेगा इवेंट की योजना बनाने और तैयारी करने का मौका मिलता है। 23 सितंबर को चीन के हांगझाऊ में शुरू होने वाले 19वें एशियाई खेलों में महिला और पुरुष हॉकी प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक विजेता अगले साल के पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए अपनी जगह पक्की कर लेंगे और मेजबान फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के साथ चौथे स्थान पर रहेंगे। हांगझाऊ दोनों भारतीय टीमों के



लिए एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि प्रतियोगिता ब्लू में पुरुषों और महिलाओं को यह पुष्टि करने का मौका देती है कि कुछ साल पहले टोक्यो ओलंपिक में सफलता कोई तुक्का नहीं थी। टोक्यो में, भारतीय पुरुष टीम ने ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता - चार दशकों में ओलंपिक में देश का पहला पदक। महिलाओं ने भी खुद को गौरवान्वित महसूस किया और टीम चौथे स्थान पर रही और कांस्य पदक से मामूली अंतर से चूक गई। इस प्रकार, हांगझाऊ में पुरुष और महिला वर्ग में 12-टीम प्रतियोगिताओं के पास पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी जगह पक्की करने और साथ ही टोक्यो 2020 के बाद से अपनी किस्मत में उछाल को बनाए रखने का मौका होगा। हांगझाऊ में हॉकी प्रतियोगिताएं गोंगशू कैनाल स्पोर्ट्स पार्क स्टेडियम में आयोजित की जाएंगी, जिसमें पुरुषों की प्रतियोगिता में 12 और महिलाओं की प्रतियोगिता में 10 टीमें भाग लेंगी। उनकी वर्तमान ताकत को देखते हुए, विश्व नंबर 3 भारतीय पुरुष टीम एशियाई खेलों का खिताब जीतने के लिए पसंदीदा है, जो दक्षिण कोरिया के इंचियोन में 2014 संस्करण के बाद उनका पहला महाद्वीपीय स्तर का खिताब होगा, जब उन्होंने स्वर्ण जीतने के लिए चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को पेनल्टी शूट-आउट में हराया था।

## सार संक्षेप

### प्रीमियर लीग : ब्राइटन ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को 3-1 से चौंकाया

**लंदन।** मैनचेस्टर यूनाइटेड का 2023-24 सीजन बद से बदतर होता जा रहा है और प्रीमियर लीग में सीजन की उनकी तीसरी हार हो गई, क्योंकि ब्राइटन एंड होव अल्बियन एफसी ने शनिवार को मैनचेस्टर में उन्हें 3-1 से हरा दिया। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने जबरदस्त आक्रमण के साथ शुरुआत की और मैच की शुरुआत में कुछ करीबी शॉट देखे, लेकिन ओल्ड ट्रैफर्ड में गोल करने में असफल रहे। इसके बाद उन्होंने मैच के 20वें मिनट में शुरुआती गोल स्वीकार कर लिया, पूर्व यूनाइटेड स्ट्राइकर डैनी वेलबेक ने डिफेंस को चकनाचूर कर दिया और मैच का पहला गोल किया। हालाँकि, यूनाइटेड के लिए बहुत देर नहीं हुई थी क्योंकि क्लब के लिए अपना पहला मैच खेल रहे रामसुज होजलुंड बराबरी कर सकते थे लेकिन रेफरी ने गोल को अस्वीकार कर दिया। रॉबर्ट डी ज़ेब्री के शक्तिशाली वोल्व्स ने दूसरे हाफ में पूरी तरह से आगे बढ़कर अपना दबदबा बनाए रखा और दूसरे हाफ की शुरुआत में ही दो हमले किए। पास्कल ग्रॉस और जोआओ पेड्रो ने शानदार गोल किए जिससे ब्राइटन को 3-0 की बढ़त मिल गई, और यूनाइटेड के समर्थक दर्शकों में निराशा बढ़ गई। केवल 18 मिनट शेष रहने पर, युनाइटेड के प्रतिस्थापन हैनिबल मेजब्री एक सांत्वना गोल करने में सफल रहे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

### चानू की नजर पहले एशियाड पदक पर

नई दिल्ली। भारत की टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू और बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन अचिंता शूली 23 सितंबर को चीन के हांगझाऊ में शुरू होने वाले एशियाई खेलों के लिए चार सदस्यीय भारतीय भारोत्तोलन टीम में शामिल होंगी। चानू जहां 49 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी, वहीं शूली 73 किग्रा वर्ग में नजर आएंगी। टीम में बिंद्यारानी देवी भी शामिल हैं, जिन्होंने 2021 कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था।

## न्यूजीलैंड वनडे सीरीज के लिए बंगलादेश ने प्रमुख खिलाड़ियों को दिया आराम

**ढाका।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने इस महीने के अंत में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान में पहले दो एकदिवसीय (वनडे) के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम का एलान किया है। जिसमें उसने अपने महत्वपूर्ण खिलाड़ियों को आराम देने का फैसला किया है।

आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 को ध्यान में रखते हुए बंगलादेश ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले दो वनडे मैचों के लिए अपने महत्वपूर्ण खिलाड़ियों को आराम दिया है। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि शाकिब अल हसन की अनुपस्थिति में लिटन दास बंगलादेशी टीम की कप्तान का भार संभालेंगे। जिन खिलाड़ियों को आराम दिए गए उनमें मुश्फिकुर रहीम, मेहदी हसन मिराज और तस्कीन अहमद, हसन महमूद और शोरफुल इस्लाम की पेस बैटरी शामिल हैं। इन खिलाड़ियों को आराम दिए जाने के बावजूद बंगलादेश टीम को तमीम इकबाल, महमूद उल्लाह, सौम्य सरकार और नुरुल हसन सोहन की वापसी से अनुभव की कोई कमी नहीं होगी। बंगलादेशी टाइगर्स में तीन अनकैप्ड खिलाड़ियों को टीम में जगह दी है जिनमें साउथपॉ जाकिर हसन, तेज गेंदबाज खालिद अहमद और लेग स्पिनर रिशाद हुसैन हैं। तीनों खिलाड़ी एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान डेब्यू के लिए उतारे जा सकते हैं। नईम शेख, अफीफ हुसैन और शमीम हुसैन एशिया कप टीम के दुर्भाग्यशाली खिलाड़ी थे।




बंगलादेशी टीम में जिन खिलाड़ियों का जगह मिली है उनमें लिटन दास (कप्तान), तमीम इकबाल, सौम्य सरकार, अनामुल हक, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह, नुरुल हसन सोहन, महेदी हसन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन, तनजीद हसन, जाकिर हसन, रिशाद हुसैन, खालिद अहमद हैं।

## डायमंड लीग फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे नीरज चोपड़ा

**यूजीन (अमेरिका)।** मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा डायमंड लीग 2023 फाइनल में भाला फेंक स्पर्धा में 83.80 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर रहे। नीरज ने पिछले साल इतिहास रचा था क्योंकि वह डायमंड लीग ट्रॉफी जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। हालाँकि, वह शनिवार देर रात हेवर्ड फील्ड में खिताब बरकरार रखने में असमर्थ रहे। 2016 और 2017 में पूर्व डायमंड लीग चैंपियन, चेक गणराज्य के जैकब वाडलेच ने 84.24 मीटर के प्रभावशाली थ्रो के साथ अपनी तीसरी चैंपियनशिप हासिल की।

89.94 मीटर का भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड रखने वाले 25 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल इसी स्थान पर 88.13 मीटर के प्रयास के साथ विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था। नीरज ने अपने पहले प्रयास में फाउल से शुरुआत की। वह अपने दूसरे थ्रो में 83.80 मीटर के साथ वाडलेच के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए, जिन्होंने 84.01 मीटर के प्रयास के साथ शुरुआत की थी।




तीसरे प्रयास में 81.37 मीटर थ्रो और उसके बाद नीरज के एक और फाउल ने वाडलेच को बढ़त बनाए रखने की अनुमति दी, जबकि वाडलेच पहले चार प्रयासों में सिर्फ एक वैध थ्रो ही फेंक पाए। टोक्यो 2020 के रजत पदक विजेता वाडलेच ने इस साल दूसरी बार नीरज चोपड़ा को हराने के अंतिम प्रयास के साथ रात का अपना सर्वश्रेष्ठ अंक हासिल किया। वाडलेच ने पिछले महीने ज्यूरिख डायमंड लीग में भी नीरज चोपड़ा को हराया था। फाइनल के रास्ते में, नीरज 2023 डायमंड लीग श्रृंखला के दोहा और लुसाने चरण में विजयी हुए, लेकिन ज्यूरिख में उन्हें दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा।

## डेविस कप में जीत के साथ बोपन्ना की विदाई, भारत 4-1 से जीता

**लखनऊ।** रोहन बोपन्ना ने रविवार को यहां डेविस कप विश्व ग्रुप -2 के युगल मुकाबले में अपने जोड़ीदार युकी भांबरी के साथ मोरक्को के खिलाफ जीत दर्ज कर प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अपने शानदार करियर को अलविदा कर दिया वहीं सुमित नागल और दिग्विजय प्रताप सिंह ने अपने प्रतिद्वंदियों को घुटनों पर बैठा कर अपने सीनियर के विदाई टूर्नामेंट को यादगार बना दिया। भारत इसके साथ मोरक्को के खिलाफ 4-1 से जीत दर्ज कर अगले साल होने वाले विश्व ग्रुप एक के प्ले आफ में पहुंच गया है।

विजयंतखंड स्टेडियम के हार्ड कोर्ट पर बोपन्ना और युकी भांबरी ने एकतरफा मुकाबले में मोरक्को के इलियट बेनचेट्रिट और यूनुस लालामी लारौसी की जोड़ी को सीधे सेटों में 6-2,6-1 से हरा दिया जबकि शीर्ष वरीय सुमित नागल ने रिवर्स सिंगल में यासीन डिलिमी को 6-3,6-3 से हरा कर डेविस कप ग्रुप-2 अभियान में भारत की जीत का मार्ग प्रशस्त कर दिया। बाद में दिग्विजय सिंह ने आहूदा वलीद को 6-1,5-7,10-6 से हरा कर जीत के फासले को 4-1 कर दिया। नागल ने इससे पहले शनिवार को मोरक्को के प्रतिद्वंदी एडम माउंडिर को सीधे सेटों मे हराया था हालांकि शशिकुमार मुकुंद मोरक्को के यासीन डिलिमी के खिलाफ मैराथन एकल मुकाबले में उमस से हार मान कर मुकाबले से हट गये थे जिसके चलते डिलिमी को उस मैच में जीत मिली थी। यह दूसरा मौका है जब नागल ने डेविस कप के किसी मुकाबले में अपने दोनों एकल मैच जीते। इससे पहले उन्होंने 2019 में कजाखस्तान में पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए मुकाबले में यह कारनामा किया था। इस जीत से भारत अगले साल होने वाले विश्व ग्रुप एक के प्लेऑफ में पहुंच गया है। 43 वर्षीय रोहन बोपन्ना का डेविस कप करियर में यह आखिरी मुकाबला था। उन्होने अपने जोड़ीदार युकी भांबरी के साथ विजयंत खंड हार्ड कोर्ट में खेले गये मैच में मोरक्को के खिलाड़ियों के पांव जमने से पहले ही उखाड़ दिये। अमेरिकी ओपन में युगल वर्ग का फाइनल खेल कर लखनऊ आये विश्व के नंबर सात खिलाड़ी ने कोर्ट में अपने अनुभव का भरपूर इस्तेमाल किया और एक घंटे 11 मिनट तक चले मैच में अपने प्रतिद्वंदियों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया।




जीत के बाद कोर्ट पर मौजूद प्रशंसकों ने खड़े होकर ताली बजाते हुये उनको विदाई दी। भावुक बोपन्ना ने कोर्ट पर भारतीय टीम की जर्सी उतार कर डेविस कप को अलविदा कहा। भारत के उम्रदराज खिलाड़ी ने डेविस कप के करियर के दौरान 13 युगल मुकाबलों समेत कुल 33 मैच खेले जिनमें से 23 में उनके खाते में जीत आयी। इस मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी कमजोर दिख रही मोरक्को पर पूरी तरह हावी रहे। मोरक्को के खिलाड़ी अपनी सर्विस बचाने के लिये संघर्ष करते नजर आये। भारत ने पहला सेट मात्र 34 मिनट में अपने नाम किया जबकि दूसरे सेट में भी मामूली संघर्ष के बाद मोरक्को ने घुटने टेक दिये।

## सुडोकू 6320 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 6 | 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 7 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 5 | 6 | 8 | 1 | 7 | 3 | 9 |
| 6 | 1 | 8 | 3 | 9 | 7 | 4 | 5 | 2 |
| 3 | 9 | 7 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 9 | 7 | 2 | 1 | 3 | 5 | 6 | 4 | 8 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 6 | 8 | 9 | 2 | 1 |
| 8 | 6 | 1 | 2 | 4 | 9 | 3 | 7 | 5 |



# सोयाबीन की खेती करने का तरीका



सोयाबीन की खेती के लिए गर्म और नम जलवायु की आवश्यकता होती है। सोयाबीन की खेती के लिए उपयुक्त मिट्टी, जलवायु और तापमान ) सोयाबीन की अच्छी पैदावार के लिए चिकनी दोमट मिट्टी की आवश्यकता होती है। हल्की रेतीली मिट्टी में इसकी खेती को नहीं करना चाहिए । इसकी खेती में भूमि उचित जल निकासी वाली होनी चाहिए, तथा भूमि का पी.॥ मान । के मध्य होना चाहिए। उष्ण जलवायु को सोयाबीन की खेती के लिए उपयुक्त माना जाता है। सोयाबीन के पौधे गर्म और नम जलवायु में अधिक पैदावार देते है। इसकी खेती के लिए अधिक वर्षा की आवश्यकता नहीं होती है। सोयाबीन के पौधे सामान्य तापमान में अधिक उत्पादन देते है। इसके बीजो को अंकुरित होने के लिए 20 डिग्री तापमान की आवश्यकता होती है, तथा उच्च तापमान में इसके बीज अच्छे से पकते है ।

सोयाबीन के खेत को तैयार करने के लिए सबसे पहले खेत की मिट्टी पलटने वाले हलो से गहरी जुताई कर दी जाती है। इससे खेत में मौजूद पुरानी फसल के अवशेष पूरी तरह से नष्ट हो जाते है । जुताई के बाद खेत को कुछ दिन के लिए ऐसे ही खुला छोड़ दे । खेत की पहली जुताई के बाद खेत में 20 से 25 गाड़ी पुरानी गोबर की खाद को प्रति हेक्टेयर के हिसाब से देना होता है। इसके बाद खेत की दो से तीन तिरछी जुताई कर दी जाती है, इससे खेत की मिट्टी में गोबर की खाद अच्छे से मिल जाती है। गोबर की खाद को मिट्टी में मिलाने के पश्चात् उसमे पानी लगाकर पलेव कर दिया जाता है। पलेव के पश्चात् जब खेत की मिट्टी सूख जाये, तब एक बार फिर से खेत की जुताई कर दे । इससे खेत की मिट्टी भुरभुरी हो जाएगी । मिट्टी के भुरभुरा होने के बाद उसमे पाटा लगाकर खेत को समतल कर दे । इससे खेत में जलभराव नहीं होगा । सोयाबीन की खेती में यदि आप रासायनिक खाद का इस्तेमाल करना चाहते है, तो उसके लिए आपको प्रति हेक्टेयर के हिसाब से 40 केजी पोटाश, 60 केजी फास्फोरस, 20 केजी गंधक और 20 केजी नाइट्रोजन की मात्रा का छिड़काव खेत की आखरी जुताई के समय करना होता है ।

**सोयाबीन के बीजो की रोपाई का सही समय और तरीका**

सोयाबीन के बीजो की रोपाई बीज के रूप में की जाती है । इसके बीजो की रोपाई के लिए एक हेक्टेयर के खेत में छोटे आकार वाले दाने तक़रीबन 70 केजी, मध्यम आकार के 80 के.जी., तथा बड़े आकार वाले 100 के.जी. दानो की आवश्यकता होती है ।

सोयाबीन के बीजो की रोपाई समतल खेत में मशीन द्वारा की जाती है । इसके लिए खेत में 30 सीएम की दूरी रखते हुए पंक्तियों को तैयार कर लिया जाता है, तथा बीजो को रोपाई 2 से 3 सीएम की गहराई में की जाती है। बीज रोपाई से पूर्व उन्हें केप्टान, थीरम, कार्बेन्डाजिम या थायोफेनेट मिथीईल की उचित मात्रा का मिश्रण बनाकर उपचारित कर लिया जाता है। इससे बीज अंकुरण के समय उन्हें रोग लगने का खतरा कम हो जाता है। सोयाबीन के बीजो की रोपाई के लिए जून और जुलाई का महीना उपयुक्त माना जाता है ।

**सोयाबीन के खेत की सिंचाई** – सोयाबीन के बीजो की रोपाई बारिश के मौसम में की जाती है, इसलिए इसकी फसल को आरम्भ की सिंचाई की आवश्यकता नहीं होती है । यदि बारिश समय पर नहीं होती है, और फसल में पानी की कमी लगने पर खेत में पानी लगा देना चाहिए । इसके बाद जब वर्षा का मौसम समाप्त हो चुका हो उस दौरान सोयाबीन के पौधों को सप्ताह में बार पानी अवश्य दे । इसके बाद जब पौधों पर फलिया आना आरम्भ कर दे, उस समय पौधों पर नमी बनाये रखने के लिए हल्की-हल्की सिंचाई को जरूरत के हिसाब से करते रहना होता है । इससे पैदावार अधिक मात्रा में प्राप्त होती है ।

**सोयाबीन के पौधों पर खरपतवार नियंत्रण** – सोयाबीन के पौधों पर खरपतवार नियंत्रण के लिए रासायनिक और प्राकृतिक दोनों ही विधियों का इस्तेमाल किया जाता है 7 प्राकृतिक तरीके से खरपतवार नियंत्रण के लिए निराई-गुड़ाई की जाती है। इसके पौधों की प्रारंभिक गुड़ाई पौधा रोपाई के 20 से 25 दिन बाद की जाती है, तथा बाद की गुड़ाइयो को भी 20 दिन के अंतराल में करना होता है इसके अलावा यदि आप रासायनिक विधि द्वारा खरपतवार पर नियंत्रण करते है, तो उसके लिए आपको प्रति हेक्टेयर के हिसाब से मेटोलाक?लोर, इमेजेथापायर और क्यूजेलेफोप इथाइल की उचित मात्रा का छिड़काव फसल रोपाई के पश्चात करना होता है । इसके अतिरिक्त फ्लुक्लोरोलिन या ड्राइफ्लोरालिन की उचित मात्रा का छिड़काव खेत में बीज रोपाई से पहले करे ।

**सोयाबीन के पौधों पर लगने वाले रोग एवं उनकी रोकथाम** – पत्ती धब्बा का रोग सोयाबीन के पौधों पर नयी और पुरानी दोनों ही पत्तियों में देखने को मिल जाता है । इस रोग से प्रभावित पौधों की पत्तियों पर छोटे आकर के धब्बे दिखाई देने लगते है, जिससे पूरी पत्ती पीले रंग की दिखाई देने लगती है, तथा कुछ समय पश्चात ही पत्ती सूखकर गिर जाती है । इस रोग से प्रभावित सोयाबीन के पौधों पर कार्बेन्डाजिम या थायोफिनेट मिथाइल की उचित मात्रा का छिड़काव किया जाता है ।

**फली झुलसन**– इस क़िस्म का रोग सोयाबीन के पौधों पर फूल से फल बनने के समय देखने को मिलता है । यह रोग पैदावार को अधिक प्रभावित करता है । इस रोग से प्रभावित पौधों के तनो, फूल और फलियों पर भूरे व् लाल रंग के आसामान्य आकार के धब्बे बनने लगते है 7 रोग से अधिक प्रभावित होने पर पत्तियों का सिरा पीला व् भूरा रंग का हो जाता है, तथा पत्तिया मुड़कर गिर जाती है । इस रोग से बचाव के लिए बीज रोपाई से पूर्व उन्हें केप्टान, थायरम और कार्बोक्सिन की उचित मात्रा से उपचारित कर ले । इसके अलावा यदि यह रोग फसल पर दिखाई देता है, तो जाइनेब या मेन्कोजेब का छिड़काव सोयाबीन के पौधों पर करे । **चारकोल रोट**– इस क़िस्म का रोग पौधों की जड़ो पर आक्रमण करता है। चारकोल रोट से प्रभावित पौधे की जड़े सड़कर गिरने लगती है, तथा कुछ समय पश्चात ही पौधा पूरी तरह से सूखकर नष्ट हो जाता है । इस रोग से बचाव के लिए सोयाबीन के पौधों पर कार्बोक्सिन और थायरम को 2:1 के अनुपात से मिलाकर पौधों पर छिड़काव कर दे । इसके अतिरिक्त ट्रायकोडर्मा विर्डी का उपयोग भी किया जा सकता है ।

**कामलिया कीट और तम्बाकू इल्ली**– सोयाबीन के पौधों पर लगने वाले यह दोनों ही रोग कीट के रूप में आक्रमण करते है । इस रोग की सुंडी पौधे के नाजुक अंगो तना, शाखाओ और पत्तियों पर आक्रमण कर उन्हें नष्ट कर देती है । यह रोग पैदावार को अधिक प्रभावित करता है । सोयाबीन के पौधों को इस रोग से बचाने के लिए इन्डोक्साकार्ब, रेनेक्सीपायर या प्रोपेनफास की उचित मात्रा का छिड़काव पौधों पर करना होता है।

**सोयाबीन के फसल की कटाई**

सोयाबीन की फसल बीज रोपाई के 90 से 100 दिन पश्चात उत्पादन देने के लिए तैयार हो जाती है । जब इसके पौधों पर लगने वाली पत्तियां पीली पड़कर गिरने लगती है, और फलियों का रंग भी भूरा दिखाई देने लगे उस दौरान फलियों को पौधों से काटकर अलग कर लिया जाता है। फलियों की कटाई के पश्चात उन्हें खेत में अच्छी तरह से सूखा लिया जाता है । इसके बाद सूखी हुई फलियों को थ्रेसर के माध्यम से अलग कर लिया जाता है । सोयाबीन के एक हेक्टेयर के खेत से 20 से 25 क्विंटल का उत्पादन प्राप्त हो जाता है।

# खेती की पैदावार बढ़ाएं कम्पोस्ट खाद से

कंपोस्ट खाद जैव कृषि का मुख्य घटक है। नम जैव पदार्थों का ढेर बनाकर कुछ काल तक प्रतीक्षा करना ताकि इसका विघटन हो जाय। गोबर व फ़सल के अवशेष,सब्ज़ियों के छिलकों व कूडा -करकट, मिट्टी को कुछ विशेष परिस्थितयों में रखकर तैयार की जाती है ।

कम्पोस्ट एक प्रकार की खाद है जो जैविक पदार्थों के अपघटन एवं पुन:चक्रण से प्राप्त की जाती है। विघटन क्रिया में दो तीन हफ़्ते लग सकते हैं । विघटन प्रक्रिया के बाद वह ह्यूमस में बदल जाता है। और कम्पोस्ट कहलाता है । कंपोस्ट खाद में पौधे के ज़रूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं। कंपोस्ट खाद के उपयोग से पौधे बड़ी तेज़ी से बढ़ते है। फलन अच्छी होती है। काम्पोस्ट खाद से तैयार अनाज की आज कल बाज़ार में बड़ी मांग है। सुपर मार्केट में जैविक खेती से तैयार आम अनाज से काफ़ी महंगा बिकता है। कंपोस्ट खाद के प्लांट लगाकर कंपोस्ट खाद उत्पादन बहुत से किसानों के लिए यह उनका प्राइमरी बिज़नेस बन गया है। खेती किसानी डॉट ओर्ग से सीईओ व फ़ाउंडर मिस्टर राम अनुनाकी मानते हैं कि कम्पोस्ट खाद व जैविक खेती के लगातार प्रयोग से हम उर्वरा खो चुकी बंजर धरती माँ को पुन:जीवित कर सकते हैं । अधिक से अधिक किसान भाई कंपोस्ट खाद का खेतों से प्रयोग करें ।

**आइए जानते हैं कंपोस्ट खाद के फायदे के बारें में –**

कंपोस्ट ख़ास बेहद सस्ती व बनाने में किसी विशेष तकनीक की ज़रूरत नही । कंपोस्ट खाद बनाने में बहुत कम ख़र्च आता है। कंपोस्ट खाद के बनाने में आवश्यक सामग्री हमारे आस पास ही मिल जाती है। कंपोस्ट खाद बनाने में उपयोग आने वाली सामग्री जैसे गोबर, फ़सल के अवशेष, घास-फूस, व अन्य घरेलू कचरे आदि हमें अपने घर के आस पास आसानी से व लगभग मुफ़्त मिल जाते हैं। कंपोस्ट खाद बनाने में किसी विशेष तकनीक की ज़रूरत नही होती है। कम पढ़ा लिखा किसान भी कम्पोस्ट खाद बड़ी आसानी से अपने घर पर बना लेगा।



पौधे कम्पोस्ट खाद से मिलने वाले पोषक तत्वों की सीधे अवशोषित करते हैं रासायनिक खादों से मिलने वाले पोषक तत्व को पौधे भले ना सीधे ग्रहण करते हों। किंतु कम्पोस्ट खाद से मिलने वाले पोषक तत्वों को पौधे बड़ी सरलता से ग्रहण करते हैं। जिससे पौधों की वृधि व बढ़वार जल्दी होती है। पौधे के लिए आवश्यक पोषक कम्पोस्ट खाद में मौजूद रहते हैं खेत में कम्पोस्ट खाद डालते ही जड़ों के द्वारा इसमें मौजूद पोषक तत्व पौधे को मिलते हैं। जिससे पौधा बड़ी तेज़ी से बढ़ते हैं। बढ़वार अच्छी होती है। जिसके परिणाम स्वरूप फ़सल की पैदावार अच्छी होती है। इसके साथ कंपोस्ट खाद से तैयार अनाज व सब्ज़ी उच्च गुणवत्ता वाली होती है। खेतों में कई साल तक कंपोस्ट खाद का प्रयोग करते रहने से मिट्टी की संरचना सुधरती है ।

मिट्टी का गठन सही होने से उसमें जल धारण की क्षमता बढ़ती है। जिससे पौधों की जल मांग में कमी आती है।

फ़सलों को बार बार पानी नही देना पड़ता है। जिससे सिंचाई कम करनी होती है। कंपोस्ट खाद सिंचाई में होने वाले ख़र्च को भी कम करता है।

रासायनिक खादों से लगातार प्रयोग से मिट्टी में पोषक तत्वों की मात्रा घटने घटने लगती है । ज़मीन धीरे बंजर होने लगती है। जबकि कंपोस्ट खाद व जैविक खेती करने से पोषक तत्व ज़मीन में स्थिर रहते हैं। कई साल लगातार जैविक खेती करने व कम्पोस्ट खाद के उपयोग से बंजर ज़मीन भी उपजाऊ हो जाती है। इस तरह आप बंजर ज़मीन को कंपोस्ट खाद से उपजाऊ बना सकते हैं। कम्पोस्ट खाद ईको फ़्रेंडली होती है। कम्पोस्ट खाद प्रकृति में मौजूद वस्तुओं के प्रयोग से बनायी जाती है। इसलिए इससे पर्यावरण को कोई नुक़सान नही पहुँचता। बल्कि रासायनिक खादों से मृदा व जल प्रदूषित हो जाते हैं। रासायनिक खादों से तैयार अनाज के प्रयोग से आज लोग बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। कंपोस्ट खाद से तैयार अनाज व सब्ज़ियों का स्वाद अच्छा होता है। साथ ही ये सेहतमंद बनाता है।

बाज़ार में आज हर खाने वाली चीज़ में रसायन मिला होता है। लोग रासायनिक खादों के बुरे परिणामों को जानते हुए भी ऐसे अनाजों व सब्ज़ियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। और बीमार रोग रहे हैं।

इसका बड़ा कारण यह है की उनके पास इसके अलावा कोई विकल्प नही नही है। जब आप बिना रासायनिक खादों की खेती करेंगे यानी जैविक खेती करेंगे । और कम्पोस्ट खाद का उपयोग कर अनाज व सब्ज़ियां व फल उगाएंगे । तो लोग अधिक पैसे देकर जैविक अनाज व जैविक सब्ज़ियां व जैविक फलों को ख़रीदेंगे। इससे आपको फ़सल का मुँह माँगा दाम मिलेगा। कंपोस्ट खाद के प्रयोग से मिट्टी से साथ साथ किसान का जीवन स्तर भी सुधरेगा।

# फ्रेंच बीन्स की खेती से अधिक लाभ कमाएं

फ्रेंच बीन की खेती मुख्य रूप से रबी के मौसम में की जाती है. फ्रेंच बीन्स की खेती और अधिक लाभ कमा सकें

बीन दो प्रकार की होती है एक झाड़ीनुमा दूसरी लतादार. फ्रेंच बीन की खेती भररत के महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, जम्मू और कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्यों में बड़े ही व्यापक स्तर पर की जा रही है. बीन्स की खेती हेतु उपयुक्त मिट्टी, जलवायु तथा तापमान के विषय के बारे में इस लेख में आपको जानकारी दी जा रही है. फ्रेंच बीन की खेती के लिए समशीतोष्ण और उष्णकटिबंधीय जलवायु सर्बोतम माना जाता है. फ्रेंच बीन के उत्तम विकास के लिए 18-24 डिग्री सेल्सियस तापमान की आवश्यकता होती है. **भूमि का चयन**– फ्रेंच बीन को सभी प्रकार की मिट्टी में उगाया जा सकता है. लेकिन फ्रेंच बीन की खेती से अच्छी पैदावार लेने के लिए उचित जल निकासी वाली और उर्वराशक्ति से भरपूर दोमट तथा हल्की दोमट भूमि को उपयुक्त माना जाता है. फ्रेंच बीन की अच्छी उपज के लिए मिट्टी का पी.एच. मान 5.5-6.5 के बीच होना चाहिए. **फ्रेंच बीन की झाड़ीनुमा और लतादार फ्रेंच बीन की निम्नलिखित किस्में है**

**फ्रेंच बीन के झाड़ीदार किस्में** – स्वर्ण प्रिया, अर्का संपूर्णा, आर्क समृद्धि, अर्का जय, पन्त अनुपमा, पूसा पार्वती, एच.ए.एफ.बी. – 2

फ्रेंच बीन खेती के बेलदार किस्म– स्वर्ण लता, अर्का कृष्णा, अर्का प्रसिद्धि, पूसा हिमलता, सी. एच. पी. बी. -1820

इनके अलावा फ्रेंच बीन की अन्य किस्में– अर्ककोमल, अर्कासुविदा, प्रीमियर, अर्का सुमन, दीपाली, कंकन बुशन, दसारा और फुले गौरी जैसी आदि किस्में मौजूद हैं **खेत की तैयारी** – फ्रेंच बीन की खेती के लिए पहली जुताई पलाऊ से करें ताकि पुरानी फसल के अवशेष के साथ खरपतवार भी नष्ट हो जाये. खेत की उर्वराशक्ति बढ़ाने के लिए पर्याप्त मात्रा में गोबर की खाद डालकर मिट्टी में मिलाकर खेत का पलेव कर दें. पलेव करने के बाद खेती की ऊपरी पार्ट सुख जाने पर खेत अच्छे जुताई कर मिट्टी को भुरभुरी और समतल कर लें. **बुवाई का समय** – फ्रेंच बीन की बुवाई का सबसे बढ़िया समय पहाड़ियों पर फरवरी-मार्च और मैदानी इलाकों में अक्टूबर-नवंबर होता है. **बीज की मात्रा और उपचार**– झाड़ीनुमा फ्रेंच बीन लिए 70-80 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर बीज की आवश्यकता होती है तथा लतादार झाड़ीनुमा फ्रेंच बीन लिए 40-45 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर दर से बीज की जरूरत होती है. बीज को फफूंदीनाशक रसायन कार्बेन्डाजिम, थीरम या गोमूत्र उपचारित करना चाहिए. जिससे मिट्टी से उत्पान बीमारियों से सुरक्षा मिलेगी.

**बुवाई का सही तरीका**– खेत तैयार करने के बाद फ्रेंच बीन की बुवाई के समय झाड़ीनुमा किस्म के लिए पंक्ति से पंक्ति 45-60 सें.मी. तथा बीज से बीज की दूरी 10-15 सें.मी. रखनी चाहिए. वही बेलदार किस्मों के लिए पंक्ति से पंक्ति दूरी 75-100 से.मी. और बीज से बीज की दूरी 24-30 सें.मी. होनी चाहिए. फ्रेंच बीन की बुवाई समतल खेत या उठी हुई मेड़ों या फिर क्यारियों में करते सकते लेकिन उठी हुई मेड़ों या क्यारियों में फ्रेंच बीन की बुवाई करने पर फसल की अच्छी बृद्धि और अच्छे उत्पादन के लिए बढ़िया माना जाता है.पौधों को सहारा देने का उचित प्रबंध करना चाहिए. बीज अंकुरण के लिए खेत में पर्याप्त नमी होनी चाहिए. **उर्वरण व खाद** – खेत की तैयारी करते समय 20-25 टन गोबर या कम्पोस्ट खाद प्रति हेक्टेयर की दार से खेत में डाले. रासायनिक खाद में 80-120 कि.ग्रा नाइट्रोजन, 50 कि.ग्रा. फास्फोरस और 50 कि.ग्रा. पोटाश की आवश्यकता पड़ती है इसकी बुवाई के समय. नाइट्रोजन की आधी मात्रा और फास्फोरस पोटाश की पूरी मात्रा बुवाई से पहले खेत में डालें।

# बथुआ की खेती और उससे लाभ

बथुआ की खेती करना अन्य फसलों की तुलना में आसान है. यह कम लगत और कम समय में अधिक मुनाफा देने वाली फसलों की श्रेणी में आती है. ठंडों में बथुआ की डिमांड बहुत अधिक होती है, जिसकी वजह से किसानो को इसकी फसल के अच्छे भाव भी मिल जाते है. इस फसल से कमाई देख किसान इसकी फसल को करने के लिए प्रेरित हो रहे है. अगर आप बथुआ की खेती करना चाहते है तो आप इस आर्टिकल को जरूर पढें ताकि बथुआ की खेती से सम्बंधित सभी जानकारी प्राप्त कर सके. इसकी खेती से और कोई जानकारी चाहते है तो आप हमे कम्मेंट कर सकते है. तो चलिए जानते है बथुआ की खेती कैसे करें. जानें

बथुआ अच्छा मुनाफा देने वाली फसल है. अगर किसान इसकी खेती को सूझबूझ से करें तो यह लाखों रुपये की कमाई भी करा सकता है. बथुआ की खेती की पूरी जानकारी नीचे दी गई है.

**बथुआ की खेती के लिए जलवायु**

बथुआ को ठण्ड के मौसम में उगाया जाता है क्योकि यह ठंढ के लिए काफी सहनशील है. अधिक तापमान होने पर इस पर जल्दी फूल लग जाते है. इसकी खेती के लिए औसतन तापमान 05-×0एष्ट के बीच होना चाहिए.

**बथुआ की खेती के लिए मिट्टी**

बथुआ की खेती सभी प्रकार की मिट्टी की जा सकती है परन्तु बलुई दोमट और दोमट इसकी खेती के लिए सबसे उपयुक्त मानी जाती है. बथुआ की खेती के लिए 4.5-8.× पीएच मान की आवश्यकता होती होती है.

**बथुआ की नयी किस्म**

बथुआ की मुख्यत: तीन किस्म पाई जाती है जिनमें चेनोपोडियम एलबम, विरिडी व चेनोपोडियम गिगेंटम परप्यूरियम. इनके अलावा ढ्ढष्ट्रक्र नई दिल्ली ने बथुआ की उन्नत किस्म पूसा बथुआ नं.1 विकसित किया है. इस किस्म के पौधों का रंग हरा व वैगनी होता है. यह बुवाई के करीब 40-50 दिनों में कटाई के लिए तैयार हो जाता है. करीब 150 दिनों में इसकी फसल तैयार हो जाती है.

**बथुआ की खेती के लिए खेत कैसे तैयार करें**– बथुआ की बुवाई के लिए खेत की प्रथम जुताई मिट्टी पलटने वाले हल से करें ताकि पुरानी फसल के अवशेष और खरपतवार नष्ट हो जाये. इसके बाद खेत की 2-× आड़ी-तिरछी जुताई कर मिट्टी को भुरभुरी बनाकर समतल कर लें. इसके बाद बथुआ की बुवाई कर दें.

**बथुआ की बुवाई कब करें**

बथुआ की बुवाई का सबसे उचित समय मध्य सितम्बर से अक्टूबर का महीना माना जाता है. इस महीने में बथुआ की बुवाई कर आपको इसकी अ'छी कीमत मिल सकती है.

**बथुआ की बुवाई के लिए बीज की मात्रा**– बथुआ की बुवाई के लिए एक से डेढ़ किलो बीज प्रति हेक्टेयर की दर से आवश्यकता होती है. **कैसे करें बथुआ की बुवाई**– बथुआ के लिए तैयार खेत में बथुआ की बुवाई छिड़काव विधि या मशीन से कर सकते है. छिड़काव विधि से बथुआ की बुवाई करने के लिए इसके बीजों को मिट्टी या गोबर के खाद में मिलकर 5-10 मिलीमीटर गहराई में बो सकते हैं. **बथुआ की फसल के लिए खाद और उर्वरक**– बथुआ की फसल के लिए खेत तैयार करते समय 15-20 टन प्रति हेक्टेयर की दर से गोबर की खाद डालें. रासायनिक खाद में एन.पी. के 500:50:50 किग्रा/हेक्टेयर की दर से खेत में डाले. बथुआ के पत्तों की पहली, दूसरी और तीसरी कटिंग के बाद तीन विभाजित खुराकों में टॉप-ड्रेसिंग के रूप में 50-60 किलोग्राम यूरिया प्रति हेक्टेयर की दर से खेत में डालें. कटाई के लिए पत्तियों की जल्दी विकास के लिए प्रत्येक कटाई के बाद 1त्न यूरिया और 0.5त्न माइक्रोन्यूट्रीएंट्स घोल (मल्टीप्लेक्स)



लगाएं

**बथुआ की खेती में कैसे करें सिंचाई**– बथुआ की बुवाई के तुरंत बाद खेत में सिचाई करें. बथुआ की फसल को अधिक पानी की आवश्यकता नहीं होती है. बथुआ की बुवाई से लेकर कटाई तक ×-4 बार सिंचाई की ज़रूरत होती है. आवश्यकतानुसार खेत की सिचाई करें.

**बथुआ की कटाई?**– बथुआ के बीज की बुवाई के लगभग 40-45 दिनों बाद बथुआ कटाई के लिए तैयार हो जाती है. हर 10 से 15 दिन के बाद आप इसके पत्तों की कटाई कर सकते है. लेकिन जब इसमें फूल आना शुरू हो जाये तो इसकी पत्तियों की कटाई ना करें, क्योंकि तब इसमें बीज बनने लगते हैं.

# करेला की खेती कब और कैसे करे

करेले की खेती सब्जी के रूप में की जाती है, इसके पौधे बेल की तरह होते है, जिस वजह से इसे बेल वाली फसल की श्रेणी में रखा गया है। भारत में करेले की सब्जी को लगभग सभी जगहों पर उगाया जाता है। करेले की सब्जी बहुत ही फायदेमंद मानी जाती है । इसे सब्जी के रूप में पकाकर खाने के अलावा करेले का जूस, करेले का अचार बनाकर भी इस्तेमाल में लाते है। करेले के जूस का सेवन करने से पेट संबंधित बीमारियो से छुटकारा मिल जाता है, तथा मधुमेह के उपचार में भी करेले का इस्तेमाल करते है ।

यह एक औषधीय पौधा होता है, और इसमें लगने वालो फलो का सेवन कर अनेक प्रकार की बीमारियो से छुटकारा पाया जा सकता है । करेले की खेती नम और गर्म जलवायु में की जाती है । यदि आप भी केरेले की खेती करना चाहते है, तो इस पोस्ट में आपको करेला की खेती कब और कैसे करे तथा करेले की खेती से लाभ के बारे में जानकारी दी जा रही है। करेले की खेती के लिए किसी खास तरह की मिट्टी की आवश्यकता नहीं होती है, इसे किसी भी उपजाऊ मिट्टी में आसानी से उगाया जा सकता है, लेकिन बलुई दोमट मिट्टी को इसकी खेती के लिए उपयुक्त माना जाता है । इसके अलावा भूमि उचित जल निकासी वाली होनी चाहिए । इसकी खेती में 6 से 8 मान वाली भूमि की आवश्यकता होती है । करेले की खेती में शुष्क और गर्म जलवायु की आवश्यकता होती है, गर्मियों के मौसम में इसकी पैदावार अच्छी प्राप्त होती है ।

इसके पौधे ठण्ड जलवायु को भी आसानी से सहन कर लेते है, किन्तु सर्दियों में गिरने वाला पाला पौधे को हानि पहुँचाता है । करेले के पौधे सामान्य तापमान पर अच्छे से विकास करते है, किन्तु बीजो को अंकुरित होने के लिए 20 डिग्री तापमान की आवश्यकता होती है । इसके पौधों को अच्छे से विकास करने के लिए उच्च तापमान की आवश्यकता होती है ।

**करेले की उन्नत क़िस्मे** – कम समय में अधिक पैदावार प्राप्त करने के लिए करेले की कई उन्नत किस्मो को तैयार किया गया है, जिसे उगाकर किसान भाई कम समय में अच्छा लाभ भी कमा रहे है। इसके अलावा कुछ क़िस्मे ऐसी भी है, जिन्हे अलग- अलग जलवायु और मिट्टी में उगाने के लिए तैयार किया गया है 7 इसलिए बीजो को खरीदते समय बीज के बारे में ठीक से जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिए 7 जिनकी जानकारी इस प्रकार है

**कोयम्बटूर लौग**– करेले की यह किस्म खासकर दक्षिण भारत में उगाई जाती है । इसके पौधे अधिक दूरी तक फैलते है, तथा इसके पौधों में फल भी अधिक मात्रा में लगते है । इस किस्म को तैयार होने में 67 से 80 दिन का समय लग जाता है, जिससे प्रति हेक्टेयर 40 क्विंटल का उत्पादन प्राप्त हो जाता है ।

**कल्याणपुर बारहमासी**– कल्याणपुर बारहमासी क़िस्म को चंद्रशेखर आज़ाद कृषि विश्वविद्यालय द्वारा पूरे वर्ष पैदावार प्राप्त करने के लिए तैयार किया गया है । करेले की यह क़िस्म 60 से 70 दिन में पैदावार देने के लिए तैयार हो जाती है । इसके पौधों को गर्मी और वर्षा दोनों ही जलवायु में उगाया जा सकता है । इसमें निकलने वाले फलो का रंग गहरा हरा होता है । एक एकड़ के खेत में तक़रीबन 60 से 6। क्विंटल का उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है ।

**हिसार सेलेक्शन**– इस क़िस्म को अधिकतर उत्तर भारत में उगाया जाता है ७ इसे पंजाब हरियाणा में अधिक पसंद किया जाता है । इसके पौधे कम फैलाव वाले होते है, जो एक एकड़ के खेत से 40 क्विंटल की पैदावार देते है ।

**पूसा विशेष**– पूसा विशेष क़िस्म बहुत ही कम समय में पककर तैयार हो जाती है७ इसके पौधे 70 से 60 दिन में फल देने लगते है । इस क़िस्म के पौधों पर निकलने वाले फल आकार में कम लम्बे और अधिक मोटे होते है । जिनका प्रति एकड़ उत्पादन 60 क्विंटल के आसपास होता है । इसके अतिरिक्त भी कई क़िस्मे है, जो अलग-अलग जलवायु के हिसाब से अधिक उत्पादन के लिए उगाई जाती है।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com



# 1857 की क्रान्ति के
# अमर शहीद हमारे महान जनजातीय नायक
# राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह
## को कृतज्ञ मध्यप्रदेश का कोटि-कोटि नमन

# बलिदान दिवस कार्यक्रम



मुख्य अतिथि

**शिवराज सिंह चौहान**

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

18 सितम्बर, 2023 | दोपहर 1:00 बजे

वेटनरी ग्राउंड, जबलपुर



## मध्यप्रदेश के संकल्पित प्रयास - आगे बढ़ता जनजातीय समाज

- वर्ष 2023-24 में **₹ 36950** करोड़ का बजट प्रावधान
- सभी जनजातीय विकासखंडों में **पेसा नियम** लागू
- गांवों में ही राशन की सुविधा के लिए **मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना**
- साहूकारों के कुचक्र से मुक्त कराने के लिए **साहूकारी अधिनियम संशोधन-2020**
- तेन्दूपत्ता संग्राहकों का पारिश्रमिक प्रति मानक बोरा **₹ 450** से बढ़ाकर **₹ 3000** और बोनस **50** प्रतिशत से बढ़ाकर किया **75** प्रतिशत
- अति पिछड़ी जनजातियों बैगा, सहरिया, भारिया के पोषण के लिए आहार अनुदान योजना में अब तक **₹ 1460** करोड़ की सहायता
- **सिकल सेल हीमोग्लोबिनोपैथी मिशन** के माध्यम से इस वंशानुगत बीमारी पर नियंत्रण और स्वास्थ्य की देखभाल
- प्रतिवर्ष 15 नबंवर को भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर **जनजातीय गौरव दिवस** मनाना प्रारंभ
- युवाओं के लिए **भगवान बिरसा मुंडा स्व-रोज़गार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना एवं मुख्यमंत्री अनुसूचित जनजाति विशेष वित्त पोषण जैसी योजनाएं** लागू

सीधा प्रसारण | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP | JansamparkMP

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस निधि मध्यप्रदेश में दान दें

QR CODE

**मध्यप्रदेश शासन**

D-11107/23

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2023